हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11 खेल




## राहुल द्रविड़ ने जीता दिल : बीसीसीआई से मिले अतिरिक्त बोनस को ठुकराया


Page 06 देश




## कोलकाता के राज्यपाल पर रेप का इल्जाम लगाने वाली डांसर ने कहा केस वापस नहीं...


शुक्ल पक्ष, शुक्ल षष्ठी, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • गुरुवार • 11 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 211 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹73, 200 | ₹94,500 |





## आज का इतिहास

- 1405 : चीनी खोजकर्ता झेंग हे ने 317 जहाजों के विशाल बेड़े का नेतृत्व किया, जो भारत के एक व्यापार मिशन पर था।
- 1889 : सोवा बाजार क्लब किसी फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने वाला पहला भारतीय दल बना।

## न्यूज बाइट्स

### मुस्लिम महिलाओं को भी मिलेगा गुजारा भत्ता

**पटना (नि. सं.)** । सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मुस्लिम महिलाओं के हक में अहम फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि धारा 125 के तहत अब मुस्लिम महिला भी तलाक के बाद गुजारा भत्ता पाने की हकदार है।

देश में डेंगू के बढ़ते मामलों पर केंद्र सरकार अलर्ट, स्वास्थ्य मंत्रालय ने बनाया मास्टर प्लान

# मंत्री ने अधिकारियों को डेंगू के रोकथाम के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करने का दिया निर्देश

- मानसून की शुरुआत और डेंगू के मामलों में बढ़ोत्तरी के मद्देनजर डेंगू की स्थिति और रोकथाम, प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों की तैयारी की स्थिति की समीक्षा बैठक



एजेंसी | नयी दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को देशभर में डेंगू बुखार की स्थिति और इसकी रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की तैयारियों की समीक्षा की। श्री नड्डा की अध्यक्षता में इस उच्च स्तरीय बैठक में देश भर में डेंगू की स्थिति और तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। मानसून की शुरुआत और बरसात के मौसम में डेंगू के मामलों की बढ़ती संख्या के खतरे से उत्पन्न चुनौती का उल्लेख करते हुए श्री नड्डा ने डेंगू से निपटने के लिए तैयार रहने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को डेंगू के खिलाफ रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन उपायों को मजबूत करने के निर्देश दिए।

केंद्रीय मंत्री ने संबंधित अधिकारियों से डेंगू से प्रभावित उन राज्यों और क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा कि जहां अक्सर प्रकोप की सूचना मिलती है। उन्होंने अधिकारियों से डेंगू की रोकथाम के लाने के लिए राज्यों के साथ सक्रिय रूप से काम करने के निर्देश दिये। उन्होंने विशेष रूप से आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय और नगर निगमों और स्थानीय स्वशासन को शामिल करते हुए अंतर-मंत्रालयी समन्वय अभिसरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण गतिविधियों के लिए समय पर कार्रवाई पर राज्यों के साथ सक्रिय रूप से संवाद कर रहा है। डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण पर उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में संवेदनशील बनाने के लिए विभिन्न अंतर-क्षेत्रीय बैठकें आयोजित की गई हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले वर्षों में इन गतिविधियों को और मजबूत किया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आम तौर पर दिन के समय काटने वाले एडिस मच्छर के बारे में जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को डेंगू की रोकथाम और जागरूकता के लिए केंद्रीय हेल्पलाइन नंबर बनाने का निर्देश दिया। राज्यों को भी इसी तरह की हेल्पलाइन नंबर चालू करने की सलाह दी गई। श्री नड्डा ने एम्स और सभी केंद्रीय सरकारी अस्पतालों को प्रशिक्षित कर्मचारियों, दवाओं और अन्य साजो सामान सहित पूरी तरह सुसज्जित डेंगू वार्ड बनाने का निर्देश दिया है।

# मुख्यमंत्री ने मरीन ड्राइव के तीसरे फेज का किया लोकार्पण



**पटना (नि.सं.)**। पटना के मरीन ड्राइव के तीसरे फेज का सीएम नीतीश कुमार ने लोकार्पण कर दिया है। इस मौके पर बिहार विधानसभा के स्पीकर नंदकिशोर यादव, बिहार के दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ साथ पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद भी मौजूद रहे। लोकार्पण के साथ ही इस मार्ग पर वाहनों का परिचालन शुरू हो गया है। दरअसल, मुंबई के मरीन ड्राइव की तर्ज पर पटना के मरीन ड्राइव को विकसित किया जा रहा है। साल 2022 में सीएम नीतीश कुमार ने पहले चरण में दीघा से पीएमसीएच तक मरीन ड्राइव का लोकार्पण किया था जबकि दूसरे चरण में एक साल बाद 2023 में पीएमसीएच से गायघाट तक इसका विस्तार किया गया था और अब गायघाट से कंगन घाट तक का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।

# यूपी में बस हादसा, मोतिहारी के एक ही परिवार के छह और शिवहर के चार की मौत

निज संवाददाता | पटना

यूपी के उन्नाव में हुए बस हादसे में पूर्वी चंपारण के एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई है। मरनेवालों में दो भाई, दोनों की पत्नी और एक भाई के बेटे व बेटी शामिल हैं। सभी पूर्वी चंपारण के फेनहारा थाना क्षेत्र के फेनहारा पूर्वी टोला वार्ड नं 11 के रहनेवाले थे। सभी लोग करीब 50 वर्षों से मेरठ में नर्सरी के कारोबार से जुड़े थे और बकरीद मनाने के लिए घर आए थे। इनके अलावा पूर्वी चंपारण के पचपकड़ी थाना क्षेत्र के वृति टोला सपही निवासी बस चालक इखलाख की भी मौत हो गयी है। हादसे में शिवहर के भी चार लोगों की मौत की सूचना है। इस भीषण हादसे में दोनों जिले के करीब एक दर्जन लोगों के घायल होने की सूचना है। बुधवार सुबह घटना की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। कई रिश्तेदार घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। प्रशासन की टीम मृतकों व घायलों की सूचना एकत्र करने में जुटी है। परिजनों ने बताया कि पूर्वी चंपारण के मरनेवालों में अशफाक आलम (45), पत्नी मुनचुन खातून (38), उनके दो बच्चे मो. सोहैल (3) व गुलनाज (13), अशफाक के भाई मो. इलियास (35) व इलियास की पत्नी कमरून नेशा (30) शामिल हैं। इसी परिवार के मो. दिलशाद (18) व मो. शाहिल (16) हादसे में घायल हो गए हैं। फेनहारा थाना क्षेत्र के इजोरबारा के फूल मोहमद (29) व मो. शमीम (36) के भी घायल होने की सूचना है। बस का खलासी पिपराकोठी के मुर्दा चक गांव निवासी मो. सलीम घायल हो गया है।

हादसे में शिवहर के मरनेवालों में शिवहर के वार्ड 11 निवासी व सहायक बस चालक अनिल कुमार, वार्ड तीन निवासी दीपक कुमार, श्यामपुर भटहा थाना क्षेत्र के गोसाईंपुर निवासी सत्येंद्र व करिया गांव निवासी शिवदयाल शामिल हैं। इनके अलावा जिले के हिरम्मा थाना क्षेत्र के लालबाबू व उनके दो पुत्र रामप्रवेश व भरत भूषण हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। शिवहर के बिट्टू कुमार के घायल होने की सूचना है। उसके दोनों पैस कट गए हैं। बताते चलें कि नमस्ते बिहार बस शिवहर से दोपहर 12:30 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे पर यह बस दुर्घटना का शिकार हो गई जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई जबकि 19 से ज्यादा लोग घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। यूपी नंबर के बस का मालिक पूर्वी चंपारण के छोड़ादानों का रहनेवाला बताया जा रहा है। शिवहर डीटीओ के मुताबिक, बस का परिचालन बिना वैध कागजात का हो रहा था।



### मृतकों के परिजन को दो लाख का मुआवजा

हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया। उन्होंने कहा-जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस कठिन समय में संबल प्रदान करे। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हर संभव मदद में जुटा है। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख का मुआवजा और घायलों को 50 हजार की मदद का ऐलान किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी हादसे पर दुख जताया है।


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

झारखण्ड सरकार

1500 PGT शिक्षकों का नियुक्ति पत्र वितरण

सूचना

**स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों (PGT)** के अनुशंसित 07 विषयों यथा; **हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, गणित एवं इतिहास** विषय में सफल अभ्यर्थियों को **नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम, 12 जुलाई 2024** को **प्रभात तारा मैदान, धुर्वा, रांची** में निर्धारित है। सफल अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं स्थल पर प्रात: 09 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

PR. No. 329278/IPRD/2024-25

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार

## संक्षिप्त समाचार

### कमेटी के अधिकांश लाइसेंसधारी गैर हाजिर

**मानपुर**। मुहर्रम पर्व को शांति सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के लिए मुफस्सिल थाना परिसर में शांति समिति सह जनता पुलिस सहयोग समिति की बैठक हुई। जिसमे अधिकांश मुहर्रम कमेटी के सदस्य सहित शांति समिति के सक्रिय सदस्य बड़ी संख्या गैर हाजिर रहे। मुफस्सिल थाना क्षेत्र से 20 जुलूस ताजिया के साथ निकलता है। लेकिन बैठक में महज छह लाइसेंसधारी उपस्थित हुए।वह भी ग्रामीण क्षेत्रों से। बैठक की अध्यक्षता कपिलदेव प्रसाद सिन्हा ने किया।इस दौरान सदर एसडीएम किसलय श्रीवास्तव ने मुहर्रम कमिटी के सदस्य सहित शांति समिति के सक्रिय सदस्यों को अनुपस्थित रहने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जुलूस गुजरने वाले मार्गो पर सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी।मार्ग में पड़ने वाले मंदिरों के पास सुरक्षा के कड़े व्यवस्था किए जा रहे है।उन्होंने बताया कि पूर्व की भांति डीजे को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

### सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में बाल कैदी को जबरन ले गए परिजन

**गया**। अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाजरत बाल कैदी को उसके परिजन सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में जबरन लेकर चले गए। इस बाल कैदी को आर्म्स एक्ट के मामले में पर्यवेक्षण गृह लाया गया था। सोमवार को उल्टी होने की शिकायत पर उसे मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाल कैदी को परिजन द्वारा निजी अस्पताल में इलाज कराने की बात कहकर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड से उठाकर ले जाया गया। मिली जानकारी के अनुसार परिजन को जब इसकी भनक लगी, तो वे अस्पताल पहुंचकर इलाजरत बाल कैदी को निजी अस्पताल में इलाज कराने की बात कह साथ लेते चले गए। वहीं बाल कैदी के इलाज के समय मौजूद सुरक्षाकर्मियों का कहना है कि सोमवार को पांच की संख्या में लोग आये और निजी अस्पताल में इलाज कराने की बात कह बाल कैदी को अपने साथ जबरन लेते चले गए। इस बारे में पर्यवेक्षण गृह के अधिकारी लवलेश कुमार सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले ही बाल कैदी को पर्यवेक्षण गृह लाया गया था। सोमवार को अचानक उल्टी होने की शिकायत पर एएनएमएमसीएच के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करा कर इलाज कराया जा रहा था। बताया कि बताया कि बाल कैदी को परिजन द्वारा जबरन ले जाने के मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है। इस संबंध में एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि पर्यवेक्षण गृह से एक विधि विरुद्ध बालक को इलाज के लिए मगध मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से परिजन द्वारा उक्त बालक को जबरदस्ती अस्पताल से लेकर चले गए। सूचना प्राप्त होते ही गया पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त विधि विरूद्ध बालक को निरुद्ध कर पुनः अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।

### पत्नी ने पति के विरुद्ध दर्ज कराया मामला

**मोहनपुर**। सिंधुगढ़ थाना क्षेत्र के बेला गांव निवासी पंकज यादव की पत्नी ने मंगलवार को थाना में अपने पति के विरुद्ध मारपीट व दहेज को लेकर उत्पीड़ित करने का मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि पुलिस को दिए गए आवेदन में पीड़िता काली कुमारी ने बताया है कि उसके पति पंकज यादव हमेशा दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते रहते थे। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उन्होंने दूसरी शादी कर ली है। मामले की जानकारी होने के बाद पीड़िता ने थाना में अपने पति पंकज यादव, ससुर, सास, ननद सहित अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि नए कानून की धारा 494 के तहत पंकज यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### जल जीवन हरियाली के तहत 25 योजनाओं पर होगा काम

**बिहारशरीफ**। जल जीवन हरियाली योजना के तहत लघु सिंचाई विभाग द्वारा इस वर्ष 25 योजनाओं पर काम किया जाएगा। इसके लिए विभागीय स्तर से प्लान तैयार किया जा रहा है। इन योजनाओं में आहर, पैन सहित जल संचयन वाले संसाधन की उड़ाही व बोरिंग निर्माण का कार्य शामिल है। कार्यपालक अभियंता उमाशंकर कुमार ने बताया कि जल संचय को लेकर विभाग द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस योजना के तहत वैसे आहर, पैन, तालाब आदि जगहों को चिन्हित किया जाएगा जो लंबे समय से भरा हुआ है, और उसकी उड़ाही से आम जनता व किसानों को लाभ मिल सकता है। चिन्हित कर उड़ाही कराई जाएगी। इसके लिए कुछ विभागीय अधिकारियों द्वारा संसाधन को चिन्हित कर सूची तैयार की जाएगी। इसके अलावे जनप्रतिनिधि व किसान की अनुशंसा को भी शामिल किया जाएगा। सूची तैयार करने के बाद डीपीआर तैयार किया जाएगा।

### आहर में डूबने से बच्चे की मौत

**इसलामपुर**। थाना क्षेत्र के सकरी गांव में पानी भरे आहर में डूबने से एक 11 वर्षीय बच्चे अनुपम कुमार की मौत हो गयी। मृतक के परिजन ने बताया कि सोमवार की शाम अनुपम घर से बाहर खेलने के लिए गया था। रात में घर वापस नहीं आने पर खोजबीन शुरू किया गया। खोजबीन के दौरान मंगलवार की सुबह आहर से बच्चे का शव मिला है। शव मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है। मृतक रवींद्र कुमार का 11 वर्षीय पुत्र है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेज दिया है।

### टक्कर से दो खलासियों की मौत, एक का हाथ कटा, दूसरा जिंदा जल गया



**रहुई**। सड़क किनारे खड़े बालू लोड हाइवा से ट्रक टकरा गया। वेना थाना अंतर्गत पैठना गांव के निर्माणाधीन टोल प्लाजा के पास मंगलवार की सुबह हादसा हुआ। टक्कर से ट्रक के केबिन में आग लग गई। जबकि, हाइवा पलट गया। एक खलासी की जिंदा जलकर व दूसरे की हाथ कटने से मौत हो गई। वहीं, ट्रक चालक भी जख्मी हो गया। घटना का कारण ट्रक चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। मौके पर पहुंचे अग्निशमन दस्ते ने आग पर काबू पाया। इसके बाद दोनों खलासी व चालक को अस्पताल लाया गया। वहां डॉक्टर ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतक नवादा जिला के बेलदरिया गांव निवासी लखन यादव का 19 वर्षीय खलासी पुत्र वीरेंद्र कुमार और वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मलूदा बिगहा निवासी कृष्णा यादव का 22 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार है। जख्मी चालक गिरियक के काली बिगहा निवासी 30 वर्षीय पुलिस ब्रजेश कुमार हैं। घटना के चश्मदीद चाय दुकानदार रतन पांडेय ने बताया कि सुबह करीब 3 बजे टोल प्लाजा के पास सड़क किनारे एक बालू लोड हाइवा खड़ा था। उसी दौरान बिहारशरीफ की ओर से आ रहा बालू लोड ट्रक उससे टकरा गया। इसके बाद ट्रक में आग लग गई। हाइवा भी सड़क पर पलट गया। आग की चपेट में आकर एक खलासी की जिंदा जलकर मौत हो गई। जबकि, दूसरे खलासी का हाथ कट गया था। उसकी भी मौत हो गई। टक्कर के बाद जोरदार आवाज हुई। जिसकी आवाज एक किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। ट्रक बालू लोड कर बख्तियारपुर जा रहा था मृतक चंदन के पिता ने बताया कि पुत्र ट्रक पर बालू लोड कर बख्तियारपुर जा रहा था। उसी दौरान हादसा हुआ। मृतक वीरेंद्र की शादी दो साल पहले हुई थी। वह पहले दिन ही खलासी का काम करने ट्रक पर आया था। मौत की खबर पाकर दोनों के परिजन अस्पताल पहुंच गए। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि घटना में दो लोगों की मौत हो गई है। वाहन नम्बर के आधार पर उसके मालिक को घटना की सूचना दी गई। जिसके बाद मृतकों की पहचान हुई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार के हवाले कर दिया गया। एक वाहन में आग लग गई थी। अग्निशमनकर्मियों ने आग पर काबू पाया। घटना का कारण चालक को झपकी आना बताया जा रहा है।

# 64 अनाथ बच्चों को मिलेगा प्रतिमाह 4 हजार रुपए

- नालंदा में 2734 भूमिहीन परिवारों को मिला बंदोबस्ती का पर्चा
- प्रभारी मंत्री बोले- बिहार लगातार आगे बढ़ रहा है

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिला के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बुधवार को स्पॉन्सरशिप योजना अंतर्गत चयनित बच्चों को स्कॉलरशिप और राजस्व भूमि सुधार अंतर्गत चिन्हित बसेरा-2 अभियान के तहत लाभुकों के बीच बंदोबस्ती का पर्चा वितरण किया। इस अवसर पर एडीएम मंजीत कुमार ने कहा कि सरकार गरीबों और वंचितों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। अभियान बसेरा-2 योजना के तहत चिन्हित 2734 भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण पत्र दिया गया।

**4000 रुपए प्रति माह का अनुदान दिया जाएगा**: भारत सरकार द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के तहत अनाथ-बेसहारा बच्चों के शैक्षणिक, चिकित्सा और जीवन यापन के लिए स्पॉन्सरशिप योजना चलाई जा रही है। जिसके तहत 64 चिन्हित बच्चे जिनके माता-पिता का देहांत हो चुका है या घर के कमाऊ सदस्य की मौत किसी कारण से हो गई है। वैसे बच्चों को 18 साल तक 4000 रुपए प्रति माह का अनुदान दिया जाएगा। यह योजना गरीब बच्चों को शिक्षा और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगी। उन्होंने आगे कहा कि अभियान बसेरा-2 योजना के तहत 3739 परिवारों का सर्वेक्षण किया गया था, जिसमें 2734 भूमिहीन परिवारों को चिन्हित किया गया था। शेष परिवारों का भी सर्वेक्षण जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।



**बिहार में प्राकृतिक संसाधनों की कमी है**: वहीं, कार्यक्रम खत्म होने के बाद प्रभारी मंत्री विजय चौधरी ने बिहारशरीफ स्थित सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि हम लोग विशेष राज्य का दर्जा चाहते हैं। इसमें कोई दिक्कत नहीं है। हमलोग विशेष पैकेज की मांग करते हैं। विशेष पैकेज का अर्थ होता है विशेष सहायता। आप सभी लोग जानते हैं कि बिहार में प्राकृतिक संसाधनों की कमी है। वह कोई बिहार वासियों के कारण नहीं है। उसके भौगोलिक और ऐतिहासिक कारण है। हमारे यहां खान, खदान नहीं है। समुद्री किनारा नहीं है, तो यह बिहार का दोष नहीं है।

**नीतीश कुमार की अगुवाई में बिहार आगे बढ़ रहा है**: सीमित संसाधनों के बावजूद सीएम नीतीश कुमार की अगुवाई में बिहार तरक्की कर रहा है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूरे देश को बता दिया है कि हमारे संसाधन भले ही कम है, लेकिन तरक्की की रफ्तार में हम किसी विकसित प्रदेश से कम नहीं हैं। यही हमारी विशेषता है। इस देश के किसी भी प्रदेश के मुकाबले अच्छी गति से तरक्की कर रहे हैं। लेकिन फिर भी हम गरीब बने हुए हैं। विशेष राज्य का दर्जा कहिए या विशेष राज्य का पैकेज। यही हमारी मांग का आधार है।

## नालंदा में मंदिर से जेवरात चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के हरनौत बाजार स्थित आराधना दुर्गा मंदिर में 7 जून को अज्ञात चोर के द्वारा जेवरात की चोरी कर ली गई थी। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधकर्मी चेरो ओपी क्षेत्र के चेरो निवासी अमिरक यादव का पुत्र नीतीश कुमार है। सदर डीएसपी 2 हरनौत संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि हरनौत बाजार स्थित आराधना दुर्गा मंदिर के पुजारी परमानंद पांडे के द्वारा हरनौत थाना को सूचना दी गई की 7 जून की सुबह 6:00 बजे श्री श्री आराधना दुर्गा मंदिर की प्रतिमा से कीमती जेवर अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हरनौत थाना अध्यक्ष मोहम्मद अबू तालिब अंसारी के नेतृत्व में घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं कांड में संलिप्त चोर के विरुद्ध जांच शुरू की गई। 24 घंटे के अंदर कांड में संलिप्त चोर को चोरी के जेवरात के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। दरअसल 7 जून की सुबह सोशल मीडिया पर मंदिर के अंदर प्रवेश कर चोर के द्वारा प्रतिमा से सोने का नथिया टीका चोरी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें स्पष्ट रूप से दिख रहा था कि किस प्रकार एक चोर मंदिर के अंदर प्रवेश करता है और 10 सेकंड में ही चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो जाता है।

## बाराचट्टी के हरैया व डंगरा मोड़ स्थित आवास पर छापेमारी, कुछ दस्तावेज भी साथ ले गई

निज संवाददाता। गया

नीट पेपर लीक कांड की आंच गया तक भी पहुंच चुकी है। मंगलवार को इस मामले की जांच को लेकर सीबीआई की टीम जिले के बाराचट्टी पहुंची। सीबीआई ने पटना में रहकर नीट की तैयारी करने वाले शिवनंदन कुमार को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर सीबीआई की टीम उसके बाराचट्टी स्थित दो ठिकानों पर छापेमारी कर जांच-पड़ताल की। सीबीआई शिवनंदन कुमार के पिता रामस्वरूप यादव उर्फ साधु यादव को ढूंढ रही थी। उनके नहीं मिलने पर टीम ने शिवनंदन के चाचा निरंजन यादव को हरैया गांव से हिरासत में लिया। गांव में पड़ताल कर टीम ने निरंजन यादव को लेकर बाराचट्टी डंगरा मोड़ स्थित आवास पर लाकर घंटों पूछताछ की। हालांकि बताया जा रहा है कि पूछताछ के बाद टीम ने निरंजन यादव को छोड़ दिया है। बाराचट्टी के हरैया पहुंची थी टीम मिली जानकारी के अनुसार सीबीआई की टीम मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे के बाद बाराचट्टी पहुंची। सबसे पहले टीम शिवनंदन कुमार के पैतृक गांव हरैया गई। वहां टीम ने शिवनंदन के पिता रामस्वरूप यादव उर्फ साधु यादव को ढूंढा। उनके वहां नहीं मिलने पर टीम ने चाचा निरंजन यादव को हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि शिवनंदन के घर से सीबीआई कुछ आवश्यक दस्तावेज भी साथ ले गई है। जांच में सहयोग करने की कही बात मिल रही जानकारी के अनुसार शिवनंदन के चाचा निरंजन यादव का कहना है कि कुछ लोग हरैया स्थित आवास पहुंचे और अपने को सीबीआई बताकर नीट पेपर लीक मामले की जांच में सहयोग करने की बात कही। उन लोगों ने कहा कि बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में फाइल सबमिट करना है, इसके लिए जांच में सहयोग करें। निरंजन यादव के अनुसार हरैया में पड़ताल करने के बाद सीबीआई की टीम उन्हें लेकर गजरागढ़ डंगरा मोड़ स्थित आवास पर ले जाकर वहां भी जांच-पड़ताल कर पूछताछ की। पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया और टीम वहां से लौट गई।





## गया रेलवे स्टेशन पर चला जन जागरूकता अभियान

## यात्रियों को नशाखुरानी गिरोह से सतर्क रहने की दी गई जानकारी, कहा- समस्या हो तो डायल करें 139

निज संवाददाता। गया

गया में रेल हादसों के प्रति लोगों को सजग रहने के लिए आरपीएफ, जीआरपी और रेलवे चाइल्ड लाइन ने गया रेलवे स्टेशन पर मुनादी की। मुनादी के तहत लोगों को रेल यात्रा के दौरान क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए की ठोस जानकारी लाउड हेलर से दी। इसके अलावा लावारिस वस्तु, नशाखुरानी गिरोह और आपराधिक गतिविधि को लेकर सजग रहने और पुलिस को तत्काल जानकारी देने की अपील की। जागरुक जन जागरूकता अभियान के तहत प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, फुटओवर ब्रिज और पीएफ पर खड़ी गाड़ियों में लाउड हेलर के माध्यम से यात्रियों को सुरक्षित यात्रा करने,चलती ट्रेन में नहीं चढ़ने और न उतरने, यात्रा के दौरान किसी परेशानी को महसूस करने या फिर गाड़ियों, स्टेशन परिसर में कोई लावारिस वस्तु, सामान दिखने या कोई आपराधिक गतिविधि दिखने पर रेलवे हेल्पलाइन नं-139 का उपयोग कर रेलवे को सूचित करने का संदेश दिया गया।



**क्या बोले RPF प्रभारी**: इसके अलावा महिला कोच में केवल महिला यात्री ही यात्रा करें, बोगी के पायदान पर बैठ कर यात्रा नहीं करने, अनाधिकृत रूप से रेलवे ट्रैक पार न करने, स्टेशन पर एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज का प्रयोग करने, बिना उचित और पर्याप्त कारण के गाड़ियों में चेन पुलिंग नहीं करने, नशाखुरानी से बचाव, मानव बल तस्करी और यात्री सम्बंधित अन्य अपराधों के संबंध में यात्रियों को जागरूक किया गया। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि आरपीएफ और जीआरपी ने अपनी जिम्मेदारी का लगातार निर्वहन कर रही है। रेल मुसाफिरों की यात्रा सुरक्षित हो इस ख्याल के तहत उन्हें जागरूक किया जा रहा है। ताकि हर मुसाफिर सुरक्षित रहें और अपने गंतव्य तक बगैर किसी व्यवधान के पहुंच सके।

## नालंदा में बंद घर में चोरी, आग भी लगाया, 10 लाख की संपत्ति का नुकसान

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के दीपनगर थाना क्षेत्र के देवधा गांव में बुधवार को एक अजीबो-गरीब घटना सामने आई। जहां बदमाशों ने एक बंद घर में सेंधमारी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया और फिर उसी घर में आग लगा दी। सेंधमारी की घटना संफुल देवी के घर में हुई है। पीड़ित रितेश चौधरी ने बताया की सपरिवार रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए नवादा गए हुए थे। घर में ताला लगा हुआ था। ग्रामीणों के द्वारा बुधवार की सुबह सूचना प्राप्त हुई की घर से तेज धुआं और आग की लपटें निकल रही है। इसके बाद आनन-फानन में घर पहुंचे जहां देखा कि घर के पीछे सेंधमारी कर अज्ञात बदमाशों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इसके बाद घर में आग लगा दी गई। अगलगी के कारण घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। करीब 10 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि घर में रखा सिलेंडर ब्लास्ट नहीं हुआ नहीं तो पूरा मकान ही क्षतिग्रस्त हो जाता। ग्रामीणों के द्वारा आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को भी दी गई थी। इसके बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालाकी तब तक घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो चुका था।वहीं इस मामले में दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि चोरी और घर में आग लगाने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है।

## ट्रैक से बम बरामदगी मामले में कोई जानकारी नहीं

निज संवाददाता। गया



गया रेलवे ट्रैक पर बीते 11 जून को मिले केन बम की जांच मुखबिरों तक ही पहुंची है। इससे आगे जांच नहीं बढ़ सकी है। आलम यह कि मुखबिर भी काम नहीं आ रहे हैं। उनसे अब तक ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। हालांकि पुलिस ने नक्सली एंगल से भी जांच की है। पूर्व में रहे नक्सली रहे लोगों से पुलिस ने सम्पर्क कर जानकारी लेनी चाही, लेकिन वहां से भी कुछ हासिल नहीं हो सका। अब पुलिस की टेक्निकल टीम को भिड़ाया गया है। वह घटनास्थल का मुआयना कर चुकी है, लेकिन कोई लीड उसे भी नहीं मिल सकी है। केन बम रखने वाले कौन लोग हैं यह फिलहाल रहस्य बना है। खास बात यह भी इस मामले में एसएसबी के मुखबिर जुटे हैं। लेकिन उन्हें भी कोई इनपुट अब तक नहीं मिल सका है।

**क्या बोले SDPO**: SDPO सुनील कुमार पांडे ने कहा कि जांच चल रही है, जिस स्थान पर केन बम रखा गया था। उसके आसपास थोड़ी भी आबादी नहीं है। जंगल होने की वजह से घटना के दिन किसी शरारती या फिर किसी और के मूवमेंट के होने की बात कहीं से नहीं मिली है। बावजूद इसके पुलिस की जांच टीम अपने काम में लगी है। शीघ्र ही बेहतर रिजल्ट मिलेगा।

**11 जून को मच गया था हडकंप**: गौरतलब है कि 11 जून को गया कोडराम रेल खण्ड के बसकटवा नाथगंज के बीच अप रेलखण्ड पर दोपहर को करीब तीन बजे रेलवे पटरी के नीचे केन बम रखा हुआ मिला था। केन बम के मिलते ही जिला प्रशासन से लेकर रेलवे के बड़े अधिकारियों के बीच हड़कंप मच गया था। बम को कब्जे में लेकर डिफ्यूज कर दिया गया था। घटना के दूसरे दिन रेलवे के बड़े बड़े अधिकारियों ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया था।

## 23 जुलाई को गया में पदयात्रा निकालेगा राजद, 65 प्रतिशत आरक्षण की है मांग

निज संवाददाता। गया

- RJD कार्यकर्ताओं और नेताओं ने की बैठक

राष्ट्रीय जनता दल 65 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर 23 जुलाई को शहर में पदयात्रा निकालेगा। राजद की मांग है कि केंद्र सरकार 65 प्रतिशत आरक्षण अधिकार को 9वीं अनुसूची में शामिल करें। राजद का आरोप है कि इस मसले पर केन्द्र और राज्य सरकार मौन है। इस मसले पर युवाओं के हित के लिए नहीं सोचा जा रहा है। यही वजह है कि राजद अपनी मांग के समर्थन में पद यात्रा निकालने जा रही है। ताकि लोग अपने अधिकार के प्रति जागरूक हो सकें। पद यात्रा को सफल बनाए जाने के लिए राष्ट्रीय जनता दल की एक बैठक भी हुई।



**CM नीतीश पर साधा निशाना**: इस बैठक में वक्ताओं ने कहा कि 15% आरक्षण की सुविधा को बहाल करने के लिए संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करवाने को लेकर 23 जुलाई 2024 को 65% आरक्षण अधिकार पदयात्रा करने का निर्णय लिया गया है। पदयात्रा को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम का संयोजक पार्टी के प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा, सहसंयोजक मुखदेव यादव व नीतीश पासवान को चुना गया। कार्यक्रम संयोजक विनय कुशवाहा ने कहा कि केंद्र की सरकार बिहार के नीतीश कुमार की मदद से चल रही है। ऐसी स्थिति में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 65 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था को संविधान के 9वीं अनुसूची में शामिल कराने में भरपूर मदद करनी चाहिए, लेकिन नीतीश कुमार ने अब तक ऐसा नहीं किया है।

**जिलाधिकारी कार्यालय के पास निकलेगी पदयात्रा**: केंद्र की सरकार मौन बैठी है। ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय जनता दल के नेता कार्यकर्ता 23 जुलाई 2024 को संविधान की 9 वीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए के गया के जिलाधिकारी कार्यालय के पास बाबा साहब भीमराव अंबेडकर साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण, सभा और फिर पद यात्रा का निकाली जाएगी। यह पदयात्रा डेल्हा, पंचानपुर, टेकारी होते हुए कुर्था के अमर शहीद जगदेव प्रसाद के शहीद स्थल पर माल्यार्पण कर समापन होगा।बैठक में पार्टी के प्रदेश महासचिव वीरेंद्र गोप, प्रधान महासचिव युवा राजद पवन कुमार वर्मा, डॉक्टर प्रताप दास, विनय यादव,सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### एफएसएल की टीम पहुंची घुज्जी गांव, जुटाया साक्ष्य

**गया, एजेंसी।** गया से आई एफएसएल की टीम ने सोमवार को शेरघाटी थाना क्षेत्र के घुज्जी गांव में एक युवक की मौत के बाद घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किया है। युवक की मौत रविवार को हुई थी। आनंद किशोर पासवान नामक युवक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सोमवार को ही गया भेज दिया था। शेरघाटी के थानेदार अजीत कुमार ने बताया कि एफएसएल की टीम ने घुज्जी गांव में घटनास्थल के आसपास से साक्ष्य और तस्वीरें इकट्ठा की हैं। एफएसएल टीम का नेतृत्व वरीय वैज्ञानिक मनोज कुमार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि युवक की मौत को लेकर संशय बना हुआ है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है। युवक की मौत के कारणों को लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं है। उधर परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने युवक की मौत के मामले में यूडी केस दर्ज किया है। घटनास्थल शेरघाटी थाना से 8 किलोमीटर दूर है।

### जंतु विज्ञान विभाग में सेमिनार 16 को

**दरभंगा, एजेंसी।** लनामिवि के स्नातकोत्तर जंतु विज्ञान विभाग में 16 जुलाई को ओरो डेंटल प्रॉब्लम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। डॉ. प्रभात दास फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेमिनार में मुख्य वक्ता डीएमसीएच के पूर्व दंत विभागाध्यक्ष डॉ. बीबी वर्मा होंगे। जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अजय नाथ झा की अध्यक्षता में मंगलवार को विभाग में आयोजित बैठक में आयोजन की तैयारियों की समीक्षा हुई। उन्होंने बताया कि सेमिनार में सभी पीजी विभागों में अध्ययनरत विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। बैठक में फाउंडेशन के सचिव मुकेश झा, विभागीय शिक्षक प्रो. एस वानिक, डॉ. पारूल बनर्जी, डॉ. अंतनु बनर्जी आदि मौजूद थे।

### आइसा ने निकाला प्रतिवाद मार्च

**दरभंगा, एजेंसी।** नीट की परीक्षा दोबारा आयोजित करवाने के लिए आइसा के राज्यव्यापी छात्र हड़ताल अभियान के अन्तर्गत आइसा जिला इकाई ने दोनार चौक से नाका पांच तक प्रतिवाद मार्च किया। इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग तथा नीट परीक्षा को फिर से आयोजित कराने के लिए जमकर नारेबाजी हुई। नाका पांच पर जिला सचिव मयंक कुमार ने कहा कि सरकार धांधलीरहित नीट परीक्षा के आयोजन की जगह इस मुद्दे को लेकर आंदोलनरत छात्रों का दमन करने में लगी है। जिलाध्यक्ष शम्स तबरेज ने कहा कि पेपर लीक के षड्यंत्र में शामिल सभी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। मौके पर सुभाष कुमार, मो. पीटर, दीपक, बिपिन कुमार, रंजीत, गोलू कुमार, ऋतिक, सचिन सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सर्जना निखार शिविर की देशभर में होती है चर्चा : प्रो. पुतुल

**दरभंगा, एजेंसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जिला इकाई के तत्वावधान में संगठन का 76वां स्थापना दिवस सह राष्ट्रीय छात्र दिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। जिला संयोजक वागीश झा ने मिश्रटोला स्थित कार्यालय में झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर एमआरएम कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. पुतुल सिंह ने कहा कि अभाविप के विभिन्न कार्यक्रमों से देशभर में संगठन का मान बढ़ा है। यहां ज्ञान के साथ युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा संग राष्ट्र पुनर्निर्माण करना लक्ष्य है। अभाविप की जिला इकाई का सर्जना निखार शिविर पूरे देशभर में चर्चा का विषय बना रहता है। विभाग संयोजक राहुल सिंह ने कहा कि जिंदगी में सही सोच, सही संघर्ष को लेकर आगे बढ़ना विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता का लक्ष्य रहता है। जिला संयोजक वागीश झा ने कहा कि हर विद्यार्थी को अपने अध्ययन काल में एक बार परिषद की गतिविधियों से अवश्य जुड़ना चाहिए। नगर सह मंत्री नीली रानी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना के साथ आगे बढ़ा है। संगठन का 76 वर्ष पूरा होना गौरव का विषय है। धन्यवाद ज्ञापन खुशी कुमारी ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी नवनीत रंजन, विकास झा, एसएफडी संयोजक शशि भूषण यादव, शाश्वत स्नेहिल, मनोहर कुमार, मृत्युंजय कुमार, प्रियांशु कुमार, निलेश कुमार, मानस झा, विभाग संयोजक राहुल सिंह, चंद्रकांत, सुमेधा श्रीवास्तव, सोनम कुमारी, चंद्रकांत झा, निलेश कुमार, रूपेश कुमार, संजीव कुमार, अंकित गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गोपालगंज, बगहा, बेतिया में बाढ़ जैसे हालात भागलपुर में कोसी के कटाव में बहे घर

## आकाशीय बिजली से 4 मौतें, 35 जिलों में बारिश का अलर्ट





**पटना, एजेंसी।** बिहार के साथ साथ नेपाल में लगातार बारिश हो रही है। इससे गंडक, कोसी, बागमती, कमला समेत कई नदियां उफान पर हैं। इससे कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। गोपालगंज, बेतिया और बगहा में बाढ़ जैसे हालात हैं। लोग अपने घर छोड़ सुरक्षित जगहों पर जा रहे हैं।

भागलपुर में कोसी के कटाव में 9 से ज्यादा घर पानी में समा चुके हैं। गोपालगंज में वाल्मीकि बराज से छोड़े पानी से आसपास के कई गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। 6 प्रखंडों की 43 पंचायतों के 22 गांव और टोलो में पानी फैल चुका है। लोग पलायन कर रहे हैं। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 35 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसमें 18 जिलों में भारी बारिश और 17 में हल्की बारिश की संभावना है। हालांकि, मौसम विभाग की माने तो प्रदेश में मानसून कमजोर पड़ गया है।

अगले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। लोगों को उमस भरी गर्मी महसूस होगी। आकाशीय बिजली से पिछले 24 घंटों में 4 लोगों की मौत और 6 लोग घायल हुए हैं।

### पटना में गंगा घाटों पर जलस्तर में तेजी से हो रही वृद्धि

पटना में गंगा घाटों पर जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। गांधी घाट पर दर्ज आंकड़ों के मुताबिक मंगलवार की सुबह 3 सेंटीमीटर का इजाफा हुआ है। पिछले 6 घंटे से 2 से 3 सेंटीमीटर की रफ्तार से वृद्धि दर्ज की जा रही है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार सोमवार के दिन गंगा का जलस्तर 45.730 मीटर था, जो अब बढ़कर 46.470 मीटर हो गया है। हालांकि, अभी भी वॉर्निंग लेवल तक पहुंचने में 1 मीटर और खतरे के निशान तक पहुंचने में 2 मीटर का फासला है।

### नवगछिया में कोसी का रौद्र रूप, 9 घर विलीन

पुलिस जिला नवगछिया में कोसी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। कोसी के भीषण कटाव ने पिछले 24 घंटे में नौ घर को अपने आगोश में ले लिया है। इलाके में दहशत का माहौल है। कटाव के डर से सिंहकुंड गांव के लोग सुरक्षित जगहों पर पलायन करने लगे हैं। इधर, कोसी नदी का कटाव थमने का नाम नहीं ले रहा है। अभी और दर्जनों घरों पर संकट बना हुआ है।जिले में गंगा और कोसी नदी के जलस्तर में वृद्धि का सिलसिला लगातार जारी है। इस्माइलपुर विंद टोली में पिछले 12 घंटे में गंगा नदी के जलस्तर में 34ध्द की वृद्धि हुई है। गंगा नदी 28.32 मी. पर बह रही है। हालांकि खतरे का निशान 30.48 मीटर है। फिलहाल स्थिति सामान्य बताई जा रही है। मदरोनी में कोसी नदी के जलस्तर में पिछले 12 घंटे में 11ध्द की वृद्धि हुई है। वहीं जिनके घर कोसी में विलीन हो गए। वह खुले आसमान के नीचे जीने को मजबूर हैं। आलम यह है कि जिला प्रशासन की ओर से सिर्फ प्लास्टिक दिया गया है। ग्रामीण मिराज जवाहर यादव ने बताया कि इसके अलावा कोई सुविधा हम लोगों को नहीं मिली है, जिसके कारण लोगों में भारी आक्रोश है। नवगछिया के कई बाढ़ ग्रस्त इलाके में बचाव कार्य भी अभी शुरू नहीं हुआ है। अंचलाधिकारी ने बताया कि विस्थापित परिवारों के लिए हर संभव मदद किया जाएगा।

### 24 घंटे में आकाशीय बिजली से 4 लोगों की मौत, 6 घायल

भोजपुर जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मंगलवार को ठनका गिरने से महिला समेत दो की मौत हो गई। वहीं, एक महिला घायल हो गई। मृतक की पहचान सिकरहटा थाना क्षेत्र के चंदा गांव निवासी राजवीर पासवान (28) के रूप में की गई है। दूसरे मृतक की पहचान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मुंगौल गांव निवासी जगदीश यादव की पत्नी देवंती देवी (62) के रूप में की गई है। घायल महिला उसी गांव के निवासी कपिल सिंह की पत्नी शैल कुमारी देवी (50) हैं। रोहतास में बारिश के दौरान एक घर के आंगन में आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के 5 लोग घायल हो गए। घायलों में 2 महिलाएं, 2 लड़कियां और 12 साल का बच्चा शामिल हैं। घटना चेनारी प्रखंड क्षेत्र के रामगढ़ की है। वहीं, बक्सर के डुमरांव में ठनका गिरने से दो पशुओं की मौत हो गई। भोजपुर जिले में आकाशीय बिजली से इंटर की छात्राओं की मौत हुई है। घटना तीयर थाना क्षेत्र के उत्तरदाहा गांव स्थित बधार की है। विश्वनाथ यादव की बेटी पूजा कुमार (19) धान रोपने गई थी। तभी बिजली गिर गई। दूसरी घटना तीयर थाना क्षेत्र के विक्रमपुर गांव स्थित बधार की है, जहां ठनका गिरने से भेड़ चरा रहे राज कुमार पाल (20) की मौके पर ही मौत हो गई।

## नालंदा में मंदिर से जेवरात चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार

### सीसीटीवी में कैद हुई थी चोर की हरकत, चोरी के जेवरात के साथ धराया आरोपी



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के हरनौत बाजार स्थित आराधना दुर्गा मंदिर में 7 जून को अज्ञात चोर के द्वारा जेवरात की चोरी कर ली गई थी। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधकर्मी चेरो ओपी क्षेत्र के चेरो निवासी अमिरक यादव का पुत्र नीतीश कुमार है। सदर डीएसपी 2 हरनौत संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि हरनौत बाजार स्थित आराधना दुर्गा मंदिर के पुजारी परमानंद पांडे के द्वारा हरनौत थाना को सूचना दी गई की 7 जून की सुबह 6:00 बजे श्री श्री आराधना दुर्गा मंदिर की प्रतिमा से कीमती जेवर अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हरनौत थाना अध्यक्ष मोहम्मद अबू तालिब अंसारी के नेतृत्व में घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं कांड में संलिप्त चोर के विरुद्ध जांच शुरू की गई। 24 घंटे के अंदर कांड में संलिप्त चोर को चोरी के जेवरात के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

### वायरल हुआ था वीडियो

दरअसल 7 जून की सुबह सोशल मीडिया पर मंदिर के अंदर प्रवेश कर चोर के द्वारा प्रतिमा से सोने का नथिया टीका चोरी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें स्पष्ट रूप से दिख रहा था कि किस प्रकार एक चोर मंदिर के अंदर प्रवेश करता है और 10 सेकंड में ही चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो जाता है। इसके बाद स्थानीय पुलिस हरकत में आती है। पिछले महीने 19 जून को भी चोरों के द्वारा मंदिर के अंदर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था।

छापेमारी टीम में हरनौत थाना अध्यक्ष मोहम्मद अबू तालीम अंसारी, अपर थाना अध्यक्ष मिलन कुमार राय, प्रशिक्षु दारोगा ऋषिकेश कुमार, सन्नी कुमार, अनिकेश कुमार बिट्टू, जमादार वृजेंद्र कुमार मांझी एवं हरनौत थाना की शस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

## औरंगाबाद में 4 सड़क हादसों में 8 घायल: 5 लोगों की हालत गंभीर, 3 लोग रेफर, दो बाइक के बीच हुई टक्कर



**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद में मंगलवार की शाम से लेकर देर रात तक अलग-अलग 4 जगहों पर सड़क दुर्घटना में 8 लोग घायल हो गए, जिसमें 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है। पहली घटना देव थाना क्षेत्र के धर्मकाटा की समीप की है। जहां दो बाइक में टक्कर हो गई। जिसमें देव थाना क्षेत्र के कुसी गांव निवासी आंनद पासवान,वरुण कुमार, उपेंद्र पासवान घायल हो गए। घायल उपेंद्र पासवान को औरंगाबाद सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार उपरांत गया मगध मेडिकल रेफर कर दिया गया। दुसरी घटना औरंगाबाद ओवर ब्रिज के समीप की है। अज्ञात चारपहिया वाहन की चपेट में आ जाने से नगर थाना क्षेत्र सनतहुआ गांव निवासी मनीष कुमार घायल हो गए। मनीष को स्थानीय लोगों ने बेहोशी अवस्था में सदर अस्पताल भर्ती करवाया। इलाज के कुछ देर बाद मनीष होश में आए। मनीष ने बताया कि औरंगाबाद से पैदल घर जा रहे थे की ओवर ब्रिज के समीप अज्ञात बेलोरो गाड़ी ने टक्कर मार दिया, जिसके बाद मुझे कुछ याद नहीं है। तीसरी घटना नगर थाना क्षेत्र के पिपरडिह गांव के समीप की है, जिसमें दो मोटरसाइकिल की आपस में टक्कर हो गई। इस घटना में मुफस्सिल थाना क्षेत्र दगपा गांव निवासी भोला सिंह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए। जिन्हें स्थानीय राहगीरों द्वारा औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल रेफर कर दिया गया लेकिन परिजन वाराणसी ट्रामा सेंटर इलाज के लिए लेकर गए। घटना की जानकारी मिलते ही रात्रि में नगर थाना के एस आई सच्चितानंद राय दल बल के साथ सदर अस्पताल आए और घटना की जानकारी लिया। भोला सिंह की स्थिति काफी गंभीर है। चौथी सड़क दुर्घटना में अंबा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी दशरथ पाल,शंकर साव, जितेंद्र साव घायल हो गए। घायल के परिजनों ने बताया की तीनों टेम्पु के माध्यम से औरंगाबाद से अपने गांव जा रहे थे की औरंगाबाद की कुछ दुरी पर ही सामने से आ रही ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे तीनों घायल हो गए। घायल आंनद पाल को बेहतर इलाज के लिए रात्रि में ही गया मगध मेडिकल रेफर कर दिया गया।

## शहरी क्षेत्र से अजगर को किया रेस्क्यू:गंडक नदी के रास्ते रिहायशी इलाके में पहुंचे रहे जंगली जानवर

### वन विभाग को दी गई सूचना



**बगहा (वाल्मिकीनगर), एजेंसी।** बगहा नगर थाना क्षेत्र के जानकी पेट्रोल पंप के पास स्थानीय लोगों और डायल 112 की टीम ने एक अजगर का रेस्क्यू मंगलवार रात को किया। नगर थाना अध्यक्ष अनिल कुमार की देखरेख में अजगर को वन विभाग को सौंप दिया गया। अजगर जंगल से निकलकर रिहायशी क्षेत्र में पहुंच गया था। जिसे रेस्क्यू कर सुरक्षित वन विभाग को सौंप दिया गया। गंडक नदी में के जलस्तर में इजाफा हुआ है। जिसके कारण इन दिनों में वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) से निकलकर जंगली जानवरों का रिहायशी इलाकों में पहुंचना आम बात हो गई है। हालांकि सूचना पर वन विभाग रेस्क्यू करने के लिए पहुंचती है। बगहा फॉरेस्टर सुनील कुमार ने बताया कि अजगर को वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में छोड़ दिया गया है। बता दें कि कुछ दिन पहले एक हिरण का बच्चा भी पानी में बहते हुए रिहायशी क्षेत्र में पहुंचा था। जिसे 112 की टीम के सहयोग वन विभाग को सौंपा गया।

### स्पीड ब्रेकर की वजह से अनियंत्रित हो गया था वाहन, जेसीबी से किया गया रेस्क्यू

## डीजे ट्रॉली का इंजन पलटने से चालक की दबकर मौत

**नवादा, एजेंसी।** नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के बड़राजी कोल्हुआर संपर्क पथ पर मंगलवार को रामपुर बलुआ मुसहरी के समीप एक डीजे ट्राली का इंजन का पइन में पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। मृत ट्रैक्टर चालक को पहचान कौआकोल थाना क्षेत्र के पाली पंचायत अंतर्गत मंदरा गांव निवासी शिववालक यादव उर्फ अकलू यादव का बेटा मुकेश यादव (30) के रूप में की गई है। ट्रैक्टर मंदरा गांव के भागवत प्रसाद उर्फ भागो प्रसाद का है। घटना के वक्त ट्रैक्टर में कुणाल म्यूजिक ग्रुप ओखरिया रोड बड़राजी का डीजे ट्राली लगा हुआ था। संभवतः चालक डीजे ट्राली लेकर कहीं शादी समारोह में जा रहा था। रामपुर बलुआ मुसहरी के पास स्पीट ब्रेकर से वाहन असंतुलित हो गया।

### पुलिस ने शव को कब्जे में लिया

घटना की सूचना मिलने पर कौआकोल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जेसीबी से पइन से ट्रैक्टर को खींचकर बाहर निकलवाया। जिसके बाद चालक की डेड बॉडी को बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन और ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नवादा भेज दिया है।



# आपाचे और गोल्ड चेन के लिए प्रेग्नेंट बहू की हत्या, भोजपुर में 1 साल पहले हुई थी शादी

## लड़की वालों ने कहा था- धान कटने दो



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में चार महीने की गर्भवती महिला अनिता कुमारी (20) का शव उसके ससुराल से मिला है। परिजनों का आरोप है कि अनिता के पति और सास ने पीट-पीटकर उसकी हत्या की है। मायके वालों का कहना है कि ससुरालवाले लगातार आपाचे बाइक और सोने की चेन की डिमांड कर अक्सर उसके साथ मारपीट किया करते थे। वहीं मायके वालों ने धान की फसल कटने के बाद आपाचे बाइक और सोने की चेन देने की बात कहा थी। घटना के बाद से ससुरालवाले घर छोड़कर फरार हैं। पूरा मामला चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव का है।

### 2023 में हुई थी अनिता की शादी

मृतका की पहचान सेमरांव गांव निवासी रविंद्र कुमार उर्फ डब्लू की पत्नी अनीता कुमारी के रूप में हुई है। गड़हनी थाना क्षेत्र के बनकट गांव निवासी मृतका के पिता संजय सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी अनिता की शादी 17 मई 2023 को चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव निवासी राज कुमार यादव के बेटे रविंद्र कुमार उर्फ डब्लू से लेनदेन और पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ की थी। शादी के समय उन्होंने स्प्लेंडर बाइक भी दहेज में दी थी। शादी के चार महीने बीत जाने के बाद से ही उसके पति और सास ने आपाचे बाइक और सोने की चैन की मांग शुरू कर दी, जिसे लेकर वह उनकी बेटी के साथ मारपीट भी करते थे।

### 4 महीने की प्रेग्नेंट थी अनिता

पिता संजय सिंह ने बताया कि उनकी बेटी चार माह की गर्भवती भी थी। इसके बाद भी वह उसके साथ मारपीट और प्रताड़ित करते थे। इसी बीच मंगलवार की देर शाम उसके पति और सास द्वारा उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। ग्रामीणों ने उन्हें इसकी सूचना दी। सूचना पाकर परिजन उसके ससुराल सेमरांव गांव पहुंचे तो देखा कि उनकी बेटी मृत अवस्था में पड़ी है और उसके ससुरालवाले फरार हैं। इसके बाद पर परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया।

### तीन बहन और एक भाई में दूसरे नंबर पर थी अनिता

अनिता अपने तीन बहन और एक भाई में दूसरे स्थान पर थी। उसके परिवार में मां विज्यांति देवी और दो बहन पुनीता, अमृता और एक भाई रवि कुमार है। मृतका का पति गांव में ही किराना दुकान चलाता है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतका की मां विज्यांती देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 22 जुलाई से शुरू होगा श्रावणी मेला :मुजफ्फरपुर में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आरपीएफ जीआरपी की खास तैयारी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में 22 जुलाई से श्रावणी मेला शुरू हो रहा है। इसे लेकर मुजफ्फरपुर से ट्रेन से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भागलपुर होकर सुल्तानगंज और पहलेजा जाते हैं, ऐसे में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मुजफ्फरपुर स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी को भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस पदाधिकारी और जवानों की प्रतिनियुक्त किया जायेगा। इसके अलावा भीड़ के दौरान ट्रेनों की सटीक जानकारी सहयोग काउंटर से उद्घोषणा के माध्यम से मिले। इसके लिए इंक्वारी काउंटर के कर्मचारियों को भी सर्तक रहने का निर्देश दिया गया है। रेल एसपी गौरव मंगला ने बताया कि भीड़ को लेकर जंक्शन परिसर और प्लेटफॉर्म पर सही और शत प्रतिशत लाइटिंग की व्यवस्था रहेगी। खराब लाइट और पंखा का आकलन कर बदलने का निर्देश संबंधित विभाग को दे दिया गया है। इसके अतिरिक्त सफाई और सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुण्यतिथि पर किए गए याद हरदिल अजीज मुन्ना

**आरा**। हरदिल अजीज सह समाजसेवी संजय प्रसाद उर्फ मुन्ना साईं की आठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा बाबू बाजार में हुआ। उपस्थित लोगों ने कहा कि संजय प्रसाद उर्फ मुन्ना साईं जीवनपर्यंत समाजसेवा से जुड़े रहें। वे हर किसी को अपना समझते थे। उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने में उनकी पत्नी अंजना श्रीवास्तव प्रयासरत हैं। श्रद्धांजलि देने वालो में पत्नी अंजना श्रीवास्तव, पुत्र सत्यम साईं, बड़े भाई जितेंद्र प्रसाद, अंजय प्रसाद उर्फ गुड्डू, प्रतिक कुमार, रेड क्रॉस की सचिव डॉ. विभा कुमारी, सरफराज अहमद, मधुरेन्द्र कुमार, प्रदेश भाजपा भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश के सह संयोजक आलोक अंजन, पत्रकार मृत्युंजय कुमार सिन्हा, प्रशांत रंजन, मिथलेश कुमार, कृष्ण कुमार, चुल्लू सिंह, भानू गुप्ता आदि शामिल हें।

### फेस अटेंडेंस के विरोध में कार्य का बहिष्कार

**गड़हनी**। सरकार द्वारा फेस रिकॉगनाइजेशन अटेंडेंस सिस्टम से उपस्थित दर्ज कराने के आदेश के विरोध में आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के संविदा पर बहाल सभी एएनएमआर, फ़ैमिली प्लानिंग कौसेलर सहित कुल 14 कर्मियों ने आज प्राथमिक स्वास्थ्य गड़हनी में कार्य का बहिष्कार किया। साथ ही इस संबंध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा। प्रभारी चिकित्सक सुनील महेन्द्र कपूर ने कहा कि इन लोगो के कार्य बहिष्कार से प्रभाव पड़ेगा लेकिन नियमित एएनएम के कार्य करवाया जाएगा। संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष ने कहा कि काम एक नियमित कर्मियों से ज्यादा किया जाता है और कार्य के अनुसार पैसा नही दिया जा रहा है। सरकार चाह रही है कि फेस से उपस्थित सिस्टम लगाकर इन लोगों को बांध दिया जाए लेकिन ये होने वाला नही है।

### 745 वाहनों से 1.38 लाख रुपए का जुर्माना

**आरा**। पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 745 वाहनों की जांच कर 1, 38,500 हजार रुपया जुर्माना की वसूल किया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया की शराव,अवैध हथियार और असमाजिक तत्वों की गिरफ्तारी के लिए जिले के सभी थानाध्यक्षों को हिदायत दिया है की सभी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर वाहन चेकिंग अभियान और छापामारी लगातार करे। उसी के आलोक में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 745 वाहनों से हेलमेट गाड़ी का पेपर आदि की जांच में 1,38,500 हजार रुपया जुर्माना वसूला है।

# सेल्फ स्टडी से होमगार्ड की बेटी बनी दारोगा

## कहा-लड़कियों को पढ़ाइए भरोसा कीजिए, तकनीकी संसाधनों की कमी के बावजूद पाई सफलता



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के धरहरा गांव की बेटी रूबी कुमारी ने बिहार दरोगा में सफलता हासिल की है। संसाधनों के अभाव को अपनी कमजोरी न बनने देने वाली रूबी की इस सफलता पर पूरा क्षेत्र गर्व कर रहा है। बुधवार को भाजपा के किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता राहुल राज ने चयनित छात्रा को बुके देकर सम्मानित किया और आगे बढ़ने की दुआएं दी। भाजपा के नगर महामंत्री मुखिया सिंह कुशवाहा भी मौजूद रहे। चयनित छात्रा ने बताया कि वह आगे चलकर यूपीएससी की भी तैयारी करना चाहती है। उसने कहा कि जरूरी नहीं कि घर से दूर रहकर पढ़ाई करने से सफलता मिलती है। घर पर सेल्फ स्टडी और ऑनलाइन क्लास से भी सफलता हासिल किया जा सकता है।

**परिजनों का भरपूर सहयोगः** परिजनों ने बताया कि रूबी बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रही है। उसकी पढ़ाई यहीं से हुई है। उसने अपनी 10वीं की परीक्षा जीएसवीएम स्कूल कठार से पूरी की। वहीं, 2018 में उसकी इंटरमीडिएट की पढ़ाई सुमित्रा कॉलेज से पूरी हुई। 2021 में उसने डीके कॉलेज से अपनी बीएससी की पढ़ाई पूरी की, जिसके बाद उसकी एमएससी की पढ़ाई सुचारु है, इसी बीच अपनी मेहनत और लगन के बदौलत उसका चयन बिहार दरोगा में हो गया। रुबी ने अपने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया है। उसने बताया कि वह पुलिस विभाग में चयनित होकर निष्पक्ष न्याय का उदाहरण बनना चाहती है। इस सफलता में उसके परिजनों का भरपूर सहयोग रहा। रूबी ने बताया कि हमें नहीं लगता कि मेरे ज्यादा किसी को परेशानी उठानी पड़ती हो। मैं एक नॉर्मल परिवार से हूं। अगर मैं कर सकती हूं ये सारी लड़कियां कर सकती है। साथ ही कहा कि मैं लोगों से अपील यही करना चाहूंगी कि लड़कियों को पढ़ाइए भरोसा कीजिए। समाज की ये सोच नहीं होनी चाहिए की इनकी लड़की इतने साल की हो गई। शादी नहीं कर रहे हैं। ये समाज को ताने नहीं देना चाहिए। रूबी के पिता बिंदेश्वरी सिंह होमगार्ड में तैनात थे। वहीं मां निर्मला देवी गृहिणी है। बेहद साधारण परिवार में जन्मी रूबी पांच बहनों और एक भाई में सबसे छोटी है। वह अपने भाई बहनों में पहली सदस्य है जिसका चयन सरकारी नौकरी में हुआ है।

# छात्रा ने शिक्षक पर लगाया छेड़खानी का आरोप

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के नगर थाना क्षेत्र स्थित सिंडिकेट के समीप ट्यूशन पढ़ने गई छात्रा के साथ छेड़खानी के आरोपी शिक्षक की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। बुधवार को महिला थानाध्यक्ष सुजाता कुमारी ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बता दें कि नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली 2 बहने सिंडिकेट स्थित एक शिक्षक के पास पढ़ने के लिए जाती थी। सोमवार की शाम को दोनों बहने करीब 3 बजे पढ़ने गई थी। ट्यूशन के बाद दोनों लगभग 4 बजे तक घर लौट कर आती थी। सोमवार को पढ़ने गई दोनों बहनों में बड़ी बहन लौट कर घर नहीं आई।

**छात्रा ने परिजनों को दी थी जानकारीः** करीब 5 बजे बड़ी बहन रोते हुए घर लौटी। छात्रा ने परिजनों को बताया कि शिक्षक ने उनके साथ छेड़खानी की है। परिजनों ने जब घटना के बारे में जाना, तो शिक्षक के घर शिकायत लेकर पहुंचे। शिकायत करने पहुंचे परिजनों को साथ शिक्षक और उसके भाइयों ने मारपीट की। घटना की सूचना महिला थाना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने पीड़िता के पिता के बयान पर मंगलवार को एफआईआर दर्ज कर लिया है। पुलिस ने छात्रा का मेडिकल जांच सदर अस्पताल में कराया है। महिला पुलिस आरोपी शिक्षक को 12 घंटे से ऊपर से खोज रही है। लेकिन, अभी तक शिक्षक पुलिस की गिरफ्त से दूर है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक** 08.07.2024, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदाएँ ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन–112–24–25, कार्य का नामः** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय)/सियालदह के कार्यक्षेत्र में वेल्डिंग अंश की आपूर्ति एवं पर्यवेक्षण सहित एल्यूमिनो थर्मिट एसकेवी प्रोसेस द्वारा रेल जॉइंटों की वेल्डिंग। **निविदा मूल्य :** रु.1,55,39,747.50, **बयाना राशि :** रु. 2,27,700/–, **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 31.07.2024 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 31.07.2024 को 15.30 बजे। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार, ई–निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्तावों को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-123/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**एकल ई–निविदा सूचना सं. एफ–डीवाई–सीएमई–प्रोड–एसडब्ल्यूएल–132–एएमसी–II, दिनांक 09.07.2024,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (उत्पादन), पूर्व रेलवे वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जमालपुर, जिलाः मुंगेर, बिहार, पिनः811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली के आधार पर ख्यातिप्राप्त फर्म (ओईएम) से भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम एकल ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** जमालपुर वर्कशॉप में व्हील शॉप के सीएनसी एसडब्ल्यूएल–132, प्रस्तुतकारक–मेसर्स एचवाईटी/पुणे, प्लांट नं. 10849 के द्वितीय अवधि के लिए 05 वर्ष का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी) । **कार्य स्थलः** पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार), पिन–811214, **निविदा मूल्यः** रु. 1,26,26,000/–(जीएसटी @18% सहित)। **बोली प्रतिभूति/बयाना राशिः** 2,13,100/–, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य। **समापन अवधिः** मशीन का सीएएमसी कार्य भौतिक रूप से शुरू होने की तिथि से 05 वर्ष (साठ माह)। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 31.07.2024 को 15.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधताः** निविदा के खुलने की तिथि से 60 दिन। **निविदा का माध्यमः** एकल ई–निविदा। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट का स्थान जहाँ से निविदा का संपूर्ण विवरण आदि देखा जा सकता हैः www.er.indianrailways.gov.in** के साथ हाइपरलिंक्ड **www.ireps.gov. in** एवं उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (उत्पादन), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस को। **टिप्पणीः** तत्काल संदर्भ के लिए, जीसीसी, अप्रैल–2022 को रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) – भारतीय रेल की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। अन्य सभी नियम और शर्तें जो निविदा कागजात में उपलब्ध नहीं हैं, उनका पालन अनुबंध की सामान्य शर्त, अप्रैल–2022 के अनुसार सभी अद्यतन संशोधन पर्ची के साथ किया जाएगा।

MISC-98/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने दरभंगा, सहरसा, सरायगढ़ स्टेशन का किया निरीक्षण

## निर्माण कार्य सहित यात्री सुविधाओं का लिया जायजा



**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा 09.07.2024 को देर रात दरभंगा स्टेशन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने दरभंगा स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं आदि का जायजा लिया। महाप्रबंधक यहां क्रू लॉबी भी गए जहां उन्होंने क्रू लॉबी का मुआयना कर कार्यरत रेलकर्मियों से संरक्षा के संबंध में पूछताछ की। इसी कड़ी में महाप्रबंधक द्वारा आज 10.07.2024 को निर्माणाधीन दरभंगा बाईपास लाइन का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सिसो हाल्ट के निकट समपार संख्या 4सी का निरीक्षण कर संरक्षा से जुड़े पहलुओं का भी जायजा लिया एवं गेटमैन की संरक्षा संबंधी कार्यप्रणाली को परखा। महाप्रबंधक ने सरायगढ़ स्टेशन पर पैनल रुम का मुआयना भी किया। तत्पष्चात् महाप्रबंधक द्वारा सहरसा स्टेषन के सर्कुलेटिंग एरिया, एफओबी सहित यात्री सुविधा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया गया। इस दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे सहरसा स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की कार्य प्रगति की समीक्षा भी की गयी।

उन्होंने निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूरा करने का निर्देश दिया । बाढ़ आने की स्थिति में सुगम रेल परिचालन सहित समस्तीपुर मंडल द्वारा बाढ़ के मद्देनजर की गयी अन्य तैयारियों का जायजा भी महाप्रबंधक द्वारा लिया गया। निरीक्षण के दौरान समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विनय श्रीवास्तव तथा मुख्यालय एवं समस्तीपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे ।

# रोगी कल्याण समिति कार्यकारिणी का गठन

निज संवाददाता। गड़हनी

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गड़हनी के सभागार में रोगी कल्याण समिति कार्यकारिणी का गठन किया गया। गठन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चिकित्सक सुनील महेन्द्र कपूर के नेतृत्व में की गई। जिसमे रोगी कल्याण समिति कार्यकारिणी का अध्यक्ष प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चिकित्सक सुनील महेन्द्र कपूर होंगे। वही उपाध्यक्ष प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का वरीय चिकित्सक डॉ सतीश कुमार, सचिव स्वास्थ्य प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक होंगे। साथ ही प्रखण्ड उप प्रमुख, जीविका प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह अध्यक्षा, आईसी डीएस से महिला पर्यवेक्षिका सहित पीएचसी के लेखा प्रबंधक शंभू नाथ प्रसाद, बीसीएम प्रकाश कुमार रजक कार्यकारिणी के सदस्य बनाये गए। रोगी कल्याण समिति कार्यकारिणी 8 सदस्य सहित एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष एक सचिव सहित 10 सदस्यीय कमिटी के गठन हुआ। रोगी कल्याण समिति का काम है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आये सभी रोगियों का सही स्वास्थ्य सेवा मिल सके, स्वास्थ्य केन्द्र में नियमित साफ सफ़ाई होना चाहिए, नियमित समय पर सभी रोगियों का दवा वितरण हो, नियमित ओपीडी चलता है कि नही, रोगियों को प्रतिदिन समय पर खाना मिलता है या नही सहित कई बिंदुओं पर देख रेख करना है। साथ ही जो समुचित व्यवस्था प्राथमिक केन्द्र में नही है उसका योजना बनाकर करवाना भी उनका दायित्व है। इस मौके पर कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थी।


**प्राचार्य, मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय का कार्यालय पलामू**

**अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना (NIT)**

**ई0–निविदा संख्या– 01/2024–25**

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू के लिए चालु वर्ष 2024–25 में पुस्तक क्रय हेतु प्रकाशक/अधिकृत विक्रेता/प्रतिष्ठान,एजेंसियों से ई0 निविदा दिनांक 12.07.2024 के अपराह्न 5:00 बजे से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | चिकित्सा पुस्तक का दर अनुमोदन हेतु। |
|---|---|---|
| 1 | बेवसाइट पर ई0–निविदा प्रकाशित होने की तिथि | दिनांक 12.07..2024 |
| 2 | ई0–निविदा बेवसाईट पर निविदा Online Submission प्रारम्भ की तिथि | 14.07.2024 TIME - 8 P.M. |
| 3 | ई0–निविदा अपलोड़ करनें की अंतिम तिथि एवं समय | 27.07.2024, TIME - 8 P.M . |
| 4 | ई0–निविदा खोलने का तिथि, समय एवं स्थल | 14.08.2024 को प्राचार्य कार्यालय प्रकोष्ठ, 12.30 P.M |
| 5 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू, पोखराहा,पलामू (झारखण्ड) 822118 |
| 6 | हेल्पलाइन (ई0–निविदा से संबंधित जानकारी के लिये) मोबाईल नं0 | 8789186865 |
| 7 | निविदा की (Hard Copy) कार्यालय में स्पीड पोस्ट अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की अंतिम तिथि | 12.08.2024 5 P.M तक |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रयसमिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्याकंन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

नोटः– क्रय किये जाने वाले पुस्तक ई0–निविदा की शर्ते आदि की जानकारी jharkhnadtenders.gov.in पर देखी/से अपलोड़ किया जा सकता है।

प्राचार्य
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू

PR 329118 District(24-25)#D



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/593, दिनांक 09.07.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं : **निविदा सं.: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3326, कार्य का नाम :** ईटीपी सब–स्टेशन हावड़ा में विद्युत परिसंपत्ति का संवर्धन/समुन्नयन (डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर, एलटी पैनल)। **निविदा मूल्यः** रु. 85,34,263/–, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु.1,70,700/– **समापन अवधिः** 120 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 29.07.2024 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/ हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।

HWH-156/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: मेडएलपीडीआरएचएएसएन24, दिनांक** 02.07.2024, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा सं.: मेडएलपीडीआरएचएएसएन24** के तहत खुली ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ केवल अंतिम तिथि और समय तक ही जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और ऐसे प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **कार्य का नामः** 02 वर्ष की अवधि के लिए मंडल रेलवे अस्पताल, आसनसोल की दैनंदिन स्थानीय खरीद के तहत दवाइयों, सर्जिकल आइटमों और कंज्यूमेबल्स की आपूर्ति के लिए दर ठेका। **बयाना राशि :** रु.2,40,000/–, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु.0.00, **बोली प्रणालीः** एकल पैकेट । **प्रस्ताव की वैधताः** 90 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 19.07.2024 को 15.00 बजे। विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

MED-01/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


### एएनएम और सीएचओ का अनिश्चितकालीन हड़ताल

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के नावानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मंगलवार को एएनएम और सीएचओ ने अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू कर दिया। डिजिटल अटेंडेंस दर्ज नहीं करने और समान काम समान वेतन मांग को लेकर कर्मियों ने सीएचसी प्रभारी डॉ कमलेश कुमार को मांग पत्र सौंपा। एएनएम व सीएचओ ने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मियों का वेतन बढ़ा लेकिन हम सभी का वेतन नहीं बढ़ाया गया। चार-पांच साल से हम लोग बेहतर कार्य कर रहे हैं, लेकिन आज तक कैडर नहीं बना है। मौके पर मौजूद जीएनएम आरती कुमारी ने कहा कि डिजिटल अटेंडेंस अगर सरकार लागू कर रही है, तो कोई समस्या नहीं है। उसके अनुसार सरकार वेतन देने के साथ सुरक्षा भी देने का काम करे। जिले में कुछ वैलनेस सेंटर ऐसे भी है जहां पेयजल, शौचालय, बिजली तक की व्यवस्था नहीं है।

# एसबी कॉलेज में आइसा ने किया आंदोलन

**आरा** । वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के एसबी कॉलेज में छात्र संगठन आइसा ने बिहार राज्यव्यापी हड़ताल किया। नीट और यूजीसी नेट में हुए धांधली का विरोध किया। एनटीए को खत्म करने की मांग की। उच्च शिक्षा को बचाने की बात कही। आइसा जिला अध्यक्ष सुशील यादव व जिला सह सचिव जयशंकर कुमार ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि मौजूदा समय में देश के मेडिकल क्षेत्र के उच्च शिक्षण संस्थान में हो रही लूट और भ्रष्टाचार से नीट अभ्यर्थी को शारीरिक, आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

वंचित वर्ग के बच्चों को साजिश के तहत उच्च शिक्षा से दूर करने के लिए षड्यंत्र किया जा रहा है। देश के न्याय पसंद अभ्यर्थी नीट परीक्षा में हुए धांधली के खिलाफ एनटीए को खत्म करने को लेकर पुरे देश भर में पिछले दो महीनों से आंदोलन कर रहे है लेकिन केंद्र में बैठी सरकार इन्हें न्याय देने में विफल है। पिछले दस सालों में केन्द्र सरकार के अधीन 30 लाख से अधिक पद रिक्त है लेकिन सरकार इन पदों पर बहाली नही करना चाहती है क्योंकि इससे निजीकरण को बढ़ावा नहीं मिलेगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू**

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – EE/RDSD/PALAMAU-04/2024-25

1. **कार्य की विस्तृत विवरणी** :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड पांकी अन्तर्गत पंचायत–करार, टोला–सिजुआ और चकटांड़ के बीच सोनरे नदी पर पुल निर्माण। | 2,50,05,800.00 | 5,00,500.00 | 10000.00 | 18 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **19.07.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **19.07.2024** से दिनांक **05.08.2024** को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **07.08.2024** अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

PR 329127 Rural Development (24-25)_D



**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**सूचना सं.: 02-MC-WELDER_HELP-2024-25**

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडी), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–खुली निविदा (e-Open Tender) Two Packet System में IREPS Portal में आमंत्रित की जाती है।

**1. कार्य का नामः** दो वर्षों के लिए पाथरडीह, पतरातू, बरवाडीह एवं ओबरा डिपो में हर प्रकार के गैस कटिंग एवं वेल्डिंग कार्य के लिए वेल्डर एवं हेल्पर का आउटसोर्सिंग। **2. संविदा की अवधिः** 2 वर्ष/24 महीना। **3. कार्य–स्थानः** धनबाद डिवीजन के पाथरडीह, पतरातू, बरवाडीह एवं ओबरा फ्रेट डिपो। **4. अनुमानित बोली मूल्यः** Rs.8,56,69,417.18/- (रुपया आठ करोड़ छप्पन लाख उनहतर हजार चार सौ सत्रह एवं पैसा अठारह) मात्र। **5. निविदा दस्तावेज मूल्यः** Rs. 10,000.00/- (रुपया दस हजार) मात्र। **6. बयाना राशि (निविदा सूचना के तदनुसार):** Rs.5,78,400.00/- (रुपया पाँच लाख अठ्हतर हजार चार सौ) मात्र। **7. ई–निविदा जमा करने का तारीख तथा समयः** तारीख 15.07.2024 से 29.07.2024 को 17:00 बजे तक। **8. ई–निविदा खुलने का तरीख तथा समयः** 29.07.2024 को 17:15 बजे। **9. वेबसाइट विवरणः** http://www.ireps.gov.in (ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।)

कृते वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडि)
पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद

पीआर/00661/डीएचएन/एमईसीएच/टी/24–25/40



**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: 26–एसडीएसटीई–एएसएन–2024–25, दिनांक 09.07.2024,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थानः** आसनसोल मंडल–आसनसोल मंडल के तहत दुमका, जसीडीह, मधुपुर, आसनसोल, रानीगंज, तापसी, मोहनपुर, विद्यासागर, मथुरापुर, बराचक, दुर्गापुर, सिउड़ी और हजरतपुर हाल्ट में गुड्स शेड में सीसीटीवी सर्विलेंस सिस्टम का प्रावधान । **विज्ञापित मूल्यः** रु. 67,83,483.33, **बयाना राशिः** रु. 1,35,700/–, **कार्य की समापन अवधिः** एलओए जारी करने की तिथि से 180 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** 02.08.2024 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरणः http://www.ireps. gov.in/** इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। निविदाकार/ बोलीदाता के पास क्लास–III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर निश्चित रूप से पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/ बोलीदाता ई–निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं।

ASN-110/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### सुपर स्पेशिएलिटी फर्जीवाड़ा मामले की जांच को टीम गठित

**भागलपुर।** सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में पैसे लेकर सफाई कर्मी समेत अन्य लोगों को फर्जी तरीके से भर्ती करने के मामले में विवाद को देखते हुए जांच कमेटी गठित की गई है। कमेटी बुधवार को आउटसोर्सिंग एजेंसी के संचालक से सवाल-जवाब करेगी। बता दें कि बीते दिनों सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में 10-10 हजार रुपए लेकर सफाई कर्मी की बहाली करने का मामला सामने आया था। जांच कमेटी का मुखिया जेएलएनएमसीएच के प्राचार्य डॉ. उदय नारायण सिंह बने हैं। इसके अलावा टीम में मायागंज अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार, डॉ. अविलेष कुमार, डॉ. अशोक कुमार भगत, सुपर स्पेशिएलिटी के प्रभारी डॉ. महेश कुमार शामिल हैं।

### आईफोन दिलाने का झांसा देकर 25 हजार की ठगी

**भागलपुर।** सस्ता आईफोन खरीदने के लालच में एक युवक से 25 हजार की साइबर ठगी हो गई। ठग ने उसको झांसा देने के लिए बताया कि सिर्फ 25 हजार में उसे नया आईफोन दिला देगा, लेकिन नाथनगर निवासी वीरेन्द्र यादव को आईफोन तो नहीं मिला पर ठग ने उससे धोखा कर खाते में 25 हजार मंगवा लिया। ठगी का एहसास होने पर वीरेन्द्र ने साइबर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर ठगी की शिकायत की। साइबर टीम ने ठगी का कुछ रकम होल्ड करवाया है। मंगलवार को पीड़ित ने साइबर थाने में भी लिखित शिकायत की है। वीरेन्द्र ने बताया कि मैंने सोशल मीडिया पर एड देखा था, जिसमें 25 हजार में नया आईफोन दिलाने का ऑफर था। मैंने एड में दिए नंबर पर कॉल कर ऑर्डर किया। पहले एडवांस के तौर पर 10 हजार लिया। फिर कुछ दिन बाद बोला कि 10 हजार और भेजिए, मैंने पैसा भेज दिया। आखिर में बोला की आपका फोन डिलीवरी ब्वॉय लेकर निकल गया है, बाकी का पांच हजार भेजिए लेकिन पैसा भेजते ही उसने नंबर बंद कर लिया।

### नाला उड़ाही के दौरान दीवार गिरी, विवाद

**भागलपुर।** अलीगंज इलाके में नाला उड़ाही के दौरान जेसीबी से एक घर की दीवार का कुछ हिस्सा ढह जाने के कारण विवाद हो गया। घटना मंगलवार दोपहर की है। नाला उड़ाही करने वाली टीम नाले से एक पाइप को निकालने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान जेसीबी से दीवार में टक्कर हो गई, जिसमें दीवार क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे गुस्साए मकान मालिक उग्र हो गया। लेकिन नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता के साथ बबरगंज पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले को शांत कराया।

### सदर अस्पताल में प्रतिनियुक्त होंगे सर्जन चिकित्सक

**मुंगेर।** मुंगेर जिला के प्रभारी मंत्री सह पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता मंगलवार को सदर अस्पताल पहुंचकर वहां की स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। सबसे पहले वह आईसीयू वार्ड पहुंचे, जहां उन्होंने आईसीयू वार्ड में भर्ती मरीज एवं परिजनों से बात कर उनसे वहां मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद वे सदर अस्पताल में सर्जन चिकित्सक की कमी और 100 बेड के माडल अस्पताल निर्माण को लेकर सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में सर्जन चिकित्सकों की नियुक्ति को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से बात कर समस्या को दूर करने का प्रयास करेंगे। शहरी पीएचसी में तैनात एकमात्र सर्जन को सदर अस्पताल में पदस्थापित किया जायेगा।इस दौरान मुंगेर विधायक प्रणव कुमार व तारापुर विधायक राजीव चौधरी मौजूद थे। सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि सदर अस्पताल में लगभग ढाई साल से एक भी सर्जन चिकित्सक मौजूद नहीं हैं। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेडी स्टीफेंसन में एक सर्जन चिकित्सक डॉ गौरव पटेल कार्यरत हैं। जिनकी प्रतिनियुक्ति राज्य सरकार द्वारा ही शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में है। इसको लेकर मंत्री ने मुंगेर डीएम से बात कर उक्त सर्जन चिकित्सक को तत्काल सदर अस्पताल में प्रतिनियुक्त करने कि बात कही, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

### दो घरों से 3 लाख की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**टेटिया बंबर।** बीती रात्रि टेटिया थाना क्षेत्र के गौरवडीह गांव में अज्ञात चोरों द्वारा एक ताला लगा घर समेत दो घरों से लगभग 3 लाख की सामग्री की चोरी किए जाने का मामला प्रकाश आया है। मामले को लेकर ताला लगे घर के गृह स्वामी सिंधु राज ने टेटिया थाना में आवेदन दिया है, जिसके माध्यम से उन्होंने बताया कि हम सभी परिवार जमुई में रहते हैं। घर में ताला लगा रहता है। बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ अंदर प्रवेश कर गया और घर में रहे लगभग डेढ़ लाख रुपए के जेवरात सहित बर्तन व अन्य सामग्रियों की चोरी कर ली। उन्होंने लगभग 2 लाख की चोरी होने की बात कही है। वहीं इसी गांव के पंकज कुमार के घर भी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है।

### थाना भवन के निर्माण को भेजा गया प्रस्तावः एसएसपी

**भागलपुर।** एसएसपी आनंद कुमार ने मंगलवार को नाथनगर थाने का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने सिरिस्ता कक्ष, थाना भवन व बैरक का निरीक्षण किया। साथ ही पेंडिग केसों की समीक्षा की। वहीं, नए आपराधिक कानून के बारे में भी पदाधिकारियों को इसकी बारीक जानकारी दी। वहीं, सीसीटीएनएस के माध्यम से कैसे काम करना है, उसमें कहीं कोई परेशानी तो नहीं हो रही इनके बारे में भी एसएसपी ने पदाधिकारियों को जानकारी दी। नए थाना भवन के निर्माण को लेकर आनंद कुमार ने बताया कि भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। निर्माण से पहले पुरानी बिल्डिंग को ध्वस्त किया जाएगा। इसके लिए थाने को किसी अन्य जगह पर शिफ्ट किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मौके पर डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर चंद्रभूषण व सिटी डीएसपी-2 राकेश कुमार के साथ सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।



### सोलर लाइट लगाने वाली एजेंसी कार्य में सुधार लाए, नहीं तो करें ब्लैक लिस्टेड

**मुंगेर।** जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की समीक्षात्मक बैठक मंगलवार को संग्रहालय सभागार में प्रभारी मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पंचायत सरकार भवन, सोलर लाइट योजना, जल जीवन हरियाली योजना की जानकारी देते हुए उप विकास आयुक्त ने बताया कि पंचायत सरकार भवन के लिए चिन्हित जमीन पर योजना के अनुरूप भवन निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। जहां जमीन उपलब्ध नहीं है, वहां के लिए जमीन की व्यवस्था की जा रही है। सोलर लाइट योजना के क्रियान्वयन में लगे एजेंसी के धीमे कार्य गति पर मंत्री ने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि यदि उनके द्वारा कार्य निर्धारित अवधि तक पूर्ण नहीं किया जा रहा है या गुणवत्ता में कमी दिख रही है, तो उन्हें काली सूची में डाल दें। वहीं जल जीवन हरियाली योजना के तहत चल रही सभी योजनाएं सभी पंचायतों में सुचारू रूप से संचालित है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि विधानसभा चुनाव-2025 के पूर्व सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत पूर्ण कर लें। ग्रामीण कार्य विभाग तथा पथ निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा में बताया गया कि योजना के अनुरूप सभी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के तहत पंचायती राज विभाग से संबंधित 768 योजना के विरूद्ध 700 योजनाओं को पूरा कर लिया गया है। नगर निगम में बने सभी सड़कों की स्थिति सही नहीं रहने की शिकायत पर मंत्री ने कहा कि इसे गंभीरता से लें और जितना जल्द हो सके सभी सड़कों को सुधार कराने का निर्देश डीएम को दिया। बैठक में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह, विधायक प्रणव कुमार व राजीव सिंह, नगर आयुक्त निखिल धनराज, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, मेयर कुमकुम देवी आदि थे।

# डीएम ने की खरीफ विपणन की समीक्षा बैठक




निज संवाददाता। नवादा

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को डीआरडीए सभागार में खरीफ विपणन से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2023-24 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति हेतु नवादा जिले का लक्ष्य 1,25,714 एमटी है, जिसमें से 97,934.995 एमटी (77.90 प्रतिशत) धान की अधिप्राप्ति की गई है। इसके समतुल्य सीएमआर 67,261.750 एमटी के विरुद्ध बिहार राज्य खाद्य निगम, नवादा को 56,493.081 एमटी (84.83 प्रतिशत) सीएमआर आपूर्ति की गई है। अवशेष सीएमआर की आपूर्ति हेतु संबंधित पैक्स अध्यक्ष एवं राइस मिलर्स की समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिया कि अवशेष सीएमआर को बिहार राज्य खाद्य निगम, नवादा को अविलंब उपलब्ध कराया जाए। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि राज्य का सीएमआर 85 प्रतिशत है, जबकि जिले का सीएमआर 84.83 प्रतिशत है और नवादा जिले की राज्य में 19वीं रैंकिंग है। जिलाधिकारी ने मिलर्स को न्यूनतम लॉट्स सीएमआर आपूर्ति करने का भी निर्देश दिया। इस बैठक में अपर समाहर्ता नवादा, उप विकास आयुक्त नवादा, जिला परिवहन पदाधिकारी, डीसीओ, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सभी पैक्स अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### फेस रिकग्निशन अटेंडेंस सिस्टम से संबंधित बैठक

वहीं, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की फेस रिकग्निशन अटेंडेंस सिस्टम से संबंधित बैठक भी आयोजित की गई। डीपीएम ने बताया कि जिले में कुल 433 एनएचएम कर्मी हैं, जिनकी उपस्थिति फेस रिकग्निशन अटेंडेंस सिस्टम के तहत दर्ज की जानी है। दोपहर 12 बजे तक 355 कर्मियों (82 प्रतिशत) की उपस्थिति दर्ज हो पाई थी। इस संदर्भ में सिविल सर्जन नवादा को निर्देश दिया गया कि वे नियमित रूप से इस अटेंडेंस सिस्टम की समीक्षा करें। जिलाधिकारी ने बताया कि आज शाम 8 बजे सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधकों के साथ वीसी के माध्यम से समीक्षा की जाएगी। समीक्षा के दौरान पाया गया कि 5 एएनएम (मनोरमा कुमारी, अल्का कुमारी, स्नेहलता कुमारी, डेजी कुमारी एवं संगीता कुमारी) ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फेस रिकग्निशन अटेंडेंस सिस्टम में रजिस्ट्रेशन करने से इंकार कर दिया। कुछ एएनएम और एनएचएम कर्मी अनुपस्थित पाए गए, जिनके विरुद्ध जिलाधिकारी ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा श्री दीपक कुमार मिश्रा, नोडल पदाधिकारी स्वास्थ्य विभाग श्री शशांक राज, सिविल सर्जन नवादा डॉ. नीता अग्रवाल, डीआईओ डॉ. अशोक कुमार, डीपीएम श्री अमित कुमार, बीसीएम नवादा सदर श्री धनपद प्रसाद एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पर्यावरण प्रहरी के नाम से मशहूर राजो महतो को मंत्री ने किया सम्मानित



निज संवाददाता। कौआकोल (नवादा)

अपने जीवन काल में निःस्वार्थ भाव से सैकड़ों बरगद, पीपल, नीम सहित अन्य छायेदार पौधा लगाने वाले प्रखण्ड के दरावां पंचायत के बाजितपुर गांव निवासी व किसान रंजीत महतो उर्फ राजो महतो को सोमवार को नवादा में सम्मानित किया गया। वन महोत्सव पर नवादा में आयोजित एक कार्यक्रम में नवादा जिला के प्रभारी मंत्री व बिहार सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग के मंत्री डॉ० प्रेम कुमार ने जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मोमेंटो एवं अन्य उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके इस हौसले को सलाम किया। बता दें कि राजो महतो कौआकोल प्रखण्ड में पर्यावरण प्रहरी के नाम से प्रसिद्ध हैं। उन्होंने अपने निजी खर्च पर निजी जमीन एवं बंजर जमीन पर सैकड़ों पौधा रोपण कर एवं उनकी देखभाल कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है।

# कांग्रेस पार्टी द्वारा अंचल निगरानी समिति का गठन, सरकारी योजनाओं पर रहेगी नजर

निज संवाददाता। रजौली (नवादा)




कांग्रेस पार्टी के प्रखंड स्तरीय कार्यालय में बुधवार को प्रखंड अध्यक्ष रामरतन गिरी की अध्यक्षता में एक बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी को मजबूती प्रदान करना और सरकारी योजनाओं की निगरानी हेतु एक समिति का गठन करना था। प्रखंड अध्यक्ष रामरतन गिरी ने बताया कि बैठक में पार्टी की मजबूती हेतु विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि 1947 में जब भारत को आज़ादी मिली, तो उसे बहुत ही दयनीय स्थिति विरासत में मिली थी। स्वतंत्रता के बाद औपनिवेशिक पिछड़ेपन को खत्म करना समय की मांग थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने इस कार्य को बहुत अच्छी तरह से योजना बनाई और उसे अंजाम दिया। लेकिन आज नेहरूवादी मॉडल की उपलब्धियों और कांग्रेस सरकारों द्वारा अपनाई गई नीतियों को कमतर आंकना एक फैशन बन गया है। यह कांग्रेस पार्टी का नेहरूवादी युग था, जिसने मानव संसाधन और बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया जो अंततः हमारे देश के समग्र विकास के लिए पूर्व-शर्तें साबित हुईं। गिरी ने कहा कि आज भी कांग्रेस पार्टी गरीबों और मजदूरों के लिए लड़ रही है। वर्तमान केंद्र सरकार में महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है। इस सरकार में भ्रष्टाचारियों का बोलबाला है। ऐसे में केंद्र और राज्य से गरीबों एवं मजदूर वर्ग के लोगों को मिलने वाली सरकारी योजनाओं में गोलमाल किया जा रहा है। इसे रोकने के लिए कांग्रेस पार्टी के बैनर तले अंचल स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया है, जो सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर नजर बनाए रखेगी। इससे गरीब एवं मजदूर वर्ग के लोगों का हक उनसे कोई छीन नहीं पाएगा। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि इस समिति में उनके अलावा मो. अरसाद अंसारी, डॉ. अनवारुल हक, नरेश राम, मोहन चौधरी और मनौउर अंसारी शामिल हैं। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी इन्द्रदेव राम समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# तबादला होने के बाद भी नहीं कम रही बीडीओ की मुश्किलें
## ग्रामीण विकास विभाग के अपर सचिव ने मांगा स्पष्टीकरण

निज संवाददाता। कौआकोल (नवादा)

कौआकोल के निवर्तमान बीडीओ सुनील कुमार चाँद का तबादला हो जाने के बाद भी उनकी मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। नवादा के जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा द्वारा कौआकोल बीडीओ सुनील कुमार चाँद के विरुद्ध प्रपत्र क गठन करने और विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा के आलोक में, ग्रामीण विकास विभाग ने बीडीओ पर लगातार तीसरी बार स्पष्टीकरण का नोटिस जारी किया है। इस बार बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के अपर सचिव भानु प्रकाश ने बीडीओ से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए डीएम द्वारा प्रतिवेदित आरोपों पर कंडिकावार साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण मांगा है। सरकार के अपर सचिव भानु प्रकाश के हस्ताक्षर से जारी पत्र में बीडीओ को प्रेषित करते हुए उल्लेखित किया गया है कि नवादा के डीएम के पत्रांक-160, दिनांक 01 मार्च 2024 के द्वारा प्रतिवेदित आरोपों पर कंडिकावार स्पष्टीकरण एक सप्ताह के अंदर साक्ष्य सहित समर्पित करें कि क्यों न आपके विरुद्ध नियमानुकूल अनुशासनिक कार्रवाई की जाए?

इसके पूर्व, ग्रामीण विकास विभाग के उप सचिव रवि कुमार द्वारा 28 मार्च एवं 04 जून को भी स्पष्टीकरण की मांग की गई थी। परंतु बीडीओ द्वारा अब तक कोई ठोस जवाब नहीं दिया गया। जिसके बाद 09 जुलाई को सरकार के अपर सचिव भानु प्रकाश ने पुनः स्पष्टीकरण मांगा है। जानकारी हो कि कौआकोल में बीडीओ सुनील कुमार चाँद की मिलीभगत से मनमाने ढंग से आवास योजना, कन्या विवाह योजना सहित अन्य योजनाओं में धांधली कर सरकारी रुपये की लूट मचाई गई थी। इसकी शिकायत विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने कौआकोल प्रखंड प्रमुख रीना राय एवं उपप्रमुख अनन्त कुमार यादव से की थी। प्रमुख रीना राय एवं जदयू नेता संजय यादव के हस्तक्षेप के बाद नवादा के तत्कालीन डीएम एवं डीडीसी द्वारा तत्कालीन वरीय उपसमाहर्ता विकास पांडेय से मामले की जांच कराई गई थी। जांच में मामला सही पाए जाने के बाद, डीएम ने बीडीओ सुनील कुमार चाँद को दोषी मानते हुए प्रपत्र क गठन करने के साथ ही कार्रवाई

1. **धांधली के आरोपः** बीडीओ पर आवास योजना, कन्या विवाह योजना सहित अन्य योजनाओं में धांधली के आरोप।
2. **शिकायतः** विभिन्न जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने शिकायत की थी।
3. **जांच रिपोर्टः** तत्कालीन वरीय उपसमाहर्ता विकास पांडेय द्वारा जांच में आरोप सही पाए गए।
4. **वर्तमान स्थितिः** सुनील कुमार चाँद का किसी प्रखंड में पोस्टिंग नहीं किया गया है, उन्हें विभाग में योगदान देने का आदेश।

# कौआकोल के पांच होनहारों ने पाई दारोगा में सफलता

निज संवाददाता। कौआकोल (नवादा)

**इलाके में ख़ुशी का माहौल**

कौआकोल के पांच होनहारों ने पाई दारोगा में सफलता, इलाके में खुशी का माहौल कौआकोलः मंगलवार को घोषित बिहार दारोगा की फाइनल मेरिट लिस्ट में कौआकोल प्रखंड के पांच होनहार युवाओं ने अंतिम रूप से दारोगा में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कौआकोल पंचायत के बरियारपुर गांव निवासी राजद नेता और किसान परिवार से आने वाले जयपाल सिंह यादव और गृहिणी जिछनी देवी के छोटे पुत्र दीपक कुमार ने अपने तीसरे प्रयास में दारोगा बनने का सपना साकार किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और अन्य स्वजनों को दिया। वहीं, कौआकोल बाजार निवासी पान दुकानदार जयप्रकाश चौरसिया उर्फ लटोरन और गृहिणी सुनैना देवी के पुत्र मुकेश कुमार का भी दारोगा में चयन हुआ है। जोरावरडीह गांव निवासी किसान हरि यादव और गृहिणी जयमंती देवी की पुत्री सरोज कुमारी का भी अंतिम रूप से दारोगा पद पर चयन हुआ है। वे वर्तमान में फुलवारी जेल, पटना जिला में जेल सिपाही के पद पर कार्यरत हैं। देवनगढ़ पंचायत के रामपुर बलुआ गांव निवासी और मजदूर परिवार से आने वाले भरत राम और गृहिणी मीना देवी के पुत्र नीरज कुमार ने दारोगा बनकर इलाके में गौरव हासिल किया है।

प्रखंड के नावाडीह गांव के ही निवासी किसान कुमुद कुमार सिंह के पुत्र राहुल कुमार का भी दारोगा पद पर चयन हुआ है। इनके भाई राकेश कुमार भी बीपीएससी से क्वालीफाई कर एसडीओ बन चुके हैं, हालांकि उन्होंने एसडीओ पद से इस्तीफा देकर सुल्तानगंज में भूगोल विषय के प्रोफेसर के रूप में कार्य कर रहे हैं। पांचों होनहारों की इस सफलता पर प्रखंड के लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है।

# लोको पायलट रेलवे परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य, कार्य स्थितियों में हुआ बड़ा सुधार

**नयी दिल्ली (वि.सं.)| लोको पायलट रेलवे परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं, जो ट्रेनों की सुरक्षित और समय पर संचालन के लिए जिम्मेदार होते हैं। पिछले दस वर्षों में लोकोमोटिव पायलटों की कार्य स्थितियों में बड़े सुधार किए गए हैं, जिससे उनका काम अधिक सुरक्षित और आरामदायक हो गया है।**

### रनिंग रूम में सुधार :

लोको पायलट जब अपने मुख्यालय से बाहर होते हैं, तब एक यात्रा पूरी होने पर वे आराम के लिए रनिंग रूम में आते हैं। 2014 से पहले रनिंग रूम की हालत बहुत खराब थी, लेकिन आज इनमें काफी सुधार हुआ है। लगभग सभी 558 रनिंग रूम अब वातानुकूलित हैं, जिससे पायलटों को आरामदायक वातावरण मिल सके। इसके अलावा, कई रनिंग रूम में फुट मसाजर भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे पायलटों को अतिरिक्त आराम मिल सके।

### लोको कैब में सुधारः

पायलट लोको कैब से लोकोमोटिव चलाते हैं। 2014 से पहले कैब की हालत बहुत खराब थी, लेकिन 2014 के बाद से इसमें एर्गोनोमिक सीटों के साथ सुधार किया गया है। 7,000 से अधिक लोको कैब अब वातानुकूलित हैं, और नए लोकोमोटिव का निर्माण भी वातानुकूलित कैब के साथ ही किया जा रहा है। इससे पायलटों को अधिक आरामदायक और सुरक्षित वातावरण मिलता है।

### ड्यूटी घंटे और विश्रामः

लोको पायलट के ड्यूटी घंटों की सावधानीपूर्वक निगरानी की जाती है। यात्राओं के बाद उन्हें विश्राम भी बहुत सावधानीपूर्वक प्रदान किया जाता है। ड्यूटी के घंटे निर्धारित समय के भीतर रखे जाते हैं, और इस वर्ष जून माह में औसत ड्यूटी घंटों की अवधि 8 घंटे से कम है। केवल अत्यावश्यक स्थिति में ही यात्रा की अवधि निर्धारित घंटे से अधिक होती है।

### भर्ती प्रक्रिया और ट्रेनिंगः

पिछले कुछ वर्षों में, बड़ी भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई है और 34,000 रनिंग स्टाफ की भर्ती की गई है। वर्तमान में 18,000 रनिंग स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जिससे रेलवे में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है।

### फर्जी खबरों से सावधानः

रेल परिवार को हतोत्साहित करने के लिए कुछ फर्जी खबरें फैलाई जा रही हैं, लेकिन पूरा रेल परिवार हमारे देश की सेवा में एकजुट है और इन प्रयासों को विफल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### विशेष सुविधाएंः

1. **वातानुकूलित विश्रामकक्ष (AC रनिंग रूम)**: 2004-14 के बीच शून्य, जबकि 2014-24 के बीच सभी 558 रनिंग रूम में AC की सुविधा प्रदान की गई।
2. **इंजन के अंदर वातानुकूलित केबिन (AC लोको कैब)**: 2004-14 के बीच शून्य, जबकि 2014-24 के बीच 7075 लोको में AC की सुविधा प्रदान की गई।
3. **इंजन के अंदर टायलेट सुविधाएंः** 2004-14 के बीच शून्य, जबकि 2014-24 के बीच 815 इंजन में टायलेट की सुविधा

# शाहकुंड में जमाबंदी से छेड़छाड़, जमीन की खरीद-बिक्री व म्यूटेशन पर रोक

निज संवाददाता। भागलपुर

**15 जुलाई तक बीज वितरण का काम पूरा करें**




जमाबंदी में छेड़छाड़ पर लगाम नहीं लग पा रहा है। ताजा मामला शाहकुंड अंचल का है। शाहकुंड अंचल में जमाबंदी में छेड़छाड़ की गई है। डीएम ने संदिग्ध जमाबंदी वाली जमीन की खरीद-बिक्री और म्यूटेशन पर रोक लगा दी है। इसके लिए डीएम नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में श्रावणी मेला की तैयारी की समीक्षा की गई। इसमें सभी जरूरी काम समय से पहले पूरा करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। साथ ही डीएम ने सभी पदाधिकारी को कार्यालय में अनुशासन का पालन करने का निर्देश दिया। समय पर कार्यालय पहुंचने, और समय से काम के निपटारे को कहा। बैठक में पंचायत सरकार भवन के निर्माण की समीक्षा की गई। बताया गया कि 84 पंचायत सरकार भवन बने हैं। जिन प्रखंडों में इस भवन का निर्माण पेंडिंग है वहां के बीडीओ से कारण की समीक्षा की गई। बताया गया कि वर्ष 2021- 22 के लिए तय लक्ष्य में सुल्तानगंज, सबौर, पीरपैंती व बिहपुर में जमीन और कटाव की समस्या रही। वर्ष 2023- 24 के लिए तय लक्ष्य के लिए पंचायत सरकार भवन में नाथनगर, सबौर, सन्हौला, पीरपैंती, खरीक और नारायणपुर में समस्या है। अधिकतर जगहों पर जमीन का सीमांकन नहीं होने से निर्माण नहीं हो पा रहा है। बैठक में यह भी पाया गया कि पंचायत समिति की ओर से 15वीं वित्त की राशि खर्च नहीं की गयी है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना के तहत पेंडिंग आवासों का निर्माण शीघ्र करवाने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग की समीक्षा में पाया गया कि वर्ष 2024- 25 के लिए अतिरिक्त वर्गकक्ष निर्माण का लक्ष्य 198 है। आठ वर्ग कक्ष बनाये जा चुके हैं और 18 निर्माणाधीन हैं। बैठक में एनआरसी में कुपोषित बच्चों को रेफर करने, परवरिश योजना के तहत अनाथ बच्चों को लाभान्वित करने की समीक्षा की गई। डीएम ने कहा कि कोई भी ऐसा बच्चा, जिसे योजनाओं का लाभ मिल सकता है, लेकिन संबंधित कर्मियों और पदाधिकारी के लापरवाही के कारण छूट गया है, तो संबंधित कर्मी और पदाधिकारी पर कार्रवाई होगी। खेल विभाग की समीक्षा में डीएम ने कहा कि जिले में एक क्रिकेट का स्टेडियम बनना चाहिए, इसके लिए 20 एकड़ जमीन की तलाश के लिए नगर निगम और सदर एसडीओ को निर्देश दिया गया। जिला खेल पदाधिकारी ने बताया गया कि प्रत्येक पंचायत में खेल का मैदान बनाने का निर्देश मिला है। डीएम ने सभी बीडीओ को सभी मुखिया के साथ बैठक कर खाली जमीन पर खेल मैदान बनाने का प्रस्ताव भेजने को कहा।

## संक्षिप्त समाचार



### महिला आईआरएस अधिकारी ने कराया लिंग परिवर्तन, मिला नया नाम, सरकार ने भी दी मंजूरी

**हैदराबाद , एजेंसी।** भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) की एक वरिष्ठ महिला अधिकारी ने अपना लिंग परिवर्तन कराया है। वित्त मंत्रालय ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए सभी आधिकारिक कागजातों में उनका नाम और लिंग बदलने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। भारतीय सिविल सेवाओं में ऐसा पहली बार हुआ है।

हैदराबाद में सीमा शुल्क उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) के मुख्य आयुक्त के कार्यालय में संयुक्त आयुक्त के पद पर तैनात एम अनुसूया ने लिंग और नाम परिवर्तन का अनुरोध किया था। उन्होंने अपना नाम बदलकर एम अनुकथिर सूर्या कर लिया है। साथ ही उन्होंने लिंग वाले कॉलम में महिला की जगह पुरुष करने का अनुरोध किया था।

सूर्या ने दिसंबर 2013 में चेन्नई में सहायक आयुक्त की जिम्मेदारी संभाली। इसके बाद 2018 में उन्हें डिप्टी कमिश्नर बनाया गया। उन्होंने पिछले साल हैदराबाद में अपनी वर्तमान पोस्टिंग पर जॉइन की थी। उन्होंने चेन्नई में मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से इलेक्ट्रॉनिक्स में अपनी स्नातक की डिग्री पूरी की। इसके बाद 2023 में भोपाल में नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी से साइबर लॉ और साइबर फोरेंसिक में पीजी डिप्लोमा पूरा किया।

### जींस पहनकर आने पर हाईकोर्ट ने वकील को कैंपस से बाहर निकाला, अब सुप्रीम कोर्ट से भी लगा झटका



**गुवाहाटी, एजेंसी।** गुवाहाटी हाईकोर्ट के जज ने एक वकील को जींस पहनकर दलील देने पहुंचे एक वकील को कोर्ट परिसर से बाहर निकालने के आदेश दिया था। हाईकोर्ट की इस कार्रवाई से दुखी होकर वकील ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। वकील ने सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी याचिका में कहा था कि कोर्ट के पास पुलिस को बुलाकर उसे कोर्ट से बाहर निकालने का कोई अधिकार नहीं है। इस मामले पर देश की सर्वोच्च अदालत में सुनवाई हुई। वकील को यहां भी झटका लगा और सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्येक अधिवक्ताओं को पोशाक के लिए तय नियमों का पालन करने की नसीहत दी। लाइव लॉ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हाईकोर्ट ने अधिवक्ता को कोर्ट परिसर से हटाने के लिए पुलिस कर्मियों को बुलाया था। उच्च न्यायालय के निर्देश से व्यथित होकर वकील ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और तर्क दिया कि हाईकोर्ट के पास पुलिस सहायता से उसे डी-कोर्ट करने का कोई अधिकार नहीं है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट इस मामले को स्थगित कर सकता था। पुलिस को बुलाने के बजाय वकील को कोर्ट से बाहर जाने के लिए कह सकता था। वकील न तो अभद्र हो, न ही अनियंत्रित और उसने कोर्ट से माफी मांगी थी, ऐसी स्थिति में पुलिस को बुलाने की जरूरत नहीं थी। इस मामले का निपटारा करते हुए न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा, यह कहने की कोई आवश्यकता नहीं है कि प्रत्येक अधिवक्ता से अपेक्षा की जाती है कि वह नियमों के अनुसार उचित पोशाक में कोर्ट में आएं और आचरण करें। अधिवक्ता ने सुप्रीम कोर्ट से पहले हाईकोर्ट में भी याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने जींस पहनने के कारण उन्हें अदालत से बाहर करने के आदेश को वापस लेने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने हालांकि आदेश वापस लेने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था, यदि कोर्ट में जींस पहनी जा सकती है, तो आवेदक अगला प्रश्न पूछ सकता है कि उसे फटी जींस, फीकी जींस, प्रिंटेड पैच वाली जींस पहनकर कोर्ट में उपस्थित होने की अनुमति क्यों नहीं दी जानी चाहिए।

# असम में बाढ़ के कारण छह गैंडों की मौत



**गुवाहटी, एजेंसी।** भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में विनाशकारी बाढ़ ने 3,000 गांवों के 18 लाख लोगों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है. असम में अब तक कम से कम 72 लोगों और छह गैंडों की जान चली गई है.भारत के असम राज्य में बाढ़ न केवल हजारों गांवों के लिए विनाशकारी साबित हुई, बल्कि बाढ़ ने एक राष्ट्रीय उद्यान को भी अपनी चपेट में ले लिया. असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुवाहाटी में एक बयान में कहा कि बाढ़ का प्रभाव अब कुछ हद तक कम होने लगा है. उन्होंने कहा, ब्रह्मपुत्र और उससे जुड़ी नदियों में जल स्तर बहुत खतरनाक स्तर से नीचे आ गया है दक्षिण एशियाई क्षेत्र में जून से सितंबर तक होने वाली मॉनसूनी बारिश गर्मी की तीव्रता को कम करने और पानी की उपलब्धता में सुधार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन दूसरी ओर मॉनसून बड़े पैमाने पर लोगों को नुकसान पहुंचाने का कारण भी बनता है. हर साल बाढ़ के कारण लोगों को अपने घरों को छोड़ना पड़ता है. हर साल बाढ़ का कहर हाल के सालों में बारिश और बाढ़ की तीव्रता में वृद्धि हुई है, जबकि विशेषज्ञों का कहना है कि गंभीर पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन ऐसी समस्याओं को बढ़ा रहे हैं. जैसे-जैसे पूर्वोत्तर भारत में बाढ़ का जल स्तर कम हो रहा है, क्षेत्र के वन्य जीवन पर आपदा के विनाशकारी प्रभाव साफ होने लगे हैं. असम का काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान विशेष रूप से प्रभावित हुआ है. असम के मुख्यमंत्री के मुताबिक,बाढ़ ने इंसान और जानवर दोनों को समान रूप से प्रभावित किया है सरमा ने सोशल मीडिया पर बाढ़ के पानी में फंसे एक गैंडे के बच्चे का वीडियो भी पोस्ट किया, जिसकी ठुड्डी पानी में डूबी हुई थी

सरमा ने लिखा कि उन्होंने अधिकारियों को उसे रेस्क्यू करने के निर्देश दिए थे. बाढ़ के कारण जंगली जानवरों की मौत काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की फील्ड डायरेक्टर सोनाली घोष ने बताया कि अब तक काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में बाढ़ के पानी में डूबने से छह गैंडे, 100 हॉग डियर और दो सांभर की मौत हो गई जबकि 17 हॉग डियर, एक-एक स्वॉम्प डियर, रीसस मैकाक और ऊदबिलाव की देखभाल के दौरान मौत हो गई. उद्यान प्राधिकरण और वन विभाग ने बाढ़ के दौरान 97 जंगली जानवरों को बचाने में भी कामयाबी हासिल की है. राष्ट्रीय उद्यान में बाढ़ की स्थिति में सुधार हो रहा है लेकिन 233 में से 69 वन शिविर अभी भी पानी में डूबे हुए हैं. विश्व के एक सींग वाले गैंडों की कुल संख्या का दो-तिहाई हिस्सा भारत के काजीरंगा पार्क में पाया जाता है. अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संगठन के अनुसार, एक सींग वाले गैंडे की प्रजाति अपने अस्तित्व के लिए इतने गंभीर खतरे का सामना कर रही है कि विश्व संगठन ने इस प्रजाति का नाम अपनी लाल सूची में शामिल कर लिया है. 2018 की गणना के अनुसार काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में 2,413 गैंडे हैं. यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा में लगभग हर साल बाढ़ आती है, जिससे जल आपूर्ति को फिर से भरने और पार्क के पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में मदद मिलती है।

## राजस्थान में अब घरेलू पानी से गाड़ी धोने पर 1000 रुपए जुर्माना

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में पीने के पानी का इस्तेमाल अब घरेलू के अलावा अन्य किसी काम के लिए नहीं किया जा सकेगा। घरों में सप्लाई होने वाले पानी से लोग न गाड़ी धो सकेंगे, न ही किसी निर्माण में इस्तेमाल कर सकेंगे। रेस्टोरेंट में भी घरेलू पानी का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। राजस्थान जलदाय विभाग द्वारा पानी की लीकेज से लेकर घरेलू कनेक्शन का व्यावसायिक इस्तेमाल पर जुर्माना और प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। घरेलू पानी को व्यर्थ बहाने पर जलदाय विभाग ने नियम बनाएं हैं जिसमें पानी को बेवजह बहाने पर जुर्माना लगाया जाएगा।जलदाय विभाग के



मुताबिक, घरेलू पानी सप्लाई के जरीए पीने, नहाने, बर्तन और कपड़े धोने के काम में लाया जा सकेगा, लेकिन अगर इसका इस्तेमाल घर के उद्यानों, सिचाई कार्य, भवन निर्माण, सार्वजनिक फव्वारे, स्विमिंग पूल, सजावटी कार्य या सजावटी कार्यों में किया जाता है तो इस पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है। घरेलू कनेक्शन का इस्तेमाल रेस्तरां, होटल, बोर्डिंग हाउस या आवासीय क्लब, थिएटर, सिनेमाघर और सड़कों पर पानी देने में भी घरेलू पानी का इस्तेमाल होता है तो इस पर कार्रवाई की जाएगी। वाहनों को धोने में भी घरेलू पानी का उपयोग नहीं कर सकेंगे. कार्रवाई के लिए फील्ड पर इंजीनियर फोटो लेंगे और वीडियो बनाएंगे। इस सबूत को उपभोक्ता के खिलाफ कोर्ट में पेश किये जाएंगे। अगर पानी का दुरुपयोग साबित हो गया तो कोर्ट उपभोक्ता पर जुर्माना लगाएगा।

# कोलकाता के राज्यपाल पर रेप का इल्जाम लगाने वाली डांसर ने कहा केस वापस नहीं लूंगी



**कोलकाता, एजेंसी।** पिछले साल अक्टूबर में बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस और उनके भतीजे पर बलात्कार का आरोप लगाने वाली ओडिसी डांसर ने यह साफ कर दिया है कि वह इस केस को वापस नहीं लेगी। एक बयान जारी कर उसने मामले को वापस लेने से साफ इनकार किया है। हालांकि उसने यह स्पष्ट किया है कि वह सक्रिय रूप से इस मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहती। इसकी वजह यह है कि वह अमेरिका में भी एक लंबी कानूनी लड़ाई लड़ रही है जो अमेरिकी उपराष्ट्रपति और केंद्र के सामने लंबित है। उसने कहा है कि यह उसके स्वास्थ्य पर भारी पड़ रही है। उसने यह बयान तृणमूल के वरिष्ठ पदाधिकारी कुणाल घोष को जारी किया, जिन्होंने इसे फेसबुक पर शेयर किया है। गौरतलब है कि डांसर पहले अमेरिका में रहती थी। उन्होंने राज्यपाल और उनके भतीजे पर जनवरी 2023 में दिल्ली के होटल में यौन शोषण का आरोप लगाया था। कानूनी केस में उलझने के बाद वह वापस कोलकाता आ गई थी। उसने पुलिस को बताया कि अमेरिका के इसी कानूनी केस के लिए वह राज्यपाल से मदद मांगने आई थी।

उसकी शिकायत के आधार पर, हेयर स्ट्रीट पुलिस ने राज्यपाल के भतीजे के खिलाफ बलात्कार और आपराधिक साजिश के लिए एक जीरो एफआईआर दर्ज की थी और इसे दिल्ली पुलिस को भेज दिया था। बयान में साफ तौर पर कहा गया है कि उन्होंने शिकायत वापस नहीं ली है। उसने यह भी कहा कि वह राज्यपाल बोस से संबंधित शिकायत को आगे नहीं बढ़ाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि वह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं और इसके साथ ही खराब स्वास्थ्य उसे इस समय राज्यपाल बोस से संबंधित मामले को आगे बढ़ाने की इजाजत नहीं दे रहा है।

घोष ने मंगलवार को डांसर का बयान पोस्ट किया जिस पर शिकायतकर्ता (राज्यपाल बोस जनवरी 2023 दिल्ली ताज होटल मामले के संबंध में) के हस्ताक्षर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से शिकायतकर्ता को जानते हैं। उन्होंने प्रेस को बताया, उन्होंने मुझसे सही जानकारी देने के लिए संपर्क किया था क्योंकि कुछ गलत रिपोर्ट सामने आ रही थीं, जिनमें बिना नाम के गृह मंत्रालय अधिकारी के हवाले से कहा गया था कि वह अपना मामला वापस ले रही हैं। उन्होंने आगे कहा, पत्र से यह स्पष्ट हो गया है कि वह अभी भी केस लड़ेंगी। हालांकि अमेरिका और भारत से जुड़े कुछ कानूनी केस के कारण वह इस समय मामले को आगे बढ़ाने में असमर्थ हैं।

**होटल में किया गया दुर्व्यवहार :** महिला ने पहले पुलिस को बताया था कि उसे विदेश यात्रा और डांस परफॉर्मेंस में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इसलिए उसने बोस से मदद के लिए संपर्क किया था। उसके अनुसार बोस ने उसे मदद का वादा करते हुए विदेश मंत्रालय से संपर्क करने के लिए कहा था। इसके बाद उसे फ्लाइट टिकट भेजे गए और 5 और 6 जनवरी, 2023 को दिल्ली के एक होटल में ठहरने के लिए बुक किया गया। उसने पुलिस को बताया कि राज्यपाल उस समय दिल्ली के बंगाल भवन में ठहरे हुए थे और होटल में जब उससे मिलने आए थे तो उसके साथ दुर्व्यवहार किया।

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को अहम कामयाबी; 8 लाख रु की इनामी नक्सली ढेर, 4 माओवादी गिरफ्तार



**कांकेर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में नक्सल मोर्चे पर तैनात सुरक्षाबलों को मंगलवार को दोहरी सफलता मिली। एक तरफ उन्होंने 8 लाख रुपए की इनामी नक्सली को मार गिराया, तो वहीं दूसरी तरफ 4 नक्सलियों को गिरफ्तार भी कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में आठ लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली को मार गिराया।

कांकेर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) इंदिरा कल्याण एलेसेला ने बताया कि छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिनागुंडा गांव के करीब जंगल में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में महिला नक्सली रीता मड़ियाम (30) को मार गिराया।

एलेसेला ने बताया कि छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में जिला रिजर्व गार्ड (ष्ठत्रन्न), बस्तर फाइटर्स और सीमा सुरक्षा बल (क्चस्स्न) के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था तथा दल जब बीनागुंडा गांव के जंगल में था तब नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की और कुछ देर तक दोनों ओर से गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जब घटनास्थल की तलाशी ली तब वहां एक महिला नक्सली का शव, एक .303 की राइफल, एक .315 बोर की राइफल और भारी मात्रा में हथियार तथा नक्सली सामान बरामद किया। एलेसेला ने बताया कि महिला नक्सली की पहचान पीएलजीए मिलिट्री कंपनी नंबर पांच की सदस्य रीता मड़ियाम के रूप में हुई है और उसके सिर पर 8 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

उधर सुकमा जिले में पुलिस को मंगलवार को चार नक्सलियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली। बताया जा रहा है कि ष्ठत्रन्न और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम एरिया डॉमिनेशन ऑपरेशन पर निकली थी। उसी समय इन नक्सलियों को पकड़ने में सफलता मिली हैं। गिरफ्तार सभी नक्सली चिंतलनार थाना क्षेत्र के निवासी हैं। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि इस वर्ष अब तक नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों ने बस्तर क्षेत्र में 137 नक्सलियों को मार गिराया है तथा इस दौरान 498 चरमपंथी गिरफ्तार किए गए हैं और 461 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

## सिद्धारमैया की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, कर्नाटक में उनकी पत्नी और साले के खिलाफ पुलिस शिकायत



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक कांग्रेस और सरकार में डीके शिवकुमार के साथ वर्चस्व की लड़ाई का सामना कर रहे मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की मुश्किलें उस समय और बढ़ गईं, जब उनकी पत्नी पार्वती, उनके साले मल्लिकार्जुन और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) घोटाले के सिलसिले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। सामाजिक कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा ने यह शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि मैसूर जिला कलेक्टर और अन्य सरकारी अधिकारियों के साथ-साथ सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और एमयूडीए के अधिकारी भूमि आवंटन घोटाले में शामिल हैं। कृष्णा ने कर्नाटक के राज्यपाल, मुख्य सचिव और राजस्व विभाग के प्रधान सचिव को भी पत्र लिखकर विवाद की जांच की मांग की है। स्नेहमयी कृष्णा की शिकायत के अनुसार, सिद्धारमैया के साले मल्लिकार्जुन ने अन्य सरकारी और राजस्व विभाग के अधिकारियों की मदद से 2004 में अवैध रूप से जमीन खरीदी और जाली दस्तावेजों के आधार पर इसकी रजिस्ट्री कराई। उन्होंने आरोप लगाया है कि पार्वती, मल्लिकार्जुन और एक अन्य व्यक्ति ने इन दस्तावेजों का इस्तेमाल स्रूष्ठ से जुड़े करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने के लिए किया।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, कृष्णा ने कहा कि पुलिस ने उनकी शिकायत की रिसिविंग तो दी है लेकिन इस मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन होने के कारण अलग से प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। उन्होंने पुलिस से सात दिनों के भीतर उनकी शिकायत के आधार पर मामले की जांच करने और उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

कर्नाटक में भूमि आवंटन घोटाला सुर्खियों में रहा है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री की पत्नी 2021 में भाजपा के कार्यकाल के दौरान एमयूडीए की लाभार्थी थीं। उस समय मैसूर के प्रमुख स्थानों में 38,284 वर्ग फुट भूमि उन्हें उनकी 3.16 एकड़ जमीन के कथित अवैध अधिग्रहण के मुआवजे के रूप में आवंटित की गई थी। मैसूर के केसारे गांव में उनकी 3.16 एकड़ जमीन उनके भाई मल्लिकार्जुन ने उन्हें उपहार में दी थी।

मुआवजे के तौर पर दक्षिण मैसूर में एक प्रमुख इलाके में उन्हें जमीन दी गई। आरोप है कि केसर गांव की जमीन की तुलना में इसकी कीमत काफी अधिक है। इसके कारण मुआवजे की निष्पक्षता पर सवाल उठाए गए हैं। सिद्धारमैया ने इस भूमि आवंटन का बचाव करते हुए कहा है कि यह पिछली भाजपा सरकार के दौरान किया गया था।

### महाराष्ट्र में एक और हिट एंड रन, कार की टक्कर से 20 मीटर दूर गिरी महिला; मौत

**नासिक, एजेंसी।** पुणे में पोर्श कार, मुंबई में बीएमडब्ल्यू कांड के बाद अब महाराष्ट्र के नासिक से एक और हिट एंड रन का केस सामने आया है। यहां एक कार ने सड़क चलती महिला को तेज टक्कर मार दी, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला काफी दूर जाकर गिरी। खास बात है कि पूरी घटना सीसीटीवी में कैद भी हो गई है। फिलहाल, पुलिस जांच कर रही है।

नाशिक में मंगलवार को एक तेज रफ्तार कार ने एक महिला को चपेट में ले लिया। मृतका की पहचान वैशाली शिंदे के रूप में हुई है। खबर है कि टक्कर के बाद महिला 15 से 20 मीटर दूर जाकर गिरी थी। सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा है कि महिला सड़क से गुजर रही है। तभी एक सफेद रंग की कार उन्हें टक्कर मार देती है। हादसे में घायल हुई 36 वर्षीय शिंदे को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बाद में उन्होंने दम तोड़ दिया। टक्कर के बाद ड्राइवर मौके से भाग गया था। अब खबर है कि पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है। मुंबई पुलिस ने बीएमडब्ल्यू कार से एक दोपहिया वाहन को कथित तौर पर टक्कर मारने की घटना के दो दिन बाद फरार आरोपी 24 वर्षीय मिहिर शाह को गिरफ्तार कर लिया। शिवसेना नेता राजेश शाह का बेटा मिहिर उस बीएमडब्ल्यू कार को चला रहा था, जिसने एक स्कूटर को टक्कर मार दी थी। घटना में स्कूटर सवार एक महिला की मौत हो गई थी और उसका पति घायल हो गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह घटना के बाद से फरार मिहिर को मुंबई के निकट विरार से गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि मिहिर की मां और दो बहनों को ठाणे जिले के शाहपुर से पूछताछ के लिए मुंबई लाया गया है। उनसे और 10 अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# पुलवामा के बाद कठुआ आतंकी हमले में उत्तराखंड से सबसे बड़ी शहादत

### 348 से ज्यादा वीर सपूत हो चुके कुर्बान

**देहरादून, एजेंसी।** राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विभिन्न ऑपरेशन में देश के दुश्मनों से मुकाबला करते हुए उत्तराखंड के 348 से ज्यादा बहादुर बेटे अपने प्राणों की आहूति दे चुके हैं। यह संख्या उत्तराखंड बनने के बाद की है। इससे पहले के शहादतों को भी जोड़ा जाए तो यह संख्या 1700 तक है।

बीते रोज जम्मू-कश्मीर के कठुआ हमले की घटना राज्य बनने के बाद की पहली घटना है, जब एक साथ राज्य के पांच सैनिक शहीद हुए हैं। पुलवामा आतंकी हमले के दौरान भी उत्तराखंड के चार सैनिक शहीद हुए थे, लेकिन उनकी शहादत अलग-अलग दिन हुई थी।

सैनिक कल्याण विभाग के अनुसार, अलग राज्य बनने से पहले वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में देश के 525 सैन्य अफसर और सैनिक शहीद हुए थे। इनमें 75 शहीद उत्तराखंड से थे। शहीद परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद सैनिकों के परिजनों तात्कालिक सहायता के रूप में 10 लाख रुपये आर्थिक सहायता और दो लाख रुपये आवासीय सहायता के रूप में देने का प्रावधान है।

सेना मुख्यालय से शहादत के बारे में विस्तृत ब्योरा आते ही इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसके साथ ही शहीद के परिवार के एक सदस्य को उसकी शैक्षिक योग्यता के अनुसार सरकारी नौकरी मिलेगी।सरकार ने हर जिले में सृजित किए हैं पद राज्य के हर जिले में समूह 'ग' के कुछ पद सृजित हैं।

सैनिक कल्याण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार राज्य सरकार के स्तर पर तात्कालिक रूप से ये सहायता मान्य है। केंद्र सरकार के स्तर से दी जाने वाली आर्थिक सहायता अलग है। केंद्र और राज्य के स्तर पर शहीदों के परिजनों के लिए कई और योजनाएं भी चलाई जा रही हैं।



## श्रावस्ती में भीषण हादसा, ट्रैक्टर की टक्कर बाइक में लगी आग, 3 की मौत

**श्रावस्ती, एजेंसी।** श्रावस्ती में देर रात बाइक और ट्रैक्टर ट्राली में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इससे बाइक में आग लग गई। एक व्यक्ति ने मौके पर दम तोड़ दिया और एक महिला सहित दो लोगों की अस्पताल में मौत हो गई। तीनों मृतक नेपाल के निवासी थे। नेपाल राष्ट्र के जिला बांके के खास कुस्मा निवासी गोवर्धन घर्ती पुत्र खलीराम उम्र 26 साल, रामबहादुर 35 पुत्र केदार सिंह निवासी पुरना नाका जिला बाके नेपाल और कल्पना 30 एक बाइक से मंगलवार को भारतीय क्षेत्र में किसी रिश्तेदारी में आये थे। देर रात तीनों बाइक से वापस जा रहे थे। सिरसिया थाने के बेचुआ गांव के पास अचानक सामने से अनाज लदी ट्रैक्टर ट्राली आ गई। इससे दोनों वाहनों में टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बाइक में आग लग गई। इसके कारण गोबरधन घर्ती की मौके पर मौत हो गई। सूचना पल पहुंची पुलिस ने दो घायलों को सीएचसी सिरसिया पहुंचाया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# विचार-मंथन

## संपादकीय

# पुलों का ढहना

बिहार में एक पखवाड़े के भीतर लगभग एक दर्जन छोटे-बड़े पुलों के ध्वस्त होने की घटना हैरान करने के साथ-साथ चिंतित करने वाली है। जैसी खबरें हैं, अकेले बुधवार, यानी 3 जुलाई को ही राज्य के विभिन्न हिस्सों में पांच पुल-पुलिया धराशायी हो गए। इनमें सिवान में छाड़ी नदी पर बने दो पुल शामिल हैं। जाहिर है, कई गांवों का आपस में सीधा संपर्क टूट गया है और मानसून के मौसम में उनकी परेशानियां बढ़ गई हैं। बरसात के मौसम में जर्जर ढांचों के गिरने की घटनाएं ज्यादा घटती हैं और इसीलिए सभी राज्यों में स्थानीय प्रशासन मानसून आने से पहले ही उनकी पहचान कर उनका इस्तेमाल प्रतिबंधित कर देता है। मगर पुल कोई रिहाइशी इमारत नहीं, जिसमें चंद परिवार या कुछ लोग रहते हों, और जिसे एहतियातन खाली करा लिया जाए। कोई भी पुल एक इलाके की हजारों जिंदगियों की अनिवार्यता है। वह भी तब, जब गांव-गांव में दोपहिया और कारों-ट्रैक्टरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में, पुलों की अहमियत कहीं ज्यादा बढ़ गई है। उच्च तकनीक और प्रौद्योगिकी के मौजूदा समय में भी प्रकृति के आगे किसी का जोर नहीं चलता। इसलिए किसी अप्रत्याशित तीव्रता वाली धारा के विध्वंस की बात तो फिर भी समझी जा सकती है, मगर छोटी नदियों और नहरों पर बनने वाले पुल भी यदि चंद वर्षों में या बनते ही धराशायी हो जाएं, तो इसको कुदरती कहर का नतीजा नहीं, आपराधिक मानवीय लापरवाही ही मानना चाहिए। बिहार में सिवान की जिस नदी पर दो पुलों के ढहने की घटना घटी है, वह मृत हो चुकी थी और उसे जल-जीवन हरियाली अभियान के तहत पुनर्जीवित किया गया था। निस्संदेह, इसके लिए राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन सराहना के पात्र हैं। आखिर इस नदी के जिंदा होने से हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई को बल मिला है। मगर क्या उसी तंत्र को यह भी नहीं सुनिश्चित करना चाहिए था।

# फिर संभाली कमान

जैसी कि संभावना जताई जा रही थी, जेल से बाहर आने के कुछ ही दिनों बाद जेएमएम नेता हेमंत सोरेन के दोबारा मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया। बुधवार को चंपई सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद जिस जल्दबाजी में उन्होंने गुरुवार को शपथ ग्रहण किया, उसे सामान्य नहीं कहा जाएगा। हेमंत सोरेन ही नहीं, जेएमएम का भी कहना है कि उन्हें राजनीतिक कारणों से फंसाया गया है और यह कि लोकसभा चुनावों से ऐन पहले झारखंड के मुख्यमंत्री पद पर बैठे व्यक्ति को गिरफ्तार करके जेल भेजने की जिद के पीछे मंशा यही थी कि राज्य में जेएमएम और विपक्षी गठबंधन इंडी को ज्यादा सीटें न मिल सकें। अब जब हाईकोर्ट के आदेश से हेमंत सोरेन जेल से बाहर आ गए हैं तो पार्टी, गठबंधन और सरकार उनके योग्य तथा सक्षम नेतृत्व से क्यों वंचित रहें। दिक्कत यह है कि कुछ ऐसे सवाल और मुद्दे भी इस मामले से जुड़े हैं जिन्हें फिलवक्त जेएमएम और इंडी के नेता अनदेखा कर रहे हैं। एक बड़ा सवाल तो यही है कि क्या एक खास परिवार से बाहर के लोगों का स्थान जेएमएम में 'फिलर' जैसा ही है कि जब जरूरत हो वे किसी का स्थान भरने आ जाएं और फिर जरूरत पूरी होते ही हटा दिए जाएं। जाहिर है, विपक्ष इसे मुद्दा बनाएगा, बल्कि बनाना शुरू कर दिया है। आने वाले विधानसभा चुनावों में इस सवाल की असरदार काट तैयार करना जेएमएम के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। हेमंत सोरेन पर लगे आरोपों को लेकर चाहे कुछ भी कहा जाए, यह एक तथ्य है कि देश की एक राष्ट्रीय जांच एजेंसी उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच कर रही है, जिसका झूठ-सच सामने आना अभी बाकी है। हेमंत सोरेन अभी जमानत पर बाहर आए हैं। खबरें बताती हैं कि ईडी उन्हें मिली जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की सोच रही है। ऐसे में क्या गारंटी है कि सुप्रीम कोर्ट से फैसला उनके खिलाफ नहीं आएगा और दोबारा उनके जेल जाने की स्थिति पैदा नहीं होगी? सबसे ऊपर है राजनीतिक जवाबदेही का मुद्दा। हेमंत सोरेन पर ईडी द्वारा लगाए गए आरोपों की सचाई चाहे जो भी हो, इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि यह एक राजनीतिक मामला भी है। जो व्यक्ति राज्य के मतदाताओं द्वारा चुनी गई सरकार का नेतृत्व कर रहा था, उस पर एक राष्ट्रीय एजेंसी ने गंभीर आरोप लगाए। ऐसे में विधानसभा चुनावों से ठीक पहले जमानत पर छूटते ही दोबारा पद पर बैठने के बजाय वह पहले लोगों का फिर से विश्वास हासिल करने पर ध्यान देते, तो न केवल अपना कद ऊंचा करते बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों को भी नई ऊंचाई देते।

# पुलों का ढहना शासन-तंत्र की भ्रष्टता का प्रमाण

(ललित गर्ग)

*हादसों की जांच से काम नहीं चलने वाला। ऐसे निर्माण कार्यों में कमीशन-रिश्वतखोरी रोकने पर खास ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि जब ठेकेदार एक बड़ी राशि कमीशन के तौर पर दे देता है, तो फिर वह निर्माण कार्य में भी गुणवत्ता बनाए रखने के प्रति लापरवाह हो जाता है। लापरवाही की परिणति ऐसे हादसों के रूप में सामने आती है। प्रगतिशील कदम उठाने वाले नेतृत्व ने अगर भ्रष्ट व्यवस्था सुधारने में मुक्त मन से सहयोग नहीं दिया।*

देश में भ्रष्टाचार सर्वत्र व्याप्त है, विशेषतः राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार ने देश के विकास को अवरूद्ध कर रखा है। यही कारण है कि पुल या दूसरे निर्माण-कार्यों के लिए रखे गए बजट का बड़ा हिस्सा कमीशन-रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ जाता है। बिहार में एक पखवाड़े के भीतर लगभग एक दर्जन छोटे-बड़े पुलों के ध्वस्त होने की घटनाएं हैरान करने के साथ-साथ चिंतित करने वाली हैं। जैसी खबरें हैं, अकेले बुधवार, यानी 3 जुलाई को ही राज्य के विभिन्न हिस्सों में पांच पुल-पुलिया धराशायी हो गए। इनमें सिवान में छाड़ी नदी पर बने दो पुल शामिल हैं। इससे पहले दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर टर्मिनल-1 पर छत गिरने की घटना से भी हर कोई हैरान है। इस हादसे के कारण अनेक वाहन क्षतिग्रस्त हुए एवं एक व्यक्ति की मौत हो गई और 8 लोग घायल हुए थे। सभी को इस बात की हैरानी हो रही है कि देश के सबसे प्रमुख हवाईअड्डे पर इस तरह का हादसा कैसे हो सकता है? मुंबई में भी घाटकोपर का होर्डिंग गिरना 14 लोगों की मौत का कारण बना था। इन पुलों के गिरने एवं अन्य सरकारी निर्माणों के ध्वस्त होने की घटनाओं ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। आज हमारी व्यवस्था चाहे राजनीति की हो, सामाजिक हो, पारिवारिक हो, धार्मिक हो, औद्योगिक हो, शैक्षणिक हो, चरमरा गई है, दोषग्रस्त हो गई है। उसमें दुराग्रही इतना तेज चलते हैं कि ईमानदारी बहुत पीछे रह जाती है। जो सद्प्रयास किए जा रहे हैं, वे निष्फल हो रहे हैं। पुल के गिरने से जितने पैसों की बर्बादी हुई, उसकी भरपाई आखिर किससे कराई जाएगी? बिहार में पुल गिरने की ताजा घटनाएं कोई पहली नहीं है। इससे पहले पिछले साल भर में सात पुलों के ढह जाने की खबरें आई थी। जाहिर है, इन पुलों के ढहने एवं गिरने से कई गांवों का आपस में सीधा संपर्क टूट गया है और मानसून के मौसम में उनकी परेशानियां बढ़ गई हैं। बरसात के मौसम में जर्जर ढांचों के गिरने की घटनाएं ज्यादा घटती हैं और इसीलिए सभी राज्यों में स्थानीय प्रशासन मानसून आने से पहले ही उनकी पहचान कर उनका इस्तेमाल प्रतिबंधित कर देता है। मगर पुल कोई रिहाइशी इमारत नहीं, जिसमें चंद परिवार या कुछ लोग रहते हों, और जिसे एहतियातन खाली करा लिया जाए। ये पुल ग्रामीण लोगों के जीवन की अनिवार्यता एवं जीवनरेखाएं हैं। उच्च तकनीक और प्रौद्योगिकी के मौजूदा समय में उच्च लागत के बावजूद छोटी नदियों और नहरों पर बनने वाले पुल भी यदि चंद वर्षों में या बनते ही धराशायी हो जाएं, तो इसको कुदरती कहर का नतीजा नहीं, आपराधिक मानवीय लापरवाही, भ्रष्टाचार एवं सरकारी धन का दुरुपयोग ही मानना चाहिए। बिहार में सिवान की जिस नदी पर दो पुलों के ढहने की घटना घटी है, वह मृत हो चुकी थी और उसे जल-जीवन हरियाली अभियान के तहत पुनर्जीवित किया गया था। निस्संदेह, इसके लिए राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन सराहना के पात्र हैं। आखिर इस नदी के जिंदा होने से हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई को बल मिला है। मगर क्या उसी तंत्र को यह भी नहीं सुनिश्चित करना चाहिए था कि जो पुल जर्जर अवस्था में हैं, उनका विकल्प भी साथ-साथ तैयार किया जाए? इस तरह बार-बार पुलों का गिरना एवं ध्वस्त होना सरकार में गहरे पैठ चुके भ्रष्टाचार, लापरवाही एवं रिश्वतखोरी को उजागर करता है। आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में तीव्रता से व्याप्त है, अनेक हादसों एवं जानमाल की हानि के बावजूद भ्रष्ट हो चुकी मोटी चमड़ी पर कोई असर नहीं होता। ये पुल हादसें एवं ध्वस्त होने की घटनाएं बिहार में सरकारी भ्रष्टाचार के चरम पर होने को ही बल देती है। ऐसा नहीं है कि बिहार में ही ऐसे हादसें हो रहे हैं। गुजरात के मोरबी पुल हादसे को लोग अब भी नहीं भूले हैं। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। सात साल पहले कोलकाता में विवेकानंद पुल के ढहने से 26 लोगों की मौत की घटना भी सबको याद होगी। सिर्फ बिहार में पुलों का यूं ढहते जाना ही चिंता की बात नहीं है, दूसरे तमाम राज्यों से भी चमचम सड़कों पर बनते गड्ढ़ों और नए निर्माण के दरकने की खबरें लगभग रोजाना सुर्खियां बटोर रही हैं। इसलिए बेहतर होगा कि तमाम सार्वजनिक निर्माण में पारदर्शिता, ईमानदारी एवं आधुनिक स्थापित मानकों की गारंटी सुनिश्चित की जाए और इसमें किसी किस्म की कोताही बरतने वाले की जिम्मेदारी तय हो। देश भर में तमाम पुराने पुलों की समीक्षा के साथ-साथ उनके रखरखाव या वैकल्पिक पुल के निर्माण को लेकर ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। इतना तय है कि ये सभी पुल अगर भरभरा कर गिर रहे हैं तो इनकी डिजाइन गलत होने से लेकर उसमें उपयोग होने वाली सामग्री के घटिया होने का भी साफ संकेत है। लेकिन जिस तरह सरकार इन एवं ऐसे पुलों की गुणवत्ता और जोखिम का अध्ययन करा रही थी, क्या उसके निर्माण के दौरान या उससे पहले डिजाइन सहित उसके हर कसौटी पर बेहतर होने के लिए जांच कराना सुनिश्चित नहीं कर सकती थी? यह तय है कि इन पुलों के निर्माण में व्यापक खामियां थीं और वे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गये। सवाल है कि जब सरकार किसी कंपनी को पुल निर्माण की जिम्मेदारी सौंपती हैं, उससे पहले क्या गुणवत्ता की कसौटी पर पूरी निर्माण योजना, डिजाइन, प्रक्रिया, सामग्री, समय-सीमा और संपूर्णता को सुनिश्चित किया जाना जरूरी समझा जाता? देश में भ्रष्टाचार सर्वत्र व्याप्त है, विशेषतः राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार ने देश के विकास को अवरूद्ध कर रखा है। यही कारण है कि पुल या दूसरे निर्माण-कार्यों के लिए रखे गए बजट का बड़ा हिस्सा कमीशन-रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ जाता है। इसका सीधा असर निर्माण की गुणवत्ता पर पड़ता है। निर्माण घटिया होगा तो फिर उसके धराशायी होने की आशंका भी बनी रहती है। हादसों का एक बड़ा कारण जांच में दोषी और जिम्मेदार ठहराए गए अधिकारियों एवं ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का न होना भी है। बिहार, दिल्ली, मुम्बई, गुजरात हादसों के दोषियों को बचाने के प्रयास भी सबके सामने हुए हैं। हर हादसे के बाद लीपापोती के प्रयास खूब होते हैं। हादसे में मरने वालों के परिजनों को मुआवजा बांटकर ही अपनी जिम्मेदारी पूरी समझने वाली सरकारों को इससे आगे बढ़ना होगा। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर निगरानी रखने की पारदर्शी नीति नियामक केन्द्र बनाने के साथ उस पर अमल भी जरूरी है। विकसित देशों में भी ऐसे हादसे होते हैं।

# पूंजीगत खर्चों में वृद्धि एवं मध्यवर्गीय परिवारों को राहत प्रदान की जानी चाहिए बजट में

(प्रह्लाद सबनानी)

किसी भी देश की आर्थिक प्रगति को गति देने के लिए पूंजीगत खर्चों में वृद्धि होना बहुत आवश्यक है और फिर भारत ने तो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक विकास दर की रफ्तार को पकड़ा ही है। जुलाई 2024 माह में शीघ्र ही केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्णकालिक बजट पेश किया जाने वाला है। हाल ही में लोक सभा के लिए चुनाव भी सम्पन्न हुए हैं एवं भारतीय नागरिकों ने लगातार तीसरी बार एनडीए की अगुवाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता की चाबी आगामी पांच वर्षों के लिए इस उम्मीद के साथ पुनः सौंप दी है कि आगे आने वाले पांच वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा देश में आर्थिक विकास को और अधिक गति देने के प्रयास जारी रखे जाएंगे। अब केंद्र सरकार में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शीघ्र ही केंद्रीय बजट पेश करने जा रही हैं। पिछले लगातार दो वर्षों के बजट में पूंजीगत खर्चों की ओर इस सरकार का विशेष ध्यान रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7.50 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया गया था और वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस राशि में 33 प्रतिशत की राशि की भारी भरकम वृद्धि करते हुए 10 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया गया था। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भी 11.11 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में केवल 11 प्रतिशत ही अधिक है। इस राशि को यदि 33 प्रतिशत तक नहीं बढ़ाया जा सकता है तो इसे कम से कम 25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ आगे बढ़ाने के प्रयास होना चाहिए अर्थात वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपए की राशि के स्थान पर 12.5 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया जाना चाहिए। किसी भी देश की आर्थिक प्रगति को गति देने के लिए पूंजीगत खर्चों में वृद्धि होना बहुत आवश्यक है और फिर भारत ने तो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक विकास दर की रफ्तार को पकड़ा ही है। आर्थिक विकास की इस वृद्धि दर को बनाए रखने एवं इसे और अधिक आगे बढ़ाने के लिए पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करना ही चाहिए। आर्थिक विकास दर में तेजी के चलते देश में रोजगार के नए अवसर भी अधिक मात्रा में विकसित होते हैं। जिसकी वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत को बहुत अधिक आवश्यकता भी है। भारत में पिछले 10 वर्षों के दौरान विकास की दर को तेज करने के चलते ही लगभग 25 करोड़ नागरिक गरीबी रेखा के ऊपर उठ पाए हैं एवं करोड़ों नागरिक मध्यवर्ग की श्रेणी में शामिल हुए हैं। अब भारत में गरीबी की दर 8.5 प्रतिशत रह गई है जो वित्तीय वर्ष 2011-12 में 21.1 प्रतिशत थी। गरीबी की रेखा से बाहर आए इन नागरिकों एवं मध्यवर्गीय नागरिकों ने देश में उत्पादों की मांग में वृद्धि करने में अहम भूमिका निभाई है। साथ ही, कर संग्रहण में भी इस वर्ग ने महती भूमिका अदा की है। आज प्रत्यक्ष कर संग्रहण लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता हुआ दिखाई दे रहा है तथा वस्तु एवं सेवा कर भी अब औसतन लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपए प्रतिमाह से अधिक की राशि के संग्रहण के साथ आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक ने भी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 2 लाख करोड़ से अधिक की राशि का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध कराया है तो सरकारी क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित कर केंद्र सरकार को भारी भरकम राशि का लाभांश उपलब्ध कराया है, जबकि कुछ वर्ष पूर्व तक केंद्र सरकार को सरकारी क्षेत्र के बैंकों के घाटे की आपूर्ति हेतु इन बैंकों को बजट में से भारी भरकम राशि उपलब्ध करानी होती थी। कुल मिलाकर इस आमूल चूल परिवर्तन से केंद्र सरकार के बजटीय घाटे में भारी कमी दृष्टिगोचर हुई है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5427

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | | 1 | | |
| 1 | 6 | 3 | 9 | | | | | 8 |
| | 3 | | | | | 2 | | |
| | 5 | | 7 | | 2 | | 1 | |
| | | 6 | | | | | 3 | |
| 6 | | | | | 5 | 8 | 9 | 2 |
| | | 5 | | 2 | | | 6 | |
| 9 | | | | 8 | | | 4 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5426

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 2 | 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 9 | 7 | 6 | 4 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 9 | 4 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 5 | 4 | 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 |

# आज का राशिफल

### मेष
आज लाभ के योग बन रहे हैं और चंद्रमा आपको सम्मान दिलाएगा। आपको इस सप्त्तताह रुका धन मिलने से पद प्रतिष्त्तठा में वृद्धि होगी। ऑफिस में लोग आपके कार्य की प्रशंसा करेंगे और आपकी तरक्त्तकी होगी। आप अपने किए कार्यों की प्रशंसा से फूले नहीं समाएंगे। रात में किसी समारोह का आयोजन होने से खुशी होगी।

### वृष
आज दिन शुभफलदायी है और सभी कार्य में सफलता प्राप्त्तत होगी। आपके लिए धन प्राप्ति के शुभ संयोग बन रहे हैं। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और सम्त्तमान की प्राप्ति होगी। कुछ आकस्मिक लाभ होने के योग हैं और सम्त्तमान में वृद्धि होगी। शुभ और धार्मिक कार्य में रुचि बढ़ेगी। सत्कर्म में खर्च हो सकता है और आपको लाभ होगा।

### मिथुन
आज का दिन खुशी वाला रहेगा। आज आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप दिनभर भागदौड़ करने के लिए भी तत्पर रहेंगे। आपको मेहनत का लाभ भी होगा। सभी काम एक-एक कर बनने लगते हैं और व्यर्थ की जद्दोजहद और तनाव भी कम होगा।

### तुला
आज भाग्त्तय साथ दे रहा है और आपको करियर में सफलता मिलने के योग हैं। आपके घर में आर्थिक मामलों को लेकर विवाद हो सकता है। शत्रु पक्ष के लोग आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे और कारोबार में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। अपनी कार्यकुशलता से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करें।

### वृश्चिक
आज दिन धन सम्त्तमान में वृद्धि देने वाला होगा। आपको हर मामले में सफलता मिलने के योग हैं और आपके लाभ में वृद्धि होगी। पुराने किसी महान व्त्तयकित से मिलने से आपको लाभ होगा और आपकी प्रतिष्त्तठा में वृद्धि होगी। मंत्री पद की प्राप्ति भी हो सकती है। आपको कोई खोई हुई वस्त्ततु प्राप्त्तत होने के योग हैं।

### धनु
लोगों को करियर में सफलता प्राप्त्तत होने के योग हैं और आपके सम्त्तमान में वृद्धि होगी। कारोबार में अकस्मात् अधिक लाभ होगा और आपको प्रगति होने से खोया हुआ विश्वास पुनः प्राप्त होगा। संतान पक्ष से भी अपेक्षित समाचार मिलेगा। कोई दूसरा व्त्तयक्ति आपको बातों में फंसाकर आपके रहस्त्तय जानने की कोशिश करेगा। सावधान रहें।

### कर्क
आज सम्त्तमान में वृद्धि होगी और आपको प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त्तत होगी। आप परीक्षा को उत्तीर्ण कर लेना चाहते हैं और उसके लिए आप जी तोड़ मेहनत करेंगे। जिस तरीके से आप अपनी रणनीति को लागू कर रहे हैं, उससे लगता है कि युक्तिसंगत प्रयासों का लाभकारी परिणाम सामने आएगा।

### सिंह
आज रोजगार प्राप्ति के योग बन रहे हैं। आज व्यवसाय के विस्तार के लिए पर्याप्त अवसर और अनुकूल समय है। बाहर की सुविधाएं भी आपको मिल रही हैं और आर्थिक कमी से भी आपको परेशानी नहीं होगी। संतान के विवाह का प्रसंग प्रबल है। रुपये-पैसे के मामले में कोई भी फैसला लेने से पहले सोचसमझ लें।

### कन्या
आपके धन में वृद्धि होगी और कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्त्तत होगी और आपके सुख में वृद्धि होगी। इससे आपकी प्रसन्त्तनता में वृद्धि होगी। सक्रिय राजनीति में बिजी रहेंगे। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार होगा। रात्रि में माता को अकस्मात् कष्ट संभव है।

### मकर
आज सम्त्तमान में वृद्धि होगी और काफी समय से रुके कुछ कार्य पूर्ण होंगे। कार्यक्षेत्र में भूलकर भी कोई रिस्त्तक न लें, वरना आपको लेने के देने पड़ सकते हैं। बेहतर होगा कि आप फालतू के खर्च से दूर रहें, वरना आपको पैसों की समस्त्तया का सामना करना पड़ सकता है। किसी संकट में फंस सकते हैं। हर कार्य संभलकर करें।

### कुंभ
आज करियर में लाभ होने के योग हैं और आपके धन सम्त्तमान में वृद्धि होगी। आप फालतू के काम में काफी उलझे रहेंगे और काम करने में मन नहीं लगेगा। आपको अपनी पोजिशन स्पष्ट करनी है, तो फिर अपने वरिष्ट अधिकारी को इसकी जानकारी अवश्य दें। बेहतर होगा कि कार्यक्षेत्र में अपने काम पर ध्त्तयान दें और दूसरों की बात में न आएं।

### मीन
आज का दिन मिलाजुला रहेगा और काफी दिनों से जो असमंजस बना हुआ है, उसका अंत होगा और मायूसी भी समाप्त हो जाएगी। जिस वजह से आप के सभी कार्य अभी तक नहीं बन रहे थे आज वह रुकावट हट जाएगी और आपके रचनात्मक कार्यों में गति आएगी। ज्ञान विज्ञान कला और लेखन कार्य में आपकी दक्षता रंग लाएगी।

## वर्ग पहेली 5427

संकेत: बाएं से दाएं

1. 25 अगस्त 1957 को इस देश की सरकार ने देश में घोषित आपातकाल के 30 वर्ष बाद वापस लिया (3)
4. दोनों हाथों से तीर चला लेने के कारण अर्जुन को एक नाम (4)
7. अमानत में खयानत, मुंशी प्रेमचंद की सप्रसिद्ध कृति (3)
8. ह्दय, चित्त, चालीस सेर के बराबर की एक तौल (2)
9. प्रसन्न होना, रोमांचित होना (4)
11. उर्दू या फारसी में गजलें लिखने, बोलने वाला (3)
13. सिपाही, सैनिक (3)
15. दो की संख्या, निग्रह (2)
16. सीखने में प्रवृत्त करना, प्रशिक्षित करना (3)
17. सर्दी-जुकाम (उर्दू)(3)
19. उत्तरप्रदेश की पूर्व महिला मुख्यमंत्री (सिर्फ आरंभिक नाम)(2)
20. आकाश से गिरने वाला बिजली (2)
21. जो वास्तविकता से परे हो (3)
22. पवित्र, मंगलकारक, शुभ (2)
23. किसी धार्मिक विषय में धर्मशास्त्र वेत्ता का लिखित आदेश (उर्दू)(3)

ऊपर से नीचे

1. किसीशुभ कार्य के आरंभ में किया गया श्रीगणेश को नमन (7)
2. आधार से समकोण बनाती हुई ऊपर जाने वाली रेखा (2)
3. उत्तरप्रदेश का गंगा तट पर बसा यह नगर चर्मोद्योग के कारण भी प्रसिद्ध है (4)
4. दंड देना, शिक्षा या नसीहत देना (6)
5. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
6. यह विश्व का प्रथम देश है जिसमें मुद्रा का प्रचलन किया (2)
10. मापना (3)
12. जुड़वा, अश्विनी कुमार (3)
14. आम दरफ्त, आने-जाने का साधन (4)
18. सलोनापन, स्वभाव की उत्तमता, नमकपन (3)
19. सुपर स्टार सलमान खान क्की पैतृक भूमि मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
21. दुर्दशा, दुर्गति (2)

### वर्ग पहेली 5426 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ज | गु | रू | | भू | त | ल |
| म | | बा | त | ची | त | | ति |
| च | तु | र | | फ | | ना | का |
| रि | | | शा | मि | या | ना | |
| त | ला | शी | | नि | | ना | ती |
| मा | त | | ड | स्ट | र | | रं |
| न | | प्र | का | र | | मा | दा |
| स | ख्ती | | र | | स | ह | ज |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### शैक्षणिक वातावरण को समृद्ध करने की कोशिश की: प्रो. पोद्दार

**धनबाद।** बिनोद बिहारी महतो विवि के प्रतिकुलपति प्रो. पवन कुमार पोद्दार ने कहा कि प्रभारी कुलपति का प्रभार मिलने पर मैंने विश्वविद्यालय में समावेशी, रोजगारोन्मुख एवं समाजोन्मुख शैक्षणिक वातावरण को और अधिक समृद्ध करने के लिए यथासंभव कोशिश की। मेरे लिए यह कार्यकाल अनुभवों को बटोरने का था। विवि के छात्रङ्कछात्राओं में बहुआयामी प्रतिभा है। विद्वान, योग्य एवं अनुभवी शिक्षक प्रो. रामकुमार सिंह को कुलपति का प्रभार सौंप कर विवि के उज्ज्वल भविष्य के प्रति आश्वस्त हूं।

### बेकारबांध में सब्जी खरीदने पहुंची महिला की चेन छीनी

**धनबाद।** बेकारबांध में मंगलवार की सुबह एक बार फिर दो उचक्कों ने महिला की चेन झपट ली। महिला अपने घर से निकल कर सब्जी खरीदने बेकारबांध आई थीं। महिला ने मामले की शिकायत धनबाद थाने में की है। आवेदन में पीड़िता बेकारबांध शंकर कॉलोनी मीरा टॉवर निवासी कृष्णा यादव की पत्नी रेखा यादव ने बताया कि वे सब्जी खरीदने सुबह साढ़े सात बजे बेकारबांध आई थीं। बाइक से आए दो लड़कों ने पीछे से झपट्टा मार कर उनके गले से सोने की चेन छीन ली। उन्होंने शोर मचाया, लेकिन दोनों वहां से फरार हो गए। बाइक चला रहे लुटरे ने सोने की चेन पहन रखी थी। धनबाद में चेन छिनतई की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। सुबह के समय उचक्के छिनतई की घटना को अधिक अंजाम दे रहे हैं।

### बिजली उपभोक्ताओं से वसूला जा रहा पीपीएसी चार्ज

**धनबाद।** बिजली के बिल में पीपीएसी (पावर परचेज अडजस्टमेंट कास्ट) उपभोक्ताओं से वसूला जा रहा है। बिल के एवज में एक से डेढ़ प्रतिशत राशि ली जा रही है। यह जानकारी उपभोक्ताओं को नहीं दी गई है। विभाग ने गुपचुप तरीके से बढ़ाया है। विभाग के जीएम अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि जेबीवीएनएल डीवीसी, टीवीएनएल, एनटीपीसी सहित अन्य कंपनियों से खरीद कर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति कर रही है। जेबीवीएनएल ऊंची दर में बिजली खरीदने पर पीपीएसी चार्ज वसूल रहा है। यह बिल की राशि पर एक-डेढ़ प्रतिशत ली जा रही है। साथ ही कहा कि कम दर पर बिजली खरीदने में नहीं ली जा रही है। इसके लिए विद्युत नियामक आयोग से आदेश प्राप्त है।

### डाक विभाग में 555 रुपए में 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा

**धनबाद।** डाक विभाग 555 रुपए में 10 लाख और 749 रुपए में 15 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा दे रहा है। दुर्घटना में मौत होने या फिर लकवा मारने पर नॉमिनी को राशि मिलेगी। दुर्घटना में घायल होने पर 50 हजार से लेकर एक रुपए तक कंपनी खर्च देगी। पांच कंपनियों ने डाक विभाग के साथ करार किया है। टाटा एआईजी, आदित्य बिरला, निवा बूपा, बजाज व स्टार हेल्थ शामिल हैं। इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक के प्रबंधक प्रीतम कुमार ने बताया कि एक साल के लिए 555 रुपए में 10 लाख और 749 रुपए में 15 लाख रुपए का बीमा दिया जा रहा है। घायल होने पर 50 हजार से एक लाख रुपए तक दिया जाएगा। इसके लिए डाक विभाग में खाता खुलवा कर बैंक के जरिए ही राशि कटा सकते हैं। घटना घटने पर लाभुक को डाक विभाग से संपर्क करना है। 555 रुपए व 749 रुपए के स्वास्थ्य बीमा का प्लान लेने पर टाटा एआईजी और निवा बूपा एक लाख रुपए तक दे रही है। वहीं आदित्य बिरला 60 हजार, बजाज 50 व स्टार हेल्थ 75 हजार रुपए दे रही है।

### बैठक में संगठन को मजबूत करने पर जोर

**चाईबासा।** कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सन्नी सिंकु की अध्यक्षता में चाईबासा आईटीआई परिसर में एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के मजबूती पर चर्चा की गई। मौके पर उपस्थित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सह 15 सूत्री सदस्य अशरफ होदा ने कहा कि सभी कांग्रेसी को राहुल गांधी से प्रेरणा लेने की जरूरत है। बैठक में पूर्व बैंककर्मी अमृत मांझी, मनोहरपुर के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष केशव गोप, जिला युवा कांग्रेस के पूर्व उपध्यक्ष रंजीत कोंगाड़ी, चाईबासा नगर कांग्रेस के अध्यक्ष अशरफ उर्फ विक्की, अजम्बर सुरीन, विशाल गुइया, बिरसा गोप और अन्य उपस्थित थे।

# सितंबर तक 30 हजार नियुक्तियां करें, सीएम हेमंत सोरेन का विभागों को निर्देश

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को विभिन्न विभागों में चल रही नियुक्ति प्रक्रिया की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सितंबर के अंत तक विभिन्न विभागों में लगभग 30 हजार रिक्त पदों पर नियुक्ति पूरा करने का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में मानव संसाधन की कमी से सरकार द्वारा जनहित में संचालित योजनाओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, इसलिए सभी नियुक्तियां निर्धारित समय के अंदर पूरी हों ताकि ऐसी समस्या न आए।सीएम ने अधिकारियों को 5000 पुलिसकर्मी और 583 उत्पाद सिपाही नियुक्ति प्रक्रियाओं में भी तेजी लाने के लिए कहा। बैठक में सीएम को बताया गया कि 583 उत्पाद सिपाही की दौड़ प्रक्रिया जुलाई 2024 और 5000 पुलिस बहाली की दौड़ प्रक्रिया 15 अगस्त तक पूरी कर ली जाएगी। बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव, गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अजय कुमार सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

**हेमंत कैबिनेट के मंत्रियों ने संभाला कामकाज :** हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही सभी मंत्रियों ने मंगलवार को कामकाज भी संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के साथ ही सभी ने अपनी-अपनी प्राथमिकताएं भी गिर्नाइं। कमोवेश सभी मंत्रियों का कहना था कि विधानसभा चुनाव को लेकर समय काफी कम बचा है। सरकार की सभी योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने की दिशा में त्वरित गति से काम किया जाएगा, ताकि जनता को अधिकाधिक लाभ मिल सके।



सरकार के जिन मंत्रियों ने मंगलवार को पदभार संभाल लिया, उनमें उच्च एवं तकनीकि शिक्षा मंत्री चंपाई सोरेन, वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री बन्ना गुप्ता, उत्पाद एवं मद्य मंत्री बैद्यनाथ राम, परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, श्रम एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता, ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री बेबी देवी और कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय सिंह शामिल हैं।

### फील्ड लेवल पुलिस अफसर जनता दरबार अवश्य लगाएं

मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को रांची, जमशेदपुर और धनबाद शहर में पुलिसिंग व्यवस्थाओं में सुधार लाने का निर्देश दिया। साथ ही निर्देश दिया कि आधुनिक उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि फील्ड लेवल पुलिस पदाधिकारी अपने क्षेत्र में जनता दरबार लगाएं।

## वज्रपात से मृत दो लोगों के परिजनो को मिला मुआवजा

**रांची।** रांची जिले के लापुंग प्रखंड अंतर्गत राजकीय कृत उच्च विद्यालय परिसर में मंगलवार को वज्रपात से मृत दो लोगों के परिजनों को विधायक ने चार-चार लाख रुपये का चेक सौंपा गया। ज्ञात हो कि एक वर्ष पूर्व दादा और पोती की वज्रपात से मौत हो गयी थी। जिसके परिजनों को आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा मृतक रंथु साहू की पत्नी प्रमिला देवी व प्रियांशु कुमारी की माता मधु कुमारी को चार चार लाख रुपया का मुआवजा दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, अंचलाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पंकज कुमार , प्रमुख कंचन उरांव, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, सहित अन्य मौजूद थे।

## समय पहले हो सकता है झारखंड में विधानसभा चुनाव, हो रही हैं तैयारियां

**रांची, एजेंसी।** तैयारियां कह रही हैं कि इस बार झारखंड में निर्धारित समय (पांच जनवरी 2025) से पहले विधानसभा चुनाव हो सकते हैं. आसार हैं कि 15 सितंबर तक चुनाव की घोषणा हो सकती है. सूत्र कह रहे हैं कि चुनाव आयोग महाराष्ट्र और हरियाणा के साथ ही अक्तूबर में झारखंड में भी चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है. महाराष्ट्र और हरियाणा के साथ ही झारखंड में कराया जा रहा मतदाता पुनरीक्षण का कार्य। इस बार झारखंड में मतदाता पुनरीक्षण का कार्य महाराष्ट्र और हरियाणा के साथ ही कराया जा रहा है. वर्ष 2019 में महाराष्ट्र और हरियाणा की मतदाता सूची का द्वितीय पुनरीक्षण कार्य झारखंड के साथ नहीं कराया गया था. साथ ही गत चुनाव के पूर्व किये गये मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अक्तूबर में किया गया था. वहीं, इस बार आयोग ने 20 अगस्त को ही मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि तय की है.

चुनाव आयोग ने मतदाता पुनरीक्षण के लिए एक जुलाई को ही अर्हता तिथि तय की है. तर्क भी दिया जा रहा है कि अगर आयोग को नवंबर में चुनाव की घोषणा करनी होती, तो मतदाता पुनरीक्षण के लिए एक अक्तूबर की अर्हता तिथि तय होती. चुनाव आयोग के पास किसी सरकार का कार्यकाल पूरा होने के 180 दिन पूर्व चुनाव की घोषणा करने की संवैधानिक शक्ति प्राप्त है. आयोग अपनी सुविधा के मुताबिक, चुनाव की तिथि का निर्धारण कर सकता है. हालांकि, किसी सरकार का कार्यकाल समाप्त होने के कम से कम 45 दिनों पूर्व अनिवार्य रूप से चुनाव की घोषणा करना संवैधानिक बाध्यता है.

चुनाव आयोग 11 जुलाई को राज्य के सभी उपायुक्तों के साथ मतदाता पुनरीक्षण के साथ चुनावी तैयारियों की भी समीक्षा करेगा. 10 जुलाई को चुनाव आयोग के वरीय उप चुनाव आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा व नितेश व्यास झारखंड आ रहे हैं. उनके साथ आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद भी होंगे. उसी शाम को अधिकारी राज्य के मुख्य चुनाव पदाधिकारी के साथ मतदाता पुनरीक्षण और चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे. 11 जुलाई को वे राज्य के सभी उपायुक्तों के साथ भी बैठक कर समीक्षा करेंगे. समीक्षा बैठक रामगढ़ जिला के पतरातू में होगी.

## कोल्हान बंद से पूर्व नक्सलियों का दहशत, पश्चिमी सिंहभूम में की पोस्टरबाजी, लिखा- खून का बदला खून

**चक्रधरपुर, एजेंसी।** कोल्हान बंद से पूर्व पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर में नक्सलियों ने पोस्टरबाजी की है. मंगलवार को माओवादियों ने चक्रधरपुर-सोनुवा मुख्य मार्ग के रंगामाटी क्षेत्र में पोस्टर और बैनर लगाया है. इस घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में दहशत कायम हो गया है. जानकारी के मुताबिक सुबह जब लोग अपने घरों से निकले, तो देखा की भाकपा माओवादी नक्सलियों का पोस्टर और बैनर लगा हुआ था.

पोस्टर में नक्सलियों ने लिखा है ÷कोल्हान सारंडा लिपुंगा के शहीद वीरांगनाओं को सत सत लाल सलाम. मार का बदला मार है, खून का बदला खून÷. इसमें निवेदक में दक्षिण जोनल कमेटी भाकपा माओवादी हैं. पोस्टर से साफ है कि नक्सलियों ने नक्सल विरोधी अभियान का विरोध किया है. यह पोस्टर व बैनर नक्सलियों ने चक्रधरपुर-सोनुवा मुख्य मार्ग के रंगामाटी हाट बाजार और प्राथमिक विद्यालय जेनाबेड़ा के पास लगाया है.

बता दें कि सुरक्षाबलों के द्वारा कोल्हान और सारंडा जंगल में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान से नक्सली घटनाओं में लगाम लगा है. हाल ही में सुरक्षा बलों के जवान को नक्सलियों के विरूद्ध बड़ी सफलता मिली थी. मुठभेड़ में पुलिस ने 6 नक्सलियों को मार गिराया था. इस वजह से भाकपा माओवादी नक्सलियों ने 10 जुलाई को कोल्हान प्रमंडल में बंद का अह्वान किया है. बंद को सफल बनाने के लिए नक्सली अब पोस्टर बाजी पर उतर आए हैं.

नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ के बाद पुलिस ने कई बंकर ध्वस्त कर दिया था और माओवादियों के कई विस्फोटक सामग्री समेत हथियार भी जब्त कर लिया था. पुलिस को मिल रही लगातार सफलता के बाद उग्रवादी संगठन बैक फुट पर नजर आ रहे हैं. लोगों ने आशंका जतायी है कि सुरक्षाबलों की लगातार बढ़ती दबिश के कारण नक्सलियों का पोस्टरबाजी तेज हो गया है.

## गैंगस्टर ऑफ वासेपुर फहीम के सौतेले भांजे की पत्थर से कूच कर हत्या

**धनबाद।** गैंगस्टर ऑफ वासेपुर फहीम खान के सौतेले भांजे गुल खान (18 वर्षीय) का भूली रेलवे ट्रेनिंग स्कूल के बगल में रेल पटरी के बगल में झाड़ी में शव मिला। मंगलवार की दोपहर तीन बजे खून से लथपथ गुल खान का शव मिलने के बाद वासेपुर में सनसनी फैल गई। गुल फहीम खान के ही वासेपुर कमर मकदुमी रोड में बचपन से रह रहा था। फहीम के पुत्र इकबाल खान ने इशारे-इशारे में हत्या का संदेह अपने जानी दुश्मन पर जताया है। हालांकि इकबाल ने पुलिस-प्रशासन से सही हत्यारे की पहचान करने की मांग की। इधर, बगल में रेल पटरी है, इसलिए किसी ट्रेन की चपेट में आने से मौत की भी आशंका जताई जा रही है। गुल के शरीर पर मिले जख्म के निशान से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पत्थर से कूच-कूच कर उसकी हत्या कर दी गई। जमशेदपुर की घाघीडीह जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे फहीम खान के सौतेले भाई शेर खान की बहन का पुत्र गुल खान आजाद नगर के मौलाना आजाद स्कूल में नौवीं का छात्र था। इकबाल ने बताया कि दोपहर एक बजे तक गुल घर में ही था। दोपहर करीब तीन बजे एक ऑटो चालक ने गुल का शव लाइन किनारे झाड़ी में पड़े होने की सूचना दी। जब वे लोग मुहल्ले के लोगों के साथ वहां पहुंचे, तो देखा कि शव गुल का ही था। आनन-फानन में लोग गुल को लेकर असर्फी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को लेकर फहीम के सौतेल भाई शेर खान और अन्य एसएनएमएमसीएच पहुंचे। शव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मुर्दा घर में रखा गया है। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद मिट्टी मंजिल की रश्म अदायगी होगी।



**कठोर चीज से सिर और छाती पर लगी है चोट:** गुल खान के शव पर मिले जख्म के निशान से आशंका जताई जा रही है कि सिर के पिछले हिस्से पर पत्थर या कठोर चीज से गंभीर चोट लगी है। सिर का पिछले हिस्से की हड्डी कई टुकड़ों में टूट गई थी। सिर के साथ-साथ छाती पर कठोर चीज से जोरदार चोट लगी है। उसकी छाती (पंजरा) की हड्डियां टूटी हुई थीं। हाथ पर भी भारी चीज से वार के निशान हैं, इसलिए हाथ की हड्डी भी कई टुकड़ों में बंट गई थी। पोस्टमार्टम से ही मौत की असली वजह का पता चल सकेगा।

फुफेरे भाई की हत्या पर इकबाल ने कहा कि हमलोगों की दुश्मनी जग जाहिर है। पुलिस-प्रशासन मामले की जांच करे। तफ्तीश में जिसकी भूमिका सामने आती है, उसे गिरफ्तार कर सजा दिलाए। गुल खान का मोबाइल सुबह साढ़े 10 बजे ही बंद हो गया था। हालांकि वह करीब एक बजे तक मुहल्ले में नजर आया है। चर्चा है कि गुल एक लड़की से भी फोन पर बातचीत करता था। सोमवार को भी अंतिम बार उस लड़की से गुल ने बात की थी। यह भी अंदेशा जताया जा रहा है कि कहीं किसी ट्रेन से टकरा कर तो उसकी मौत नहीं हुई।घटना की जानकारी पाकर बैंक मोड़ थाना प्रभारी वकार हुसैन, भूली ओपी प्रभारी सुनील रवि सहित अन्य मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम कमर मकदुमी रोड से लेकर घटना स्थल तक जाने वाली सड़क का जगह-जगह सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। रेलवे लाइन के आसपास भी सीसीटीवी फुटेज लगे हैं। बताया जा रहा है कि सुबह साढ़े 10 बजे वह एक बार लाइन किनारे अकेले दिखा था।

## कृषि मंत्री ने किया एक और बड़ा ऐलान - झारखंड में किसानों का दो लाख रुपए तक लोन होगा माफ

**रांची।** झारखंड की कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कृषि विभाग का कार्यभार संभालने के बाद पदाधिकारियों के साथ बैठक की और टास्क दिया। उन्होंने कहा कि कृषि ऋष्टा माफी योजना में दो लाख रुपए तक का लोन माफ किया जाएगा। कृषि विभाग जल्द ही मंत्रिपरिषद के लिए प्रस्ताव तैयार करे।

**एक और बड़ा ऐलान :** दो लाख रुपए तक लोन माफी के साथ कृषक मित्रों का मानदेय भी 1000 रुपए से बढ़ाकर 2000 रुपए किया जाएगा। यानी मानदेय में एक हजार रुपए का इजाफा किया जाएगा। कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने विभाग को इसका भी प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सुखाड़ की स्थिति से निपटने के लिए भी विभाग के पास बेहतर कार्ययोजना तैयार होनी चाहिए। कहा कि उर्वरकों की ऊंची दर पर बिक्री पर रोक लगे। मृत लैम्प्स-पैक्स की जगह पर नये लैम्प्स-पैक्स विकसित हों। स्पष्ट कहा कि योजना के क्रियान्वयन में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।



**गांवों में पुल और सड़कों का होगा निर्माण इरफान :** वहीं ग्रामीण विकास मंत्री मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग का कार्यभार संभाल लिया। विभाग का पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि गांवों में पुल-पुलिया और सड़कों का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत जल्द से जल्द पुल बनाने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति ली जाएगी। अबुआ आवास योजना में 4.50 लाख गरीब परिवार को आवास बनाकर देने का लक्ष्य निर्धारित है।

विधानसभा चुनाव के महज पांच महीने पहले नवगठित हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल के सामने कई चुनौतियां हैं। दिसंबर 2019 में चुनाव जीतकर सत्ता में आई हेमंत सरकार ने अभी तक कई बड़े फैसले लिए हैं।

इसमें पुरानी पेंशन योजना को लागू करना, यूनिवर्सल पेंशन योजना, गांवों तक परिवहन व्यवस्था दुरुस्त करना, सरना धर्म कोड प्रस्ताव, बिजली सब्सिडी आदि प्रमुख हैं। हेमंत सोरेन की अगुवाई में इंडिया गठबंधन की अब तीसरी बार सरकार बन चुकी है। मंत्रिमंडल का गठन हो चुका है और मंत्रियों ने आवंटित मंत्रालयों का चार्ज संभाल लिया है।

## जिला अंतर्गत संचालित योजनाओं को लेकर उपायुक्त ने समीक्षा बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**रांची/खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा जिला अंतर्गत संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने एक- एक कर अपने विभाग से संबंधित संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया। समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप से एफआरए, आईएफआर, सीएफआर, प्री मैट्रिक/पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण, साइकिल वितरण, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, बिरसा लाइब्रेरी निर्माण, आंगनबाड़ी निर्माण, पोषण ट्रैकर, नीति आयोग के तहत हेल्थ इंडिकेटर, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत योजनाएं, सेविका का चयन, विद्युत विभाग एवं पेयजल विभाग से जुड़े योजनाएं, सामाजिक सुरक्षा, 15वें वित्त, खनन, समेत अन्य योजनाओं एवं कार्यों की गहन समीक्षा किया।

**15 जुलाईतक बच्चों के बीच साईकिल वितरण करें सुनिश्चित : उपायुक्त :** बैठक में उपायुक्त ने अब तक हुए एफआरए की जानकारी लिया। साथ हीं आगामी 30 जुलाई तक अधिक से अधिक आईएफआर एवं सीएफआर करने का निर्देश दिया। कल्याण विभाग के तहत प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में इसकी रैंडम जांच कराने का निर्देश दिया। साइकिल वितरण को लेकर उपायुक्त ने कहा कि आगामी 15 जुलाई से बच्चों के बीच साइकिल का वितरण सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराने का निर्देश दिया।

जिले में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन को लेकर उपायुक्त ने ग्राम सभा कर जानकारी लेने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संबंधित क्षेत्र के अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को सक्रिय भूमिका निभाते हुए अवैध खनन एवं अवैध परिवहन से जुड़े मामलों में सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि ऐसे मामलों में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कार्रवाई करें एवं आर्थिक जुर्माना लगाने का निर्देश दिया। बिरसा लाइब्रेरी निर्माण को लेकर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को क्षेत्र निरीक्षण करने का निर्देश दिया। जिससे लाइब्रेरी निर्माण कार्य प्रारंभ कराई जा सके। आंगनबाड़ी निर्माण को लेकर भी उपायुक्त ने प्रखंडों में भूमि चयन का रिपोर्ट जल्द भेजने को कहा। जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा सेविका के चयन को लेकर भी उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश दिए। पूरी पारदर्शिता के साथ कार्यों को संपन्न करने का निर्देश दिया गया। नीति आयोग के तहत स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न इंडिकेटरों पर कार्य करने को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। बैठक में उपायुक्त ने वैसे गांव जहां विद्युत आपूर्ति नहीं हो पाई है, उनकी सूची साझा करने को कहा।

## नये कुलपति के इंतजार में विवि का कामकाज बाधित

**धनबाद, एजेंसी।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद में नये कुलपति के इंतजार में विवि का कामकाज बाधित है. अभी केवल रूटीन के जरूरी फाइलों पर ही काम किया जा रहा है. प्रभारी कुलपति प्रो पवन कुमार पोद्दार और रजिस्ट्रार ने सोमवार को केवल एडमिशन और परीक्षा विभाग की फाइल पर हस्ताक्षर किये. नये कुलपति के इंतजार में कई महत्वपूर्ण बैठकों का टाल दिया गया है.

इनमें दीक्षांत समारोह के आयोजन के साथ स्टैच्यूट, एफिलिएशन और पे फिक्सेशन कमेटी की बैठक शामिल हैं. इन बैठकों के लिए राजभवन ने मंजूरी प्रदान कर दी है. स्टैच्यूट कमेटी विवि शिक्षकेतर कर्मचारियों के लिए तैयार नये रेगुलेशन पर चर्चा करेगी. साथ ही अन्य रेगुलेशन पर चर्चा की जायेगी. एफिलिएशन कमेटी में नये कॉलेजों की संबद्धता से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा होगी. पे फिक्सेशन कमेटी में सीनियर शिक्षकों का पे फिक्सेशन किया जायेगा.

राजभवन से विवि को दूसरा दीक्षांत समारोह आयोजित करने के लिए इजाजत एक दिन पहले मिल गयी है. इसका आयोजन कब करना है, इस पर नये कुलपति निर्णय लेंगे. विवि के दूसरे दीक्षांत समारोह में 2021, 2022 और 2023 में यूजी, पीजी, बीएड, एमएड, एलएलबी और एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जायेगी. दीक्षांत समारोह में शामिल होने को इच्छुक छात्रों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू की जानी थी, लेकिन अबतक इसे शुरू नहीं किया गया है.बीबीएमकेयू के कॉलेजों में मंगलवार से यूजी का नया सत्र (2024-28) शुरू होगा. इंडक्शन मीट मंगलवार से 12 जुलाई तक होगा. कॉलेजों की ओर से इसके लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है. एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में मंगलवार को यूजी साइंस और कॉमर्स के पहले सेमेस्टर में नव नामांकित छात्राओं के इंडक्शन मीट होगा. वहीं पीके राय मेमोरियल कॉलेज में नौ जुलाई से 12 जुलाई तक इंडक्शन मीट होगा. छात्र व छात्राओं को इस दौरान उनके कोर्स के सिलेबस, परीक्षा, एंटी रैगिंग, कॉलेज में उपलब्ध खेल व एकेडमिक सुविधाएं, स्कॉलरशिप के साथ ही कॉलेज में एनसीसी और एनएसए से जुड़ने की जानकारी दी जायेगी.

### रांची में 7 साल की बच्ची के साथ हैवानियत, दुष्कर्म करने के बाद युवक ने थमाए 30 रुपये

**ओरमांझी (रांची), एजेंसी।** झारखंड की राजधानी रांची में एक 27 वर्षीय युवक द्वारा एक सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। घटना रविवार देर शाम की है।युवक ने दुष्कर्म करने के बाद बच्ची को 30 रुपये थमाते हुए धमकी दी कि किसी को घटना की जानकारी दी, तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। हालांकि, बच्ची ने घर पहुंचकर अपनी मां को घटना की जानकारी दी।पीड़ित बच्ची की मां ने स्थानीय ओपी पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार, बच्ची अपने घर के नजदीक खेल रही थी। उसके घर से कुछ दूर रहने वाले एक युवक ने बच्ची बहला-फुसलाकर अपने घर में ले गया। इसके बाद बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद उसने बच्ची को 30 रुपये देकर चुप रहने की धमकी दी।बच्ची की मां की शिकायत पर पुलिस ने पोस्को एक्ट के तहत आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद उसे जेल भेज दिया है।इधर, क्षेत्र में घटना की जानकारी मिलने पर लोगों द्वारा आरोपित के खिलाफ काफी नाराजगी जताई गई।

### देवघर में बदमाशों ने दिनदहाड़े रोड पर मचाया तांडव, जमकर की हवाई फायरिंग, रंगदारी से जुड़ा ये है पूरा मामला

**देवघर, एजेंसी।** झारखंड के देवघर शहर में अपर सिंघवा श्री कृष्णा नगर कॉलोनी के पास बीच सड़क पर सोमवार को दिनदहाड़े बदमाशों ने तांडव मचाया।करीब एक दर्जन बाइक पर सवार 30 से 35 की संख्या में अपराधी दिन में करीब साढ़े बारह बजे देवघर-कुमैठा मुख्य मार्ग पर पहुंचे और हवा में गोलियां चलाईं।

इस दौरान वहां एक जमीन पर निर्माणाधीन चारदीवारी को क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर बदमाशों ने युवक विशाल कुमार को पीट-पीटकर घायल कर दिया।

बताया जा रहा है कि बदमाशों ने तीन दिन पहले ही दस लाख की रंगदारी मांगी थी। मांग पूरी नहीं होने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी थी।

मिली जानकारी के मुताबिक, मामला जमीन विवाद से जुड़ा है। इस रास्ते में मुख्य सड़क के किनारे संजय राम की पत्नी सुमन देवी, सुरेन्द्र राम की पत्नी प्रेमलता देवी, निलेश राम की पत्नी पूनम देवी के नाम पर नन सेलेबल जमीन खरीदी गई है।

पूनम व प्रेमलता के नाम पर आधा-आधा कट्ठा और सुमन के नाम पर एक कट्ठा जमीन है। उस जमीन पर चारदीवारी निर्माण का काम चल रहा है।निर्माण कार्य को बंद करवाने के लिए बदमाश वहां पहुंचे और चारदीवारी को तोड़ने लगे। इस बीच वहां मौजूद लोगों ने ईंट-पत्थर चलाया तो सभी भाग गये।

इसके बाद बदमाशों ने दूर जाकर पत्थरबाजी भी की। पिस्तौल निकालकर हवा में गोलियां चला दी। तीन बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दिया। धमकी देते हुए कुमैठा की ओर भाग निकले। घटना के पीछे खरबारी महेशमारा निवासी एक युवक के गिरोह का हाथ बताया जा रहा है।

# सीएम योगी ने वितरित किए नियुक्ति पत्र, बोले- पहले जिले एक परिवार में बंटते थे और चाचा-भतीजा वसूली करते थे

**लखनऊ , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2022 की राजस्व विभाग के द्वारा भर्तियों को अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की फितरत होती है अच्छे कार्यों में रोड़े अटकाना और गुमराह करना। उन्होंने इस कार्य में भी रोड़े अटकाए लेकिन अधीनस्थ चयन आयोग सुप्रीम कोर्ट तक गया और और आज ये नियुक्ति पत्र वितरित किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के पूरी होते ही प्रदेश में 30837 लेखपालों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के



लोकभवन में 7720 लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पिछले 7 वर्षों से नियुक्ति प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से चल रही है। इसकी वजह से 6 लाख से ज्यादा युवा प्रदेश की उन्नति मे सहयोग दे रहे है। पुलिस विभाग ने ही अकेले एक लाख 55 हजार युवा भर्ती किए गए। अब बिना भेदभाव और आरक्षण नियमों का पालन करते हुए युवा योग्यता अनुरूप भर्ती हो रहे हैं।

उन्होंने प्रदेश की पूर्ववर्ती सपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि 2017 से पहले भर्ती प्रक्रिया में तमाम समस्याएं थीं। एक परिवार आपस में जिले बांट लेता था और चाचा-भतीजे वसूली पर निकल जाते थे लेकिन नियुक्ति प्रक्रिया में निष्पक्षता से युवाओ में विश्वास आया है। युवाओं का विश्वास ही हमारी ताकत है। उन्होंने कहा कि ये वही प्रदेश है जब यहां का युवा बाहर जाता था तो पहले ही छांट दिया जाता था लेकिन आज युवा का सम्मान होता है। लोग समझ गए हैं ये नया उत्तर प्रदेश है। नए युवा हैं। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों की नीयत साफ नहीं थी। भाई-भतीजावाद हावी होता था। कोर्ट से स्टे होते थे। पैसा सरकार के गुर्गों और दलालों की जेब में जाता था।

## संक्षिप्त समाचार

### शामली में बड़ी वारदात, चौसाना में व्यापारी के परिवार को बंधक बनाकर दस लाख की डकैती

**शामली , एजेंसी।** शामली जनपद के चौसाना थानाक्षेत्र में बिडॉली मार्ग के सुंदर नगर गांव में व्यापारी के परिवार को बंधक बनाकर पांच बदमाशों ने घर में लूटपाट की।बदमाशों ढाई लाख की नगदी एवं गहने लूटकर फरार हो गए। विरोध पर व्यापारी बिल्लू को तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया एवं परिवार में लड़कियों, लड़के, मामा एवं भतीजे के साथ भी मारपीट की गई। सूचना मिलते ही जनपद पुलिस में खलबली मच गई। मौके पर एसपी सहित आला अधिकारी पहुंचे। चौसाना के सुंदर नगर में अल सुबह करीब ढाई बजे पांच बदमाश व्यापारी बिल्लू के घर में पीछे से लोहे की पाइप के सहारे घर में घुसे और छत पर सो रहे मामा धरमपाल ,अजय (लड़का),जोनी (भतीजा) को बंधक बनाकर मारपीट की एवं हथियारों के बल पर नीचे के पोर्सन का गेट खुलवाया। बदमाशों ने बिल्लू के विरोध पर तमंचे के बट से घायल कर दिया एवं लड़कियों को चाकू की नोक पर बंधक बनाकार घर से लाखो की नगदी एवं गहने लूट ले गए। पीड़ित ने किसी तरह बंधनमुक्त होकर पुलिस को घटना को जानकारी दी ।एसपी अभिषेक झा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे एवं घटना किं जानकारी ली गई। मौके पर एसओजी,सर्विलांस, सीओ कैराना अमरदीप मौर्या सहित तमाम पुलिस के अधिकारी मौजूद है। एसपी का कहना है कि चार टीमों को लगाया गया है। जल्द खुलासा किया जाएगा

### एमडी के आदेश दरकिनार... डग्गामार दौड़ रहे बेशुमार ; अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का सबसे बुरा हाल



**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक के आदेश भी स्थानीय अधिकारियों के लिए मायने नहीं रखते हैं। तभी को महानगर के तीनों बस अड्डों पर डग्गामार हावी हैं। यहां रात हो या दिन डग्गामार संचालक जबरन रोडवेज बसों से यात्रियों को उतारकर अपने वाहनों में बिठाते दिख जाते हैं। सबसे बुरी स्थिति आईएसबीटी की है। यहां तो आए दिन झगड़े की नौबत आ जाती है। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने दो जुलाई को आगरा, गौतमबुद्ध नगर, कानपुर, वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज और गाजियाबाद परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधकों को पत्र भेजकर पुलिस की मदद से डग्गामार वाहनों पर लगाम लगाने के निर्देश दिए थे। पत्र को आए पांच दिन हो चुके हैं, लेकिन किसी भी अधिकारी ने इसका संज्ञान नहीं लिया है। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि बस स्टैंड की एक किलोमीटर की परिधि में कोई भी डग्गामार वाहन खड़ा नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा होता है तो निगम के अधिकारी पुलिस और परिवहन विभाग के सहयोग से डग्गामार वाहनों को सीज कराएं। जबकि आईएसबीटी, ईदगाह और बिजलीघर बस स्टैंड से कुछ कदमों की दूरी पर ही डग्गामार वाहन खड़े होते हैं।

### नाबालिग चलाते मिले दोपहिया, अभिभावक का हुआ चालान

**कन्नौज।** स्कूलों वाहनों से हो रहे सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए सोमवार से चेकिंग अभियान शुरू हुआ। इस दौरान कई नाबालिग छात्र दोपहिया वाहन चलाते मिले। इस पर यातायात पुलिस ने पहले तो उन्हें जागरूक करते हुए ऐसा नहीं करने को कहा। फिर फोन से उनके अभिभावकों से बात की और उनका चालान भी कर दिया। इस दौरान मानक विहीन मिलने पर एक स्कूल वैन के खिलाफ भी चालान की कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी आफाक खान की अगुआई में सोमवार को शहर में मंडी समिति से रोडवेज बस स्टैंड सरायमीरा तक विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें कई ऑटो चालकों को रोककर अवैध रूप से लगे डीजे साउंड हटवाए गए और वैधानिक कार्रवाई भी की गई। एक ऑटो में डीजे वाला साउंड लगा पाया गया।

# गोरखपुर के नए वार्डों का जुटाएगी डेटा, 50 हजार घरों में भेजेंगे नोटिस- टैक्स वसूली की बनी स्ट्रेटजी

**गोरखपुर, एजेंसी।** महानगर में जीआईएस सर्वे पर आधारित हाउस टैक्स वसूलने की तैयारी नगर निगम ने शुरू कर दी है। इसके लिए करीब 50 हजार घरों में अब नोटिस पहुंचाया जाएगा और 10 नए वार्डों के करीब 15 हजार घरों का ब्यौरा जुटाया जाएगा।

निगम की कार्यकारिणी ने वर्ष 2021-22 और 2022-23 से बढ़ा टैक्स न लेने फैसले पर सहमति दी है। इससे करीब सवा लाख परिवारों को राहत मिली है। बुधवार को इसे बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा।

दरअसल, नगर निगम ने जब जीआईएस सर्वे पर आधारित बढ़े दर से टैक्स वसूलने के लिए घरों में नोटिस भेजना शुरू किया तो कुछ जगहों पर विरोध शुरू हो गया। 45 वार्डों के बाद इस पर रोक लगा दी गई। इससे करीब 50 हजार घरों तक नोटिस नहीं पहुंच पाई। अब निगम टीमें लगाकर इन घरों तक नोटिस पहुंचाएगा। हालांकि, टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि कब तक रखी जाएगी इस फैसला अभी बाकी है। इसी बीच लोगों की ओर से आपत्तियां आने लगी कि उनके घरों का कर निर्धारण गलत हुआ है। करीब 22 हजार आपत्तियां आईं।



उनका कहना था कि उनके घर का टैक्स 2021-22 से ही बढ़कर आ रहा है। टैक्स वित्तीय वर्ष 2023-24 से लिया जाए। नगर निगम के पार्षदों ने भी इस सहमति जताई। इसके बाद नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में सहमति देकर शहरवासियों को बड़ी राहत दे दी है। जीआईएस सर्वे के बाद जारी नोटिसों को लेकर आम नागरिकों को काफी समस्या आ रही थी। लोगों का टैक्स 20 से 50 गुना तक बढ़कर आ रहा था। इसपर आने वाली आपत्तियों को निगम कैंप लगाकर निस्तारित करेगा।

2023-24 से जीआईएस सर्वे के आधार पर टैक्स लेने के फैसले से निगम को कम आपत्तियां आने की उम्मीद है। कैंप में आए आवेदनों व आपत्तियों को रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। जिस पर जोनल अधिकारी व जोन के कर अधीक्षक हस्ताक्षर करेंगे।

शिविर समाप्ति के बाद नगर आयुक्त व अपर नगर आयुक्त प्रथम रजिस्टर को देखेंगे। निस्तारण से पहले स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। आपत्ति निस्तारण के बाद बिल जारी कर टैक्स वसूली शुरू की जाएगी।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी विनय राय ने बताया कि नए वार्डों में कर निर्धारण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। लोगों से सेल्फ असेसमेंट भी मांगा जाएगा। इसके साथ ही जिन वार्डों में जीआईएस की नोटिस नहीं गई है, उसे जल्द वितरित कराया जाएगा। नोटिस पर आने वाली आपत्तियों को जल्द से जल्द निस्तारित किया जाएगा। भगत चौराहे के राजन सिंह ने बताया कि जीआईएस सर्वेक्षण के आधार पर आए नोटिस में हाउस टैक्स काफी बढ़ गया था। इसको जमा करने में काफी दिक्कत होती। लेकिन इसे 2023-24 से लेने का फैसला स्वागत योग्य है। इससे कुछ हद तक राहत मिली है। बुद्ध विहार के अजय मल्ल ने बताया कि जो नोटिस मिला था उसमें 2021-22 और 2022-23 से ही बिल बढ़कर आया था। हमने शिकायत दर्ज कराई थी कि तीन गुना ज्यादा टैक्स का बिल मिला है। दो साल के बढ़े बिल से छूट मिल गई है, थोड़ी राहत जरूर मिली है।

# डिजिटल अटेंडेंस: शिक्षकों के समर्थन में उतरे अखिलेश, शिक्षकों ने बांधी काली पट्टी

**लखनऊ, एजेंसी।** परिषदीय विद्यालयों में डिजिटल अटेंडेंस (टैबलेट पर चेहरा दिखाकर उपस्थिति दर्ज कराने) को लेकर मंगलवार को दूसरे दिन भी शिक्षकों का विरोध जारी रहा। शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर कक्षाएं लीं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, सपा के प्रमुख महासचिव रामगोपाल यादव, सांसद चंद्रशेखर समेत कई पक्ष-विपक्ष के नेताओं ने शिक्षकों का समर्थन किया। इन लोगों ने शिक्षकों के पक्ष में एक्स पर लिखा और सीएम को पत्र भेजा है। कई जिलों में बैठक कर संयुक्त शिक्षक मोर्चा भी बनाया गया। ताकि सभी संगठन एक मंच पर आकर सामूहिक विरोध कर सकें। बरेली में प्राथमिक शिक्षक संघ, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा), महिला शिक्षक संघ, शिक्षामित्र संघ, अनुदेशक संघ ने सामूहिक रूप से संयुक्त मोर्चा बनाकर रणनीति तैयार की। तय किया कि बुधवार को जिले के सभी ब्लॉकों में उप मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। विरोध में शिक्षकों ने डिजिटल अटेंडेंस दर्ज नहीं कराई और एक्स पर बायकाट ऑनलाइन हाजिरी का अभियान चलाया। शिक्षकों ने 15 सीएल, 30 ईएल, राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, कैशलेस चिकित्सा सुविधा परिवार सहित, प्रमोशन देने की मांग की। दूसरे दिन भी काफी कम संख्या में शिक्षकों ने डिजिटल उपस्थिति दर्ज कराई।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा कि शिक्षकों पर विश्वास करने से ही अच्छी पीढ़ी जन्म लेती है। कोई शिक्षक देर से स्कूल नहीं पहुंचना चाहता है, लेकिन कहीं सार्वजनिक परिवहन, रेल का बंद फाटक और कहीं घर से स्कूल के बीच की दूरी काफी होने से देरी होती है। क्योंकि स्कूल के समीप शिक्षकों के रहने के लिए न तो सरकारी आवास होते हैं, न दूरस्थ इलाकों में किराए पर घर उपलब्ध होते हैं। इसीलिए डिजिटल अटेंडेंस का विकल्प बिना व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के संभव नहीं है। पहले यह अन्य सभी विभागों के प्रशासनिक मुख्यालयों में लागू किया जाए। इससे उच्च अधिकारियों को इसके व्यावहारिक पक्ष और परेशानियों का अनुभव होगा। फिर समस्या-समाधान के बाद ही इसे लागू करने के बारे में सोचा जाए। वहीं, रामगोपाल यादव ने लिखा कि सीएम से अनुरोध है कि ऑनलाइन अटेंडेंस के आदेश को वापस लेकर शिक्षकों की समस्या का समाधान करें। नगीना से सांसद चंद्रशेखर ने सीएम को पत्र भेजकर ऑनलाइन उपस्थिति का आदेश निरस्त करने की मांग की। सपा सांसद आनंद भदौरिया, एमएलसी आशुतोष सिन्हा, भाजपा एमएलसी डॉ. देवेंद्र प्रताप सिंह व डॉ. बाबूलाल तिवारी, अवधेश कुमार सिंह ने भी इस मामले में सीएम को पत्र लिखा है। शिक्षकों के विरोध के बीच बेसिक शिक्षा विभाग ने डिजिटल उपस्थिति को बच्चों के हित के लिए बेहतर बताया है। विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. एमकेएस सुंदरम ने कहा कि यदि कोई शिक्षक एक या दो घंटे देरी से स्कूल आता है, तो कक्षा के दो पीरियड बर्बाद हो जाते हैं।

## मथुरा पहुंचे मुख्य सचिव और डीजीपी, बांके बिहारी के किए दर्शन ; मंदिर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**मथुरा , एजेंसी।** तीर्थनगरी मथुरा के कोसीकलां में बुधवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार पहुंचे। वह सबसे पहले श्री बांके बिहारी मंदिर पहुंचे। उन्होंने ठाकुर जी के दर्शन करके मंदिर का भ्रमण किया। मंदिर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसएसपी और डीएम ने उनको मंदिर की व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी दी।

# दो वकीलों पर 10 साल का प्रतिबंध, एक केस के तारीख में खुद कर दिया था फेरबदल, कोर्ट में की गई शिकायत

**मुरादाबाद, एजेंसी।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने मुरादाबाद के दो वकीलों की वकालत पर 10 साल के लिए प्रतिबंध लगाया है। ये दोनों वकील अब देश की किसी भी अदालत में वकालत नहीं कर पाएंगे। आरोप है कि उन्होंने अपने पक्ष को फायदा पहुंचाने के




उद्देश्य से फाइल में तारीख में फेरबदल कर दिया था। पति-पत्नी के बीच विवाद का एक मामला परिवाद न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया था। जिसमें 20 दिसंबर 2022 की तारीख लगी थी। इस तारीख पर अदालत ने महिला को पैरवी करने के निर्देश जारी करते हुए पांच जनवरी 2023 की तारीख लगा दी थी। महिला का आरोप है कि तारीख से पहले जब पैरवी दाखिल करने के लिए अदालत में गई तो पता चला कि फाइल में तारीख बदल दी गई है, जबकि दोनों ही पेन की इंक में अंतर स्पष्ट था। इस बात की शिकायत अदालत में भी की गई।

जिसमें महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति के दो वकील भी 22 दिसंबर को अदालत में मौजूद थे। जिन्होंने अपने पक्ष को फायदा पहुंचाने के लिए अदालत को धोखा देते हुए तारीख में फेरबदल किया है। बार काउंसिल उत्तर प्रदेश की अनुशासनात्मक समिति द्वारा दोनों पक्षों को इलाहबाद (प्रयागराज) बुलाया गया। दोनों वकीलों ने तर्क दिया कि उनके खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराई गई है। उन्होंने महिला के वकील को रोका था क्योंकि उनका वकालतनामा फाइल में नहीं था। इस बात को लेकर महिला के वकील ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी थी। समिति द्वारा दोनों पक्षों को सुनने और साक्ष्यों को देखते हुए दोनों अधिवक्ताओं को आरोपी मानते हुए उन्हें दस साल के लिए देश की किसी भी अदालत में वकालत करने से प्रतिबंधित कर दिया।

# कुल्हाड़ी से काटकर पत्नी की हत्या: सामने आई फरजाना की हत्या की वजह, पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मेरठ , एजेंसी।** कंकरखेड़ा लाला मोहम्मदपुर में अवैध संबंध के शक में पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। शख्स ने शादी के 20 साल बाद अपनी पत्नी को कुल्हाड़ी से काट डाला। उसने अपनी पत्नी पर ताबड़तोड़ कई वार किए। पत्नी अपनी जान बचाने कोशिश करती लेकिन अनगिनत वार होते ही वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। सुबह जब बच्चे उठे तो उन्होंने आंगन में देखा कि मां लहूलुहान जमीन पर पड़ी थी और पिता कुल्हाड़ी फेंककर घर से फरार हो गया। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

वारदात को अंजाम देकर हत्यारोपी पति और ससुराल वाले फरार हो गए। मंगलवार तड़के पांच बजे घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी बरामद कर ली है। मृतका के भाई ने पति समेत उसके परिवार के पांच लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कंकरखेड़ा थानाक्षेत्र में हाईवे से लगा हुआ एक गांव है लाला मोहम्मदपुर। यहां रहने वाला मौसम मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। मौसम का निकाह 20 साल पहले नंगलाताशी निवासी फरजाना के साथ हुआ था। दोनों के छह बच्चे हुए। सबसे बड़ी बेटी की सात महीने पहले ही शादी की थी। मौसम मजदूरी करता था और फरजाना घर और बच्चों की जिम्मेदारी संभालती थी लेकिन आखिर ऐसा क्या हुआ कि मौसम ने फरजाना को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार डाला। ये भी आपको बताते हैं। पुलिस के अनुसार लाला मोहम्मदपुर गांव निवासी मौसम (40) अपनी पत्नी फरजाना (38) पर शक करता था। इसी के चलते दंपती के बीच करीब एक महीने से विवाद चल रहा था। जिसको लेकर पूर्व में दो बार दोनों पक्षों में पंचायत हो चुकी थी। सोमवार देर रात भी पति-पत्नी में विवाद हो गया। आरोपी पति ने महिला के सिर पर कुल्हाड़ी वार किए। कुल्हाड़ी के हमले में महिला लहूलुहान होकर चारपाई पर गिर गई। मंगलवार तड़के फरजाना का खून से लथपथ शव चारपाई पर पड़ा देखकर बच्चे रोने लगे। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। आरोपी पति व ससुराल वाले घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। बताया गया है कि आरोपी पत्नी के पड़ोसी वसीम से बात करने का शक करता था, उसे भी परिजन ने नामजद कराया है। फरजाना के भाई साजिद की तहरीर पर पुलिस ने मौसम, उसके चचेरे भाई मोईन पुत्र इकरारू निवासी पल्हेड़ा थाना पल्लवपुरम, वसीम पुत्र इकबाल निवासी लाला मोहम्मदपुर, रिश्तेदार चांद पुत्र सतुन निवासी ग्राम असौड़ा जिला हापुड़ व मौसम की बहन आसमीन निवासी लावड़ के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ दौराला शुचिता सिंह का कहना है कि मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन कर दिया गया है। हत्यारोपी पति व अन्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# वीडीए का चला बुलडोजर: 45 बीघे की 5 प्लॉटिंग तोड़ी, 9 अवैध निर्माण सील, 3 पर कार्रवाई; कई पर कार्रवाई

**वाराणसी, एजेंसी।** वीडीए का बुलडोजर एक बार फिर अवैध निर्माणों पर चला है। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग और सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अगुवाई में सारनाथ, रामनगर, दशाश्वमेध वार्डों में 45 बीघे की पांच अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई। 9 अवैध निर्माणों को सील कराया गया। साथ ही निगरानी की जिम्मेदारी पुलिस को दी गई। वीडीए सचिव ने मुगलसराय वार्ड में अवैध निर्माण होने पर संबंधित जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार और अवर अभियंता विजय सिंह से स्पष्टीकरण मांगा है। फील्ड स्टाफ नंदलाल को आरोपपत्र जारी किया गया। सारनाथ वार्ड के चौबेपुर मिल्कोपुर शंकरपुर में बिना ले-आउट स्वीकृत कराए कुंदन सिंह, स्वतंत्र मिश्रा की ओर से 5 बीघे में अवैध प्लॉटिंग कराई जा



रही थी, जिसे ध्वस्त कराने के साथ ही साइन बोर्ड लगवाया गया। रामनगर वार्ड के मुगलसराय नाथूपुर में अज्ञात की ओर से 15 बीघे में अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। इसे भी ध्वस्त करा दिया गया। चंदौली में 5 बीघा और कटेसर में 10 बीघा में अवैध प्लॉटिंग की गई थी। इसे ध्वस्त करवाने के साथ बोर्ड लगवाया गया। दशाश्वमेध वार्ड के रोहनिया दरेखू में बगैर नक्शा पास कराए रीता दुबे की ओर से की जा रही 10 बीघे में अवैध प्लॉटिंग गिराई गई। हैदराबाद गेट से सुसुवाही मार्ग पर हरिश्चंद्र पटेल उर्फ बबलू, गणेशपुरी कॉलोनी हैदराबाद गेट सुसुवाही रोड पर मनोज कुमार राय, अनिल सिंह और संजय राय की ओर से अवैध निर्माण कराया जा रहा था। विवेकानंद पुरम कॉलोनी में राजेश जायसवाल के अवैध निर्माण को वीडीए ने सील कर पुलिस अभिरक्षा में दिया। वीडीए उपाध्यक्ष ने आम जनता से अपील की कि वीडीए से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें। मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें, नहीं तो प्राधिकरण की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी। वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने मुगलसराय वार्ड केडांडी, महावलपुर, बेचूपुर का निरीक्षण किया।

# 30 दिनों से अनुपस्थित बच्चा तो आउट ऑफ स्कूल होगा, ऐसे बच्चों के लिए चलेगा विशेष अभियान

**लखनऊ, एजेंसी।** परिषदीय विद्यालयों में अब लगातार 30 दिन से ज्यादा अनुपस्थित रहने वाले और किसी भी परीक्षा में 35 फीसदी से कम नंबर लाने वाले छात्रों को आउट ऑफ स्कूल की श्रेणी में रखा जाएगा। शासन ने आउट ऑफ स्कूल की परिभाषा में बदलाव करते हुए स्कूलों को बच्चों के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।



बेसिक शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. एमकेएस सुंदरम के अनुसार 6 से 14 साल कोई बालक नामांकित नहीं है तो वह बिना विद्यालय का माना जाएगा। नामांकन के एक साल में लगातार 30 दिन अनुपस्थित रहता है तो उसे आउट ऑफ स्कूल माना जाएगा। अगर वार्षिक मूल्यांकन में 35 फीसदी से कम नंबर मिले हैं तो ऐसे बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार के लिए अतिरिक्त कक्षाएं चलाई जाएंगी। उन्होंने हर तिमाही होने वाली बैठक में ऐसे बच्चों के अभिभावकों की काउंसिलिंग कराकर पठन-पाठन में सुधार लाने को कहा है। उन्होंने सभी डीएम को भेजे पत्र में कहा कि यदि बच्चा लगातार तीन दिन बिना कारण के अनुपस्थित रहता है तो फोन पर अभिभावक से संपर्क कर बुलावा टोली को भेजें। यदि बच्चा छह दिन या उससे अधिक अनुपस्थित रहता है तो प्रधानाध्यापक गृह भ्रमण कर बच्चे के आने तक लगातार फॉलोअप करें।



# कल्कि 2898 एडी में कलाकारों की परफॉर्मेंस और मेकर्स की प्रेजेंटेशन प्रेरणादायक

**कल्कि 2898 एडी सिर्फ देश ही नहीं विदेशों में भी ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। फैंस को फिल्म की कहानी पसंद आ रही है। इस बीच मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने फिल्म मेकर्स और कलाकारों के काम की तारीफ करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। अमिताभ बच्चन इस फिल्म में अश्वत्थामा के किरदार में हैं।**

बिग बी ने अपने ब्लॉग में लिखा, फिल्म मेकर्स के काम की निपुणता, कलाकारों की परफॉर्मेंस, प्रोडक्शन और प्रेजेंटेशन सभी प्रेरणादायक हैं। एक्टर ने कहा कि क्रिएटिविटी की कोई सीमा नहीं है। उन्होंने आगे लिखा, हां, प्रेरणादायी सही शब्द है, क्योंकि इसमें अपनाने के लिए बहुत कुछ है... क्रिएटिविटी शानदार है... हर दिन और हर घंटा लर्निंग ग्राफ है, और इसके साथ चलते रहना है। कल्कि 2898 एडी महाभारत महाकाव्य पर आधारित साइंस फिक्शन फिल्म है, जिसमें प्रभास ने भैरवा का किरदार निभाया है जबकि दीपिका पादुकोण ने मजबूत महिला सुमति का रोल प्ले किया है, जो कोख में पल रहे बच्चे के लिए संघर्ष करती है। वहीं कमल हासन ने विलेन यास्किन का किरदार निभाया है जबकि दिशा पाटनी रॉक्सी की भूमिका में हैं। फिल्म में कई स्टार स्पेशल अपीयरेंस में हैं, जिनमें डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा, फिल्म मेकर एस.एस. राजामौली, एक्टर विजय देवरकोंडा, दुलकर सलमान और एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर शामिल हैं।





# सितारों के संग आने वाली टीम की वजह से मंहगा हुआ फिल्म निर्माण

## इन हस्तियों ने उठाई है आवाज

बीते कुछ समय से कई बॉलीवुड हस्तियों ने दावा किया है कि फिल्में बनाना उनके लिए अब काफी खर्चीला होता जा रहा है। फिल्में बनाने में निर्माताओं को मोटा पैसा खर्च करना पड़ रहा है और ये खर्चे फिल्म के ऊपर ना हो कर सितारों के संग आने वाली उनकी टीम के ऊपर हो रहा है। कई जानी-मानी फिल्मी हस्तियों ने दावा किया है कि आज कल फिल्मी सितारे अपने साथ अपनी लंबी-चौड़ी टीम साथ लेकर चलते हैं, जिनका खर्चा फिल्म निर्माताओं के जेब से भरा जाता है।

### फराह खान

फराह खान बॉलीवुड के दुनिया की एक मशहूर हस्ती हैं। उन्होंने करियर की शुरुआत उन्होंने बतौर कोरियोग्राफर की थी। फिल्म मैं हूं ना से उन्होंने बतौर निर्देशक अपनी नई पारी की शुरुआत की थी, जो काफी सफल भी रही थी। फराह ने बतौर निर्माता पांच फिल्में बनाई हैं, इसलिए बतौर निर्माता वो इन बातों से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने भी कई मौकों पर अदाकारों के साथ चलती उनकी लंबी चौड़ी टीम को और उनके बढ़ते खर्चों पर बात की है। उन्होंने एक बार कहा था, मैं इंडस्ट्री में एक बदलाव लाना चाहूंगी कि अभी सितारो के साथ उनकी टीम का खर्च काफी बढ़ गया है। एक अभिनेत्री नौ लोगों की टीम के साथ आती हैं। वहीं, एक अभिनेता अपने साथ आठ लोगों की टीम लेकर आता है। ये पैसे की बर्बादी है। इसे थोड़ा नियंत्रित करना काफी आवश्यक है।

### अनुराग कश्यप



अनुराग कश्यप हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्देशक हैं। उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों का निर्देशन किया है। उनकी फिल्मों की अपनी एक अलग शैली है, जिसके तहत वो फिल्में बनाते हैं। उन्होंने ने भी इस विषय पर अपनी राय रखी थी। उन्होंने कहा था कि बॉलीवुड में फालतू खर्च काफी होते हैं। फिल्में महंगी हो गई हैं क्योंकि सितारों की मांग बहुत बढ़ गई है। उन्होंने कहा था, लोगों को एक बात समझने की जरूरत है कि जब हम एक फिल्म बनाते हैं, तो हम काम कर रहे होते हैं, हम कुछ बना रहे होते हैं। यह कोई पिकनिक नहीं है। फिल्म बनाने में बहुत सारा पैसा खर्च नहीं होता, लेकिन यह फालतू चीजों में चला जाता है।

### कृति सैनन

कृति सैनन हिंदी सिनेमा की जानी मानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं। उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर लगातार सफल साबित होती जा रही हैं। उन्होंने भी सितारों की टीम के अनावश्यक खर्चों के कारण लगातार महंगे होते जा रहे फिल्म निर्माण पर बात की थी। उन्होंने फिल्म के कंटेंट के महत्व पर बात करते कहा था, फिल्म निर्माण के दौरान कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जहां बहुत अधिक अनावश्यक खर्च होता है। उन्होंने कहा कि सभी कलाकारों की जिम्मेदारी है कि सेट पर खर्चों को लेकर ध्यान दिया जाए।

### करण जौहर



करण जौहर बॉलीवुड का एक बड़ा नाम हैं। वह इस इंडस्ट्री के सफलतम निर्माताओं में से एक हैं। उन्होंने अपने करियर में कई सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाई हैं। वह दो दशक से भी ज्यादा का समय इस इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। हाल में ही करण ने भी स्वीकार किया कि आज के समय में फिल्म का निर्माण काफी मंहगा हो गया है। इस दौरान उन्होंने माना की सितारों के साथ चलने वाली उनकी टीमों के खर्चे भी इसका एक अहम कारण हैं। हालांकि, वह सितारों की फीस को इसकी सबसे बड़ी वजह मानते हैं। इसके अलावा भी उनके इतने सारे खर्चे होते हैं, जिससे फिल्में बनाना लगातार मंहगा होता जा रहा है और फिल्में बॉक्स ऑफिस पर उतनी कमाई नहीं कर पातीं।



# नाथ कृष्ण और गौरी की कहानी में नेगेटिव रोल निभाएंगी सत्यमवदा सिंह

टीवी एक्ट्रेस सत्यमवदा सिंह नाथ कृष्ण और गौरी की कहानी शो में नेगेटिव रोल में नजर आएंगी। वह जीनत का किरदार निभाएंगी। एक्ट्रेस चांद जलने लगा सीरियल की भूमिका के लिए घर-घर में जानी जाती हैं। सत्यमवदा ने कहा कि मैं जीनत का किरदार निभाने के लिए एक्साइटेड हूं। वह मजाकिया, खूबसूरत और मनमौजी लड़की है। यह कॉमिक टाइमिंग वाला एक नेगेटिव रोल है। मैं इस तरह के किरदार का लंबे समय से इंतजार कर रही थी। एक्ट्रेस ने कहा कि वह इस नए सफर को एक्सप्लोर करने के लिए एक्साइटेड हैं। सत्यमवदा ने बताया कि वह फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल जैसे किरदारों को निभाना चाहती हैं। उन्होंने आगे कहा कि संजय लीला भंसाली सर की हीरामंडी देखने के बाद, मैंने स्क्रीन पर एक मुस्लिम महिला का किरदार निभाने का मन बनाया। मेरी एक और इच्छा है कि मैं उनके प्रोजेक्ट में लीड रोल निभाऊं। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि मुझे टीवी शो में एक मुस्लिम महिला की भूमिका निभाने का मौका मिलेगा। मुझे यकीन है कि मैं इस नए किरदार को शानदार ढंग से निभा पाऊंगी। नाथ कृष्ण और गौरी की कहानी में चाहत पांडे, अलीशा पंवार और रेयांश वीर चड्ढा भी हैं।




# म्यूजिक वीडियो इश्क दवा के लिए शिवांगी शर्मा व अमित टंडन आए साथ

म्यूजिक वीडियो इश्क दवा के लिए पॉप गायिका शिवांगी शर्मा और गायक अमित टंडन एक साथ आए हैं। दोनों कलाकारों द्वारा गाया गया यह गाना रिश्तों में आने वाले अंतरों के बारे में है। गाने के बारे में अपनी उत्सुकता शेयर करते हुए शिवांगी ने कहा, यह कई तरह की भावनाओं के साथ एक बेहतरीन वीडियो सॉन्ग है। यह मौजूदा डेटिंग सिनेरियो के बारे में बात करता है। अमित ने कहा कि सॉन्ग इश्क दवा एक ऐसा गाना है, जो दिखाता है कि वास्तविक जीवन के जोड़ों के साथ क्या होता है जो शुरू में तो प्यार में हो सकते हैं लेकिन समय के साथ उनमें मतभेद बढ़ते हैं, जो रिश्ते को असहनीय बनाते हैं। यह एक ऐसा गाना है जिससे हर कोई जुड़ाव महसूस करेगा। अपने कामकाजी अनुभव के बारे में अमित ने कहा, पहली बार शिवांगी के साथ काम करना एक बेहतर अनुभव था। अपनी आवाज देने के अलावा उन्होंने मेरे साथ वीडियो में अभिनय भी किया है। उन्होंने जल्दी से समझ लिया और एक तंग आ चुके प्रेमी की भावनाओं को व्यक्त किया, जिसका एक पैर रिश्ते में और दूसरा बाहर था। उनके स्वर उनकी भावनाओं से बिल्कुल मेल खाते थे। अमित की तारीफ करते हुए शिवांगी ने कहा कि अमित के साथ काम करना बेहद आसान है और उन्होंने मेरा काम बहुत आसान कर दिया, क्योंकि जब मैं रिकॉर्डिंग कर रही थी, तो वे वहां मौजूद थे। जब भी जरूरत पड़ी, उन्होंने पंजाबी उच्चारण में मेरी मदद की। शूटिंग के दौरान अमित के अभिनय अनुभव ने मेरे अभिनय को बेहतर बनाया। उन्होंने हर शॉट से पहले मुझे सीन समझाया, इससे रीटेक कम हुए। अमित के साथ काम करने का मेरा अनुभव बहुत सहज रहा। इश्क दवा आधुनिक रिश्तों का एक मार्मिक और भरोसेमंद चित्रण होने का वादा करता है। यह 11 जुलाई को अमित टंडन म्यूजिक लेबल के तहत रिलीज होने वाला है। शिवांगी डीजे ब्रावो के साथ अपने गाने पार्टी पार्टी और सेम ओल्ड लाइज के लिए जानी जाती हैं। अमित इंडियन आइडल 1 से मशहूर हुए और कसम तेरे प्यार की, दिल मिल गए और ये है मोहब्बतें जैसे शो का हिस्सा रहे हैं।

# क्या पुष्पा वाले फहाद फाजिल ने ठुकराई रजनीकांत और लोकेश कनगराज की कुली?



फहाद फाजिल एक बार फिर चर्चा में हैं। बीते दिनों उन्होंने अपनी सुपरहिट फिल्म आवेशम से खूब वाहवाही लूटी है। हालांकि, अब खबर है कि उन्होंने सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली में काम करने से इनकार कर दिया है। लोकेश कनगराज के डायरेक्शन में बन रही की इस फिल्म में जब से फहाद की एंट्री की खबर आई थी, फैंस की बांछे खिल गई थीं। हाल ही बताया गया था कि टीम ने पहले ही फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और जल्द ही फहाद के जुड़ने को लेकर घोषणा की जाएगी। लेकिन अब बताया जा रहा है कि फिल्म के निर्माताओं और फहाद फाजिल के बीच बात नहीं बनी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फहाद फाजिल को अपनी फिल्म में लेने के लिए लोकेश कनगराज खुद बड़े उत्साहित थे। फैंस भी रजनीकांत के साथ पर्दे पर उन्हें देखने के लिए बेताब थे। लेकिन फहाद अपनी दूसरी व्यस्तताओं के कारण कुली की शूटिंग के लिए तारीख नहीं दे पाए। यह सब तब हुआ है जब फहाद और लोकेश के बीच बहुत अच्छे रिश्ते हैं। इतना ही नहीं, फहाद लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स का अहम हिस्सा हैं और विक्रम में नजर आए थे। बताया जा रहा है कि मेकर्स ने कुली में रोल निभाने के लिए फहाद फाजिल से मुलाकात भी की थी। उनके रोल और स्क्रिप्ट पर विस्तार से चर्चा भी हुई। लेकिन फहाद ने इस प्रोजेक्ट को साइन करने से मना कर दिया। वह पहले से ही कई प्रोजेक्ट में बिजी हैं। हालांकि, फहाद को रजनीकांत के साथ देखने की तमन्ना जल्द ही पूरी होगी, क्योंकि वह सुपरस्टार की फिल्म वेट्टैयन में अहम भूमिका कर रहे हैं।



# एक्शन-थ्रिलर सीरीज मिक्सचर में नजर आएंगी अहाना कुमरा-अनुष्का रंजन

बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का रंजन अपनी आगामी वेब सीरीज मिक्सचर को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। निर्देशक हनीश कालिया लेकर आ रहे हैं धमाकेदार एक्शन और थ्रिलर से भरपूर वेब सीरीज मिक्सचर। सीरीज मिक्सचर में पहली बार अहाना कुमरा और अनुष्का रंजन साथ नजर आएंगी। यह सीरीज क्राइम और सस्पेंस की दुनिया की सच्चाई दिखाएगी। एक्शन-सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर वेब सीरीज मिक्सचर इस साल रिलीज हो सकती है। प्रसिद्ध अभिनेत्री अनुष्का रंजन मिक्सचर नाम की आगामी वेब सीरीज में नजर आएंगी। यह एक एक्शन-थ्रिलर पर आधारित वेब सीरीज होगी। निर्देशक हनीश कालिया की इस वेब सीरीज में आपको भरपूर सस्पेंस और क्राइम देखने को मिलेगा। यह सीरीज दर्शकों के लिए एक नया अनुभव होगी। पिनाका एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और हनीश कालिया द्वारा निर्देशित, यह सीरीज एक तरह से दर्शकों को अपराध और रहस्य की दुनिया की गहराई में ले जाएगी। इस सीरीज में अनुष्का के साथ अभिनेत्री अहाना कुमरा भी नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आगामी वेब सीरीज मिक्सचर गोवा की सुंदर पृष्ठभूमि और मुंबई की हलचल भरी सड़कों पर आधारित है, जो दर्शकों को अपनी गंभीर स्टोरी और भयानक एक्शन सीन से बांधने में कामयाब रहेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अनुष्का रंजन इस वेब सीरीज में अहम भूमिका निभा रही हैं। इस वेब सीरीज में अपनी भूमिका के बारे में अनुष्का ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा, मैं मिक्सचर का हिस्सा बनकर काफी खुश और रोमांचित हूं। यह एक एक्शन थ्रिलर सीरीज है, जिसे मैंने पहले कभी नहीं किया। यह पहले की गई सभी चीजों से बिल्कुल अलग है। इस फिल्म में मैंने ऐसी चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाई है, जो मैंने आज से पहले कभी नहीं निभाई। यहां तक कि मैंने इस तरह के रोल की उम्मीद कर नहीं की थी। यह किरदार काफी मुश्किलों भरा रहा। कहानी ऐसे मोड़ों से भरी है, जिसने मुझे पूरी शूटिंग के दौरान तनाव में रखा। मैं इतनी प्रतिभाशाली टीम के साथ काम करने और तरह-तरह के स्थानों पर इसकी शूटिंग की गई है। अनुष्का की भूमिका फिल्म के दौरान ऐसी नजर आई, जिसमें अनोखी तेजी और जो मिक्सचर की तेज रफ्तार और मनोरंजक कहानी से पूरी तरह से मेल खाती है।



# सरफिरा में राधिका मदान की अदाकारी के मुरीद हुए अक्षय





अक्षय कुमार और राधिका मदान की फिल्म सरफिरा 12 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। सरफिरा में राधिका रानी का किरदार निभा रही हैं, जो एक जोशीली और दृढ़ महाराष्ट्रीयन लड़की है। दिल्ली और पुणे में हुई विशेष स्क्रीनिंग में कलाकार शामिल हुए। इस दौरान अक्षय ने अपनी सह कलाकार राधिका की तारीफ की। पुणे में स्क्रीनिंग के दौरान अक्षय ने राधिका के अभिनय की प्रशंसा करते हुए कहा- यह अब तक का मेरा देखा हुआ सर्वश्रेष्ठ अभिनय है। मुझे नहीं पता कि आप सभी उनके बारे में क्या सोचते हैं, वे महाराष्ट्रीयन नहीं हैं, लेकिन उन्होंने महाराष्ट्रीयन की तरह अभिनय किया है। वे बहुत अच्छी बोलती हैं, उनकी भाषा बहुत अच्छी थी और उन्होंने मराठी बोलना और क्या बोलना है, यह सीखने के लिए पूरी कक्षाएं ली हैं।

कोपा अमेरिका: 2024

# कनाडा को हराकर अर्जेंटीना कोपा अमेरिका के फाइनल

● मेसी ने दागा 109वां गोल



**ईस्ट रदरफोर्ड (न्यू जर्सी), एजेंसी।** लियोनेल मेसी के अपने करियर के 109वें अंतरराष्ट्रीय गोल और वर्तमान टूर्नामेंट के पहले गोल के दम पर गत चैंपियन अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना की तरफ से जूलियन अल्वारेज ने 22वें मिनट में पहला गोल किया, जबकि मेसी ने 51वें मिनट में एन्जो फर्नांडीज के शॉट को गोल में भेज कर उसकी बढ़त दोगुनी की।

मेसी के सामने तब गोलकीपर मैक्सिम क्रेप्यू थे लेकिन इस स्टार फुटबॉलर के आगे उनकी एक नहीं चली। मेसी ने अर्जेंटीना के लिए अपने पिछले 25 मैचों में 28 गोल किए हैं। वह कोपा अमेरिका में अब तक 14 गोल कर चुके हैं जो रिकॉर्ड से तीन गोल कम हैं। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में मेसी से अधिक गोल पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पर दर्ज हैं जिन्होंने अभी तक 130 गोल किए हैं। ईरान के अल देई के नाम 1993 से 2006 तक 108 या 109 गोल दर्ज हैं।

इक्वाडोर के खिलाफ 2000 में किए गए उनके गोल को लेकर विवाद है क्योंकि इस मैच के अंतरराष्ट्रीय दर्जे को लेकर मतभेद हैं। अर्जेंटीना ने यह जीत अपने स्वतंत्रता दिवस पर हासिल की जिससे उसका अजेय अभियान 10 मैच तक पहुंच गया है। अर्जेंटीना रविवार को होने वाले फाइनल में उरुग्वे या कोलंबिया का सामना करके रिकॉर्ड 16वां कोपा खिताब जीतने की कोशिश करेगा।

# राहुल द्रविड़ ने जीता दिल
# बीसीसीआई से मिले अतिरिक्त बोनस को ठुकराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट को जेंटलमैन गेम कहा जाता है। यह बात तो हर कोई जानता है, लेकिन इस सोच को सच साबित करते हैं राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गज जो पैसों को नहीं बल्कि स्पिरिट ऑफ गेम को अहमियत देते हैं। टीम इंडिया के पूर्व मुख्य कोच द्रविड़ से जुड़ी एक ऐसी जानकारी सामने आ रही है, जिससे एक बार फिर उन्होंने फैंस का दिल जीत लिया है। द्रविड़ ने कई बार अपनी निस्वार्थ शैली के लिए प्रशंसा बटोरी है। क्रिकेट की दुनिया में राहुल द्रविड़ की पहचान अपने खेल के दिनों से एक शानदार खिलाड़ी के साथ-साथ एक अच्छे इंसान के रूप में भी है। बतौर, कोच भी उनका सफर शानदार रहा। चाहे खिलाड़ी युवा हो या अनुभवी हर कोई उनके व्यक्तित्व की सराहना करता है। अपनी निस्वार्थ शैली का ताजा उदाहरण पेश करते हुए द्रविड़ ने एक और मिसाल कायम की है। राहुल द्रविड़ के कार्यकाल के दौरान उनकी कोचिंग में टीम इंडिया ने तीन आईसीसी फाइनल खेला। दो बार बेहद करीब से ट्रॉफी से चुकने के बाद आखिरकार टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप 2024 जीतकर अपने कोच को यादगार विदाई दी। इस खुशी के मौके पर बीसीसीआई द्वारा टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए घोषित 125 करोड़ रुपये की राशि में से 5 करोड़ रुपये की विजेता टीम के मुख्य कोच यानी राहुल द्रविड़ को देने का ऐलान किया लेकिन द्रविड़ ने पुरस्कार राशि का आधा हिस्सा छोड़ने का फैसला किया है। जानकारी के अनुसार, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को 5 करोड़ रुपये मिले थे। जबकि टीम के अन्य कोचों को 2.5 करोड़ रुपये दिए जाने थे। ऐसे में द्रविड़ ने फैसला किया है कि वह भी अन्य कोचों की ही तरह 2.5 करोड़ लेंगे।

यानी द्रविड़ ने अपने सहयोगी स्टाफ के बराबर बोनस लेने का फैसला किया। केंसिंग्टन ओवल में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर सात रन की रोमांचक जीत के साथ भारत द्वारा 2024 पुरुष टी20 विश्व कप जीतने के एक दिन बाद, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि टीम को कुल 125 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। वितरण फार्मूले के अनुसार, मुख्य कोच द्रविड़ और टीम के सभी 15 सदस्यों को 5-5 करोड़ रुपए मिलने थे। जबकि बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर, फील्डिंग कोच टी. दिलीप और गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे सहित अन्य सहयोगी स्टाफ को 2.5-2.5 करोड़ रुपए मिलने थे। हालांकि, द्रविड़ ने अन्य सहयोगी स्टाफ को दिए जाने वाले इनाम के साथ अपने बोनस में 2.5 करोड़ रुपए लेने से इनकार कर दिया। राहुल अपने सहयोगी स्टाफ (गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे, फील्डिंग कोच टी.दिलीप और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर) के बराबर ही बोनस राशि (2.5 करोड़ रुपए) चाहते थे। हम उनकी भावनाओं का सम्मान करते हैं। यह पहला मौका नहीं है जब द्रविड़ ने पुरस्कारों के समान वितरण के लिए रुख अपनाया है। 2018 में भारत की विजयी अंडर-19 विश्व कप टीम के मुख्य कोच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान द्रविड़ ने ऐसा ही कुछ किया था।

उस समय द्रविड़ को 50 लाख रुपये मिलने थे, जबकि सहयोगी स्टाफ के अन्य सदस्यों को 20-20 लाख रुपये मिलने वाले थे। ऐसे में द्रविड़ ने इस तरह के विभाजन से इनकार कर दिया, जिससे बीसीसीआई को इस बोनस में थोड़ा बदलाव करना पड़ा और सभी को समान रूप से पुरस्कृत करने के लिए मजबूर होना पड़ा। बोर्ड ने इसके बाद नकद पुरस्कारों की संशोधित सूची जारी की, जिसमें द्रविड़ सहित सहयोगी स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को 30 लाख रुपये दिए गए।

## पंजाब ने नामीबिया को चौथे वनडे मैच में 33 रन से रौंदा

**मोहाली, एजेंसी।** नामीबिया दौरे पर पंजाब की युवा टीम ने लगातार चौथी जीत दर्ज की और वनडे सीरीज में 4-0 लीड बना ली। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 266/10 रन बनाए और जवाब में नामीबिया टीम 233/10 रन ही जोड़ सकी। पंजाब ने 33 रन से मैच जीता। फिरकी गेंदबाज जस इंदर सिंह ने मेजबान टीम के पांच विकेट झटके और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

चौथे मैच में पंजाब ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पुखराज मान के साथ अनमोलप्रीत सिंह ने 51 रन की साझेदारी पहले विकेट के लिए की। अनमोलप्रीत 30 रन बनाकर लौट गए। इसके बाद कप्तान नमन धीर ने पुखराज मान का साथ दिया। दोनों ने 92 रन जोड़े। नमन धीर 56 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि पुखराज मान ने 79 रन पर 61 रन की पारी खेली।

भारतीय क्रिकेट टीम का हेड कोच बनने पर बोले गौतम गंभीर

# मैं वापस आकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के पूर्व ओपनर गौतम गंभीर भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के नए हेड कोच बनाए गए हैं। इससे पहले राहुल द्रविड़ टीम इंडिया में ये भूमिका निभा रहे थे। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप 2024 के बाद समाप्त हो गया। भारतीय टीम ने द्रविड़ की कोचिंग में विश्व कप का खिताब जीता। अब गौतम गंभीर टीम के नए हेड कोच के तौर पर काम करेंगे। गंभीर इससे पहले आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम के मेंटर की भूमिका में थे और उनके मार्गदर्शन में केकेआर ने तीसरी बार आईपीएल का खिताब जीता था।



बीसीसीआई सचिव जय शाह ने गंभीर को हेड कोच बनाए जाने की पुष्टि कर दी है। गौतम गंभीर ने भी अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तिरंगे की फोटो लगाते हुए लिखा, भारत मेरी पहचान है और अपने देश की सेवा करना मेरे लिए जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य रहा है। मैं वापस आकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं, इस बार मेरी टोपी अलग है। लेकिन, मेरा लक्ष्य हमेशा से वही है, हर भारतीय को गौरवान्वित करना। मेन इन ब्लू के कंधों पर 1.4 अरब भारतीयों के सपने हैं, और मैं इन सपनों को साकार करने के लिए अपनी शक्ति से सब कुछ करूंगा। इसके पहले बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इस बारे में जानकारी देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मैं बेहद प्रसन्नता के साथ गौतम गंभीर का भारतीय क्रिकेट टीम का हेड कोच के तौर पर स्वागत करता हूं। आधुनिक क्रिकेट बहुत तेजी से विकसित हो रहा है, और गंभीर ने इस बदलाव को काफी करीब से देखा है। गंभीर ने अपने करियर में जितनी भूमिका को निभाया है, मुझे पूरा भरोसा है कि भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए गौतम गंभीर एक आदर्श व्यक्ति हैं। भारतीय टीम के लिए उनका स्पष्ट नजरिया, उनका पुराना अनुभव, उन्हें कोचिंग के रोल के लिए एकदम सही बनाता है। बीसीसीआई का उनको पूरी तरह से सहयोग रहेगा। बता दें कि गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 टूर्नामेंट जीता था।

ये केकेआर की आईपीएल में तीसरी ट्राफी थी। खास बात ये है कि केकेआर की टीम ने तीनों ट्रॉफी गंभीर के साथ ही जीती है। इससे पहले गंभीर ने बतौर कप्तान आईपीएल में केकेआर को दो बार खिताबी जीत दिलाई थी। आईपीएल 2024 में केकेआर की टीम का मेंटर बनने से पहले गौतम गंभीर लखनऊ सुपर जायंट्स टीम के मेंटर थे। 42 साल के गौतम गंभीर ने 58 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 41.96 की औसत के साथ 4,154 रन बनाए हैं। उन्होंने 147 वनडे मुकाबलों में 39.68 के साथ 5,238 रन बनाए हैं। इसके अलावा गंभीर को 37 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों का भी अनुभव है, जिसमें उन्होंने 27.41 की औसत के साथ 932 रन बनाए हैं। गौतम गंभीर ने अपने करियर में 154 आईपीएल मैच भी खेले हैं, जिसमें उन्होंने 31.04 के औसत के साथ 4,218 रन बनाए हैं। गौतम गंभीर की कोचिंग में भारत साल 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भी हिस्सा लेगा।

तेलंगाना सरकार का ऐलान

## सिराज को सरकारी नौकरी और घर की जगह देने की घोषणा



**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में देश और राज्य को बड़ा सम्मान दिलाने वाले हरफनमौला क्रिकेटर मोहम्मद सिराज को सरकारी नौकरी और घर के लिए जगह देने की घोषणा की है। टी20 विश्वकप जीतकर लौटी भारतीय टीम का हिस्सा रहे सिराज का हैदराबाद पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। सिराज में मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने टी-20 में बेहतरी प्रदर्शन के लिए सिराज की प्रशंसा की और सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री रेड्डी ने अधिकारियों को राज्य सरकार की ओर से सिराज को नौकरी और घर की जगह आवंटित करने का भी निर्देश दिया। आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने हैदराबाद या आस-पास के इलाकों में तुरंत सिराज के लिए उपयुक्त घर की जगह की पहचान करने और उन्हें सरकारी नौकरी देने के लिए त्वरित कदम उठाने का निर्देश दिये है।




## मेदवेदेव के खिलाफ हार के साथ शीर्ष वरीय सिनर विंबलडन से बाहर

**लंदन, एजेंसी।** शीर्ष वरीय यानिक सिनर को दानिल मेदवेदेव ने पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर मंगलवार को यहां विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए सिनर को 6-7 (7), 6-4, 7-6 (4), 2-6, 6-3 से हराया। सिनर के इस मुकाबले के दौरान अपने ट्रेनर से उपचार लेना पड़ा और वह तीसरे सेट में कोर्ट से चले गए थे। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि सिनर को क्या हुआ था। लॉकर रूम में जाने से पहले उनकी हृदय गति की जांच भी की गई। इटली का यह 22 वर्षीय खिलाड़ी लगभग 10 मिनट बाद वापस लौटा और फिर से खेलना शुरू किया।

### डोना वेकिच पहली बार ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

क्रोएशिया की 28 वर्षीय खिलाड़ी डोना वेकिच ने मंगलवार को यहां विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में तीन सेट तक चले मुकाबले में लुलु सन को हराकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वेकिच ने न्यूजीलैंड की क्वालीफायर सन को 5-7, 6-4, 6-1 से हराया।

# फ्रांस को हराकर स्पेन फाइनल में

## 16 साल के स्पैनिश फुटबॉलर यमाल ने रचा इतिहास




**बर्लिन, एजेंसी।** 16 वर्षीय लामेन यमाल यूरो कप फुटबॉल टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे कम उम्र के गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। मंगलवार को म्यूनिख में खेले गए सेमीफाइनल में यमाल और दानी ओल्मो की गोल की बदौलत स्पेन ने फ्रांस को 2-1 से हरा दिया और यूरो 2024 के फाइनल में जगह बनाई। रैंडल कोलो मुआनी के नौवें मिनट में किलियन एम्बाप्पे के क्रॉस पर किए गए गोल से पिछड़ते हुए स्पेन ने चार मिनट के अंदर ही मैच का पासा पलट दिया। स्पेन ने इस टूर्नामेंट में पिछले पांच मैचों में केवल एक गोल खाने वाली टीम के खिलाफ चार मिनट के अंदर दो गोल दागे और फिर से इस बढ़त को कायम रखते हुए जीत हासिल की। यमाल यूरो कप फाइनल से एक दिन पहले अपना 17वां जन्मदिन मनाएंगे। अब फाइनल में स्पेन का सामना बर्लिन में नीदरलैंड या इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। यमाल ने बॉक्स के बाहर से शानदार स्ट्राइक कर गोल दागा और स्पेन को बराबरी करने में मदद की। गेंद फ्रांस के गोलकीपर माइक मैग्नन की अंगुलियों को छूते हुए गोलपोस्ट में चली गई। स्पेन ने 25वें मिनट में बढ़त बना ली जब दानी ओलमो ने नेट में गेंद को पहुंचा दिया। मिडफील्ड गेम मैनेजमेंट के मास्टर्स स्पेन ने बढ़त लेने के बाद डिफेंसिव खेल दिखाया। काउंटर अटैक के बजाय बॉल पजेशन पर ज्यादा ध्यान दिया। तीन बार का चैंपियन स्पेन यूरो कप में छह मैच जीतने वाली पहला देश बन गया है और वह रिकॉर्ड चौथे खिताब से एक मैच दूर है। पिछले चार मेजर टूर्नामेंटों में से तीन में फाइनलिस्ट फ्रांस से जरूर सवाल पूछे जाएंगे कि वह कैसे आक्रामक फॉरवर्ड के बावजूद फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहा। कोच डिडिए डेशां ने एंटोनी ग्रीजमैन को तरजीह देने की बजाय ओस्मान डेम्बेले को लगातार मौका दिया। इसके अलावा जीरूड को भी बेंच पर बैठाए रखा। फिट नहीं होने के बावजूद एम्बाप्पे लगातार खेलते रहे।

यमाल का प्रदर्शन इस यूरो कप में शानदार रहा है। उन्होंने अब तक इस टूर्नामेंट में एक गोल के अलावा तीन असिस्ट भी किए हैं।





# पीसीबी ने दो दिग्गजों की कर दी छुट्टी!

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट इस वक्त फिर के बदलाव के दौर से गुजर रहा है। टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम से मिली हार और सुपर 8 में भी एंट्री ना कर पाने के बाद इस तरह के परिवर्तन की संभावना पहले ही जताई जा रही थी। जो अब शुरू भी हो गई है। इस बीच ईएसपीएन क्रिकइन्फो के हवाले से पता चला है कि पीसीबी ने बड़ा फैसला लेते हुए पाकिस्तान क्रिकेट टीम के दो सेलेक्टर्स को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। हालांकि अभी तक पीसीबी ने इसको लेकर आधिकारिक ऐलान नहीं किया है। माना जा रहा है कि इस सप्ताह के अंत तक ये भी हो जाएगा। कहा तो ये भी जा रहा है कि कुछ और भी बदलाव आने वाले वक्त में भी देखने के लिए मिल सकते हैं।

**वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक की सेलेक्शन कमेटी से छुट्टी -** पाकिस्तान के टी20 विश्व कप 2024 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सेलेक्टर के रूप में वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को बर्खास्त कर दिया गया है। अब्दुल रज्जाक को कुछ सप्ताह पहले ही पुरुष और महिला दोनों टीमों के लिए चयन समिति में नियुक्त किया गया था, अब महिला टीम के लिए भी चयनकर्ता के रूप में काम नहीं करेंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि सेलेक्शन कमेटी फिर से नए सिरे से बनाए जाने की संभावना है। अभी तक पीसीबी ने सेलेक्शन कमेटी में चीफ सेलेक्टर का पद ही खत्म कर दिया था, जो अब फिर से बनाए जाने की बात सामने आ रही है। इतना ही नहीं, बताया तो ये भी जा रहा है कि सेलेक्शन कमेटी में सदस्यों की संख्या भी कम करने पर विचार किया जा रहा है। वहाब रियाज ने टी20 विश्व कप 2024 में पाकिस्तान की टीम के साथ सीनियर टीम मैनेजर की भी भूमिका निभाई थी। पीसीबी चीफ ये दर्शाने की कोशिश कर रहे हैं कि अगर टीम ने बेहतर प्रदर्शन नहीं किया तो किसी भी भी कुर्सी पर खतरा आ सकता है, कोई भी खुद को सुरक्षित महसूस न करे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## एक नजर

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**हसपुरा (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** हसपुरा थाना की पुलिस ने मारपीट के पुराने मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम ने बताया कि कसीएनबी के तहत छापामारी में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इनमें हसपुरा थाना क्षेत्र के चौराहीं गांव निवासी रामेश्वर राम एवं बिन्दा राम( दोनों पिता-पुत्र) को अरवल जिले के करपी थाना के मखलीलपुर गांव से गिरफ्तार किया गया। वहीं एक अन्य आरोपी हसपुरा के आदर्शनगर निवासी अर्जुन रजक बैठा को उसके घर से हीं गिरफ्तार कर मंगलवार की शाम थाना लाया गया। बुधवार की सुबह तीनों आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

### मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**हसपुरा (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** मोहर्रम पर्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर हसपुरा थाना परिसर में गुरुवार की दोपहर 2:00 बजे से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम ने बताया कि मोहर्रम पर्व को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाने, सरकारी आदेश, गाइडलाइन का पालन करने, हर गांव के ताजिया का रूट निर्धारित करने के लिए लाइसेंसी एवं लाइसेंस नहीं लेने वाले ताजिया कमेटी को भी बैठक में बुलाया गया है। बैठक में हसपुरा थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं अन्य सभी से अपील है कि बैठक में जरूर आए।

### टेंपो ड्राइवर की मौत पर मृतक की पत्नी ने बिजली विभाग के विरुद्ध दर्ज कराई प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** रफीगंज थाना के पास कुछ दिन पूर्व टेम्पो ड्राइवर का बिजली खम्भे के संपर्क में आने से मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक की पत्नी अनीता देवी ने थाना में आवेदन दिया। उल्लेख किया कि मेरे पति टेम्पो चालू करने के लिए रस्सी लगाकर खींच रहे थे।तभी पोल में प्रभावित विद्युत के चपेट में आ जाने से छटपटाने लगे। आस- पास के लोगो ने रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये।जहाँ चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बिजली विभाग के लापरवाही के कारण करंट लगने से मेरे पति की मौत हो गयी है। डीएसपी सह थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि बिजली विभाग के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है, आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### मारपीट के मामले में पूर्व मुखिया गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के गोरडीहा गांव में दो पक्ष में मारपीट के मामले में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसमे गोरडीहा पंचायत के पूर्व मुखिया बिगन यादव को अभियुक्त बनाया गया था। एस आई कुशो कुमार के द्वारा छापेमारी कर गांव से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। डीएसपी सह थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि मारपीट के मामले में एक वृद्ध बुरी तरह घायल हो गया था।जिसे रेफर कर दिया गया था।

### इंटर में बेटियों के लिए बढ़ी सीटें

**पटना ( नि.सं.)।** इंटर में बेटियों के दाखिले के लिए इस बार सीटें बढ़ा दी गई हैं। बिहार बोर्ड की ओर से ओएफएसएस पोर्टल पर कुल साढ़े 17 लाख सीटें जारी की गई हैं। इनमें छात्राओं के लिए नौ लाख सीटें आरक्षित हैं। राज्य भर के तमाम बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालयों के साथ ही कोएड स्कूलों में भी लड़कियों के लिए सीटें होंगी। इस बार मैट्रिक परीक्षा में करीब पांच लाख छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं। इन सभी को अपनी पंचायत के अलावा शहरी क्षेत्र के स्कूल में भी नामांकन का मौका मिलेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जिला जज ने की बीमा कंपनियों के साथ बैठक

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। औरंगाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अशोक राज ने राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बुधवार को सभी इंश्योरेंस कंपनियों के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं के साथ अपने प्रकोष्ठ में एक बैठक की। बैठक में इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्ता रसिक बिहारी सिंह, अरूण तिवारी, उदय कुमार सिंहा, अजय कुमार एवं नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के प्रबंधक ज्ञानेंद्र कुमार मौजूद रहे। बैठक में सभी ने पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत से ज्यादा मामलों का निष्पादन कराने में पूर्ण सहयोग का आश्वसन दिया। इस दौरान जिला जज ने कई जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिला जज ने कहा कि आने वाले 13 जुलाई को व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद एवं अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय, दाउदनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। बीमा से संबंधित सभी मामलों का निस्तारण औरंगाबाद के व्यवहार न्यायालय में ही होगा। इसके लिए अब समय काफी कम रह गया है। अब वादों का निष्पादन कराने हेतु सभी को अधिक तत्परता के साथ कार्य करना होगा तभी राष्ट्रीय लोक अदालत पूर्व की भांति सफल हो पाएगा। इसके लिए उन्होने इंश्योरेंस कंपनियों से संबंधित अधिवक्ताओं से राष्ट्रीय लोक अदालत में सहभागिता तथा सहयोग का अनुरोध किया।

वही डीएलएसए के सचिव सुकूल राम ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत वादों का निस्तारण सुलह के आधार पर कराने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होने आमजनो से अपील किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाए। किसी भी व्यक्ति को अपने सुलहनीय वाद का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में कराना हैं तो वे किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकार में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना आवेदन दे सकते है।

# चार सड़क हादसों में आठ घायल, पांच लोगों की हालत गंभीर, तीन लोग रेफर

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद में मंगलवार की शाम से लेकर देर रात तक अलग-अलग 4 जगहों पर सड़क दुर्घटना में 8 लोग घायल हो गए, जिसमें 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है। पहली घटना देव थाना क्षेत्र के धर्मकाटा की समीप की है। जहां दो बाइक में टक्कर हो गई। जिसमें देव थाना क्षेत्र के कुसी गांव निवासी आंनद पासवान,वरुण कुमार, उपेंद्र पासवान घायल हो गए। घायल उपेंद्र पासवान को औरंगाबाद सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार उपरांत गया मगध मेडिकल रेफर कर दिया गया।

दूसरी घटना औरंगाबाद ओवर ब्रिज के समीप की है। अज्ञात चारपहिया वाहन की चपेट में आ जाने से नगर थाना क्षेत्र सनतहुआ गांव निवासी मनीष कुमार घायल हो गए। मनीष को स्थानीय लोगों ने बेहोशी अवस्था में सदर अस्पताल भर्ती करवाया। इलाज के कुछ देर बाद मनीष होश में आए। मनीष ने बताया कि औरंगाबाद से पैदल घर जा रहे थे की ओवर ब्रिज के समीप अज्ञात बेलोरो गाड़ी ने टक्कर मार दिया, जिसके बाद मुझे कुछ याद नहीं है। तीसरी घटना नगर थाना क्षेत्र के पिपरडिह गांव के समीप की है, जिसमें दो मोटरसाइकिल की आपस में टक्कर हो गई। इस घटना में मुफस्सिल थाना क्षेत्र दगपा गांव निवासी भोला सिंह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए। जिन्हें स्थानीय राहगीरों द्वारा औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल रेफर कर दिया गया लेकिन परिजन वाराणसी ट्रामा सेंटर इलाज के लिए लेकर गए। घटना की जानकारी मिलते ही रात्रि में नगर थाना के एस आई सच्चितानंद राय दल बल के साथ सदर अस्पताल आए और घटना की जानकारी लिया। भोला सिंह की स्थिति काफी गंभीर है। चौथी सड़क दुर्घटना में अंबा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी दशरथ पाल,शंकर साव, जितेंद्र साव घायल हो गए। घायल के परिजनों ने बताया की तीनों टेम्पु के माध्यम से औरंगाबाद से अपने गांव जा रहे थे की औरंगाबाद की कुछ दुरी पर ही सामने से आ रही ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे तीनों घायल हो गए।

# डीएम ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय का किया औचक निरीक्षण, विद्यालय की स्थिति पर जताई नराजगी

- विद्यालयों में शिक्षकों के द्वारा पठन-पाठन के कार्य में रुचि नहीं दिखाई दी

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। बुधवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय रावल बिगहा एवं करमा, प्रखंड, देव का औचक निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण के दौरान बच्चों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण क्रम में मध्याह्न भोजन, कक्षावार बच्चों की उपस्थिति पंजिका व निरीक्षण में बच्चों की उपस्थिति पंजिका के अनुसार मिलान किया गया जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय रावल बिगहा में कक्षा 1 से 8 तक कुल नामांकन 109 के विरुद्ध 71, कक्षा 8 में 213 नामांकन के विरुद्ध 109 तथा कक्षा 10 में 27 नामांकन के विरुद्ध 18 छात्रों की उपस्थित पाए गए। कक्षा 01 से 08 की नामांकन संख्या एवं उपस्थित पर जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। कक्षा 05 में वर्ग निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं को औसत जानकारी कम पाई गई। जिससे प्रतीत हुआ कि शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा पठन-पाठन का कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है। विद्यालय में 3 शौचालय में 02 शौचालय में ताला बंद पाया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमा में निरीक्षण का दौरान पाया गया कि विद्यालय में मात्र एक ही शौचालय ही थे जहां साफ सफाई का अभाव दिखा। इसके अतिरिक्त वर्ग कक्षा 1 से 3 के बच्चे टी.एल. एम किट के साथ नहीं पाए गए। उन सभी के पास पाठ्यपुस्तक एवं डायरी भी विद्यालय में नहीं था इस हेतु छात्रों को प्रेरित करने का जिला अधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया। डीएम के निरीक्षण के दौरान दोनों विद्यालयों में कमियां पाई गई. विद्यालयों में पाई जाने वाली कमियों पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने दोनों विद्यालय के प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा। इसके अतिरिक्त दोनों विद्यालयों में शिक्षक को विद्यालय परिसर की साफ सफाई, रोशनी की पर्याप्त सुविधा के साथ साथ विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक माहौल बनाने का निर्देश दिया। डीएम क्लास रूम में भी पहुंचे। यहां शिक्षकों द्वारा पढ़ाए जा रहे गतिविधि को देखा। जिलाधिकारी ने विद्यालय की सभी संचिकाओं का गहन निरीक्षण करते हुए शिक्षकों की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षण कार्य के साथ साथ आधारभूत संरचना और अन्य सुविधा की उपलब्धता को भी परखा। प्रधानाध्यापक को शिक्षण कार्य सहित नियमित रूप से विद्यालय परिसर की साफ सफाई,पर्याप्त रोशनी हेतु बिजली बल्ब, पंखा मरम्मती, बेंच डेस्क उपलब्धता, नियमित वर्ग संचालन जारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय में पठन- पाठन और कार्यालय कार्य में सभी कर्मियों को तत्पर रहने को कहा। निरीक्षण के समय शिक्षा विभाग के अधिकारी के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

# लापरवाही से वाहन चलाने पर चालक को कोर्ट ने सुनाई सज़ा



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शोभित सौरव की अदालत ने बुधवार को मदनपुर थाना कांड संख्या 226/19, जीआर 1936/19 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त कंटेनर चालक मुकेश कुमार यादव बरगुनिया, कटोरियां औरंगाबाद को सज़ा सुनाई है। अनुमंडलीय अभियोजन पदाधिकारी विकास कुमार एवं सहायक अभियोजन पदाधिकारी निधि अवस्थी ने बताया कि अभियुक्त द्वारा लापरवाही से गाड़ी चलाने से किसी की जान भी जा सकती थी। अभियुक्त चालाक ने 21 अक्टूबर 2019 को रानीकुआ पुल के पास सरकारी पुलिस जीप को पीछे से धक्का मारा था, जिससे जीप हवा में उछल गई थी और जीप पर सवार थानाध्यक्ष मदनपुर पंकज कुमार सैनी, सिपाही नारद प्रसाद, नवीन कुमार, संजीत कुमार राम, मोहन पासवान, चालक विपिन कुमार घायल हो गए थे। मामले में बचाव पक्ष ने परिवीक्षा का लाभ देने का आग्रह किया था। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात न्यायधीश ने कहा कि बड़ी गाड़ी चलाना बड़ी जिम्मेदारी होती है और हाइवे पर लापरवाही क्षमा योग्य नहीं है। अभियुक्त मुकेश कुमार यादव को भादंवि धारा 279 में तीन माह के साधारण कारावास और एक हजार जुर्माना लगाया है और धारा -337 में तीन माह की सजा और पांच सौ जुर्माना लगाया है। दोनों सजाएं साथ साथ चलेगी।

## अपहरण कर हत्या के मामले में कोर्ट ने दिया तीन को दोषी करार

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में एडीजे-3 सुनील कुमार सिंह की अदालत ने बुधवार को रिसियप थाना कांड संख्या -28/20 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को घटना में दोषी ठहराया है। एपीपी चन्द्र शेखर सिंह देव ने बताया कि अभियुक्त सोनु कुमार कुटुम्बा, शत्रुध्न पांडे बोधगया, भुपेश कुमार सिंह सडसा को अपहरण कर हत्या के अपराध में दोषी करार दिया गया है। अभियुक्त तीनों काराधीन है। इनका जमानत पटना हाईकोर्ट से भी नहीं हुई है। सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई के तिथि 12 जुलाई निर्धारित किया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक शीला देवी सडसा ने अज्ञात पर 15 दिसंबर 2020 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि राजीव रंजन सिंह उम्र 22 वर्ष का अपहरण हो गया है। अनुसंधान के क्रम में तीनों अभियुक्तों का नाम आया तो तीनों अभियुक्तों पर आरोप पत्र न्यायालय में 24 मार्च 2021 को समर्पित किया गया। एपीपी कुमार चंद्रशेखर सिंह देव ने बताया कि अभियुक्त भुपेश कुमार सिंह के स्वीकृति बयान पर डुगडुगीया पहाड़ दरिगांव सासाराम से घटना के दस दिन बाद लाश बरामद किया गया था। राजीव रंजन सिंह को पत्थर से कुचल कर हत्या किया गया था। इस घटना में छः अभियुक्त शामिल थे जिनमें तीन फरार चल रहे हैं उनके विरुद्ध अनुसंधान जारी है। बाकी तीनों को आज घटना का दोषी पाया गया है। इस वाद में डाक्टर, आईओ सहित 10 की गवाही हुई थी।

# मुखिया के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

- अधिवक्ता ने बताया कि मुखिया एवं परिजनों द्वारा आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप हैं।

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। पटना उच्च न्यायालय ने गड़बडी के आरोप में औरंगाबाद के कुटुम्बा प्रखंड के परता पंचायत के मुखिया श्याम बिहारी राय के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर गैरकानूनी तरीके से अर्जित चल-अचल संपत्ति की जांच कराने का आदेश दिया है। अधिवक्ता जितेंद्र कुमार सागर ने बताया कि मुखिया एवं परिजनों द्वारा आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने को लेकर परता के सामाजिक कार्यकर्ता आलोक कुमार ने पटना उच्च न्यायालय में सिविल रिट ज्यूरिसडिक्शन पेटिशन संख्या-6922/24 दायर किया था। दायर वाद में सामाजिक कार्यकर्ता ने बिहार के मुख्य सचिव, प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक, आर्थिक अपराध इकाई के पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, निगरानी विभाग के पुलिस अधीक्षक एवं परता पंचायत के मुखिया श्याम बिहारी राय को को पक्षकार बनाते हुए मुखिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसके करतूतों की जांच कराने की मांग की थी। इसी मामले में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मोहित कुमार शाह की पीठ ने सुनवाई करते हुए औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक को मुखिया एवं अन्य संलिप्त लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने मुखिया एवं परिजनों द्वारा गैर कानूनी तरीके से जान बूझकर अर्जित की गई चल-अचल संपत्ति की किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने का भी आदेश दिया है।

## अग्निशमन विभाग की टीम ने की फ्रेजर रोड में मॉक ड्रिल

पटना(नि.सं.)। गांधी मैदान थाना इलाके के फ्रेजर रोड में बुधवार की दोपहर अग्निशमन विभाग ने मॉक ड्रिल की। मॉक ड्रिल में शामिल अग्निशमन विभाग टीम के अधिकारियों-कर्मचारियों ने आठ मंजिला भवन पर राहत और बचाव कार्य चलाने के साथ ही सिलेंडर में आग लगने के दौरान उससे बचाव को लेकर तैयारियों को परखा।

गौरतलब है कि शहर में बहुमंजिला इमारतों में आग लगने घटनाएं आये दिन हो रही हैं, जिसमें अग्निशमन विभाग की टीम को आग बुझाने के लिए काफी परिश्रम करना पड़ता है। इसको देखते हुए अग्निशमन विभाग की टीम लगातार मॉक ड्रिल करने के साथ ही लोगों को आग से बचाव करने का प्रशिक्षण दे रही है।

# शादी समारोह में जा रहे वृद्ध को ऑटो ने रौंदा, मौके पर मौत

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। अनियंत्रित ऑटो ने एक 65 वर्षीय वृद्ध को रौंद दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना एनएच-139 पर औरंगाबाद मुफस्सिल थाना क्षेत्र में भैरोपुर गांव के पास की हैं। मृतक की पहचान औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के भलुआरा गांव निवासी इंद्रदेव यादव के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार इंद्रदेव यादव बुधवार को दोपहर बाद एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकले थे। इस दौरान जैसे वह एनएच पर पहुंचे, वैसे ही तेज गति से आ रहे अनियंत्रित ऑटो ने रौंद डाला, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ऑटो चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। वही हादसे के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए।आक्रोशितों ने मौके पर ही एनएच-139 को जाम कर दिया। सड़क जाम कर आक्रोशित मुआवजा की मांग करने लगे। सड़क हादसे और विरोध में जाम की सूचना मिलते ही औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया और सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम कराने औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया। वही पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के परिजनों ने बताया कि इंद्रदेव यादव बुधवार को दोपहर बाद गंगटी गांव में एक रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकले थे। ऑटो पकड़ने के लिए वें पैदल ही जा रहे थे। इसी दौरान सड़क पार करते वक्त अनियंत्रित ऑटो उन्हे रौंद कर फरार हो गया, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। औरंगाबाद मुफ्फसिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। वही हादसे में वृद्ध की मौत के बाद परिजनों एवं आसपास के लोगों में शोक व्याप्त है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा है।

## मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा, स्थानीय लोगों में गहराया आक्रोश

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि. सं.)**। रफीगंज के काली स्थान स्थित काली मंदिर का जमीन पर अवैध ढंग से कब्जा किये जाने का मामला प्रकाश मे आया है। इस मामले मे स्थानीय लोगो काफी आक्रोश जताया है। शंकर साव का अनुमंडलदण्डाधिकारीऔरंगाबादकेपास वाद संख्या 1335/2024 दर्ज है।मौजा अब्दुलपुर खाता नं 76 प्लोट नं-349, 344, 345, 346, 347 में रकवा 92 डीसमील का मामला है। जिसमें बताया कि 1916 में ही काली मंदिर में 92 डीस मील जमीन दान मे दिया गया है जिसमें 3 डिसमील में मंदिर बना हुआ है और 89 डीस मील खाली है। जिसमें अवैध ढंग से कब्जा किया जा रहा है। वादी द्वारा दिये गये आवेदन के आलोक में न्यायालय अनुमंडल दण्डाधिकारी औरंगाबाद ने 24-6-24 को उपरोक्त जमीन पर तत्काल धारा 144 के तहत कार्रवाई करने का आदेश दिया गया।

# साहित्यिक संस्था द्वारा डॉ. सुधीर कुमार मिश्र को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता




औरंगाबाद। बुधवार को जिला मुख्यालय औरंगाबाद के पृथ्वीराज चौक, ब्लॉक मोड़ के समीप अवस्थित पृथ्वीराज स्मृति स्थल के प्रांगण में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद, समकालीन जवाबदेही परिवार एवं बतकही परिवार के संयुक्त तत्वावधान में सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के वर्तमान प्राचार्य प्रो (डॉ) सुधीर कुमार मिश्र जी को सम्मानित किया गया। पिछले दिनों जून माह में भूटान सरकार द्वारा बेस्ट एजुकेशनिस्ट एवं प्रिंसिपल अवार्ड 2024 से प्राचार्य महोदय को सम्मानित किया गया था। सम्मान समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा,महामंत्री धनंजय जयपुरी, सिंहा कॉलेज के राजेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ संजीव रंजन सहित अन्य लोगों ने किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने किया। जबकि संचालन डॉ संजीव रंजन द्वारा किया गया। पृथ्वीराज चौहान के प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। प्राचार्य महोदय को अंग वस्त्र पुष्पगुच्छ प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह औरंगाबाद जिले के गौरव की बात है यहां के प्राचार्य महोदय को सम्मानित किया गया है। मौके पर डा सी एस पांडेय,ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह, ट्रस्ट के वरीय सदस्य प्रो विजय कुमार सिंह,रामप्रवेश सिंह,राम भजन सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह,सक्रिय सदस्य मनोज कुमार सिंह,डॉ रामाधार सिंह, सिद्धेश्वर विद्यार्थी,लालदेव प्रसाद, वैजनाथ सिंह, रामकिशोर सिंह, बतकही के संयोजक पुरुषोत्तम पाठक सुमन अग्रवाल विनय मामूली बुद्धि, सत्यचंडी धाम के राजेंद्र सिंह, सिंहेश सिंह, मूरलीधर पांडेय, हिमांशु चक्रपाणि, सुरेंद्र सिंह मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य उपस्थित थे।

## शहरी सड़कों की स्थिति का फिर से शुरू हुआ आकलन

**पटना( नि.सं. )**। शहर की सड़कों की क्या स्थिति है? इसका आकलन फिर से अभियंताओं की टीम ने शुरू कर दी है। आकलन के बाद सड़कों की सूची तीन स्तर पर तैयार की जाएगी। बुधवार से काम शुरू भी हो गया। सोमवार को सूची नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव को सौंपी जाएगी। अधिकारियों ने जांच में पाया है कि शहर की 20 प्रतिशत सड़कें जर्जर हो गई हैं, इसमें सबसे अधिक शहर के दक्षिणी इलाके की सड़कें शामिल हैं। सड़क की स्थिति की जांच नगर निगम और बुडको के अभियंताओं की ओर से की जा रही है। लगभग 50 अभियंताओं की टीम सर्वे में लगी हुई है, इसमें बुडको के चार परियोजना निदेशक भी शामिल किए गए हैं। जांच कार्य करने वाले एक परियोजना निदेशक ने बताया कि बुधवार को नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया गया कि तीन स्तर पर सूची तैयार होनी है।

# डीएम की अध्यक्षता में तकनीकी विभागों द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक

- 37 जिलों में 529 परीक्षा केंद्र निर्धारित
- 01, 07 और 15 अक्टूबर को लिखित परीक्षा

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री के अध्यक्षता में तकनीकी विभागों द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की आहूत समीक्षात्मक बैठक में सभी कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद एवं दाउदनगर को पथों के नियमानुसार नियमित मरम्मति करने हेतु निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, आपूर्ति एवं संरचन को जिले की विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए विशेष रूप से निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग के द्वारा कार्यान्वित योजनाओं के गति में तीव्रता लाने हेतु कार्यपालक अभियंता, सर्वशिक्षा अभियान को निरंतर क्षेत्र में भ्रमण कर प्रत्येक विद्य्यालय के कार्यों का अनुश्रवण करने हेतु निदेश दिया गया। इसके साथ ही विभिन्न कार्यकारी एजेसियों यथा- कार्यपालक अभियंता,स्था० क्षेत्र अभि० संगठन, कार्य प्रमंडल / कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल /कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल/ कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, / कार्यपालक अभियंता,प्रमंडल/ कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ/ प्रबंधिक,बीएमएसआईसीएल गया/ औरंगाबाद के माध्यम से कार्यान्वित योजनाओं को नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य निर्धारित समय अवधि के भीतर पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। उक्त बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान / कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्यप्रमंडल ,सहायक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल, कार्यपालक आभियंता सर्व शिक्षा अभियान, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, औरंगाबाद एवं दाउदनगर , कार्य० अभियंता, भवनप्रमंडल औरंगाबाद,सहायक अभियंता भवन निर्माण निगम, गया, कार्य0 अभियंता, नगरविकास प्रमंडल , कार्य० अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल औरंगाबाद, सहायक अभियंता,राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद , कार्य0 अभियंता, सोन उच्च स्तरीय नहर प्रमंडल,औरंगाबाद ,सहायक अभियंता उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, औरंगाबाद एवं नबीनगर, सहायक अभियंता विधुत भवन प्रमंडल, गया, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति एवं संचरण,औरंगाबाद, कार्यपालक अभियंता सिंचाई प्रमंडल दाउदनगर , प्रबंधक परियोजना बिहार राज्य स्वास्थ्य एवं आधारभूत संरचना नि० लि० गया।

# नारायण इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी के छात्रों को देश की नामी कम्पनी में फारमासिस्ट के पद पर प्लेसमेंट

निज संवाददाता

**जमुहार (रोहतास)**। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के अंतर्गत संचालित नारायण इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी के दो छात्रों को देश की नामी कम्पनी में फारमासिस्ट के पद पर चयन किया गया है।संस्थान द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नारायण इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी के बी फार्मा के फाइनल सत्र के छात्रों सद्भव रस्तोगी एवं राहुल कुमार का प्लेशमेंट विश्वविद्यालय के प्लेशमेंट सेल के माध्यम से जिलोब फार्मेसी दिल्ली के लिए फारमासिस्ट के पद पर किया गया है। फार्मेसी के छात्रों की उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह, कुलपति डॉ महेंद्र कुमार सिंह, प्रतिकुलपति प्रोफेसर जगदीश सिंह ,फार्मेसी कॉलेज के डीन डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार फार्मेसी के सभी शिक्षकों एवं कर्मियों ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है एवं उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की है।

# वज्रपात से 11 लोगों की मौत, रोहतास में तीन, सीवान में दो की गई जान

निज संवाददाता

**पटना**। राज्य में बुधवार को बारिश के दौरान ठनका गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में कोसी और पूर्वी बिहार के पांच, कैमूर के एक, रोहतास के तीन और सीवान के दो लोग शामिल हैं। सीवान के ओदाकपुर गांव में पांच वर्षीया बच्ची मौत हो गई। वह नाना के घर के पास बगीचे में आम चुनने गई थी। वहीं, निखती कला गांव में धान की रोपनी कर रहे पश्चिम बंगाल के मालदा के मजदूर की मौत हो गई। कैमूर में एक महिला व एक किशोरी झुलस गईं। पीड़ितों में अमरपुर गांव निवासी रविदा देवी व कुदरा के कानडिहरा गांव निवासी खुशबू कुमारी शामिल हैं। वहीं, मोहनियां में एक की जान चली गई। रोहतास के दिनारा व नोखा में दो लोगों की मौत हो गई। नोखा के भवरह गांव में ट्रैक्टर से खेत की जोताई कराने गए किसान 55 वर्षीय किसान रामप्रवेश सिंह जामुन के पेड़ के नीचे छुपे थे। इसी दौरान पेड़ पर ठनका गिर गया। जिससे उनकी मौत मौके पर ही हो गई। नटवार के करौंदी गांव में युवती की मौत हो गई। वहीं, काराकाट के संझौली मठिया गांव में किसान की मौत हो गई। लखीसराय जिले के टाउन थाना क्षेत्र के संतर मुहल्ला वार्ड संख्या 13 में किराए पर रह रहे बेगूसराय जिले के छोटी बलिया लक्ष्मीनिया गांव निवासी ललन साह का 25 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार की ठनका की चपेट में आने से मौत हो गई। कजरा थाना क्षेत्र के बसुहार गांव निवासी दुखो यादव की 35 वर्षीय पत्नी रूबी देवी उरैन रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद अपने घर बसुहार जा रही थी। इसी दौरान कच्ची सड़क के समीप ठनका की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। उधर, सुपौल के राघोपुर थाना क्षेत्र के धर्मपट्टी वार्ड एक में एक किसान की ठनका की चपेट में आने से मौत हो गई। मुंगेर के असरगंज थाना क्षेत्र के लगमा गांव में वज्रपात से एक महिला की मौत हो गई। बांका जिले के अमरपुर में सलेमपुर पूरनचक निवासी जनार्दन मंडल की ठनका से मौत हो गई।